सूर्योदय 6:18 सूर्यास्त 5:59

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.8 न्यू | 15.2 अधि |
| धर्मशाला | 14.8 न्यू | 19.0 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,926.75 |
| निफ्टी | 25,108.30 |

सोना 1,20,900 चांदी 1,47,800

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 8 अक्तूबर 2025 | 23 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 281, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702







## न्यूज शॉर्ट्स

### सोना फिर हुआ महंगा 1.20 लाख के पार पहुंचा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग और सटोरियों की ताजा खरीदारी के चलते मंगलवार को वायदा बाजार में सोना रिकॉर्ड स्तर 1,20,900 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी प्रशासन में अस्थिरता, फेडरल रिजर्व की संभावित दर कटौती और वैश्विक तनाव के चलते निवेशक सोने को सुरक्षित विकल्प मान रहे हैं। एमसीएक्स पर दिसंबर डिलीवरी वाला सोना 651 रुपए की बढ़त के साथ नए उच्चतम स्तर पर रहा। चांदी भी उछलकर 1,47,800 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप का टैरिफ पंच: विदेशी ट्रकों पर 25% शुल्क लागू

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विदेशी ट्रकों पर 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। यह नया शुल्क एक नवंबर 2025 से लागू होगा और अमेरिका में आयात होने वाले सभी मध्यम और भारी ट्रकों पर प्रभावी होगा। ट्रंप ने इसे अमेरिकी विनिर्माण को संरक्षित करने और विदेशी आयात पर निर्भरता घटाने की दिशा में अहम कदम बताया है। इस फैसले से अमेरिका की ट्रेड पॉलिसी एक बार फिर सख्त होती दिखाई दे रही है। (अनंत ज्ञान)

### शिल्पा शेट्टी से 60 करोड़ की ठगी मामले में पूछताछ

**एजेंसी, मुंबई।** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और



उनके पति राज कुंद्रा पिछले काफी वक्त से कथित 60 करोड़ रुपए की ठगी मामले को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अब मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने अभिनेत्री से पूछताछ की है। सूत्रों के अनुसार, ईओडब्ल्यू ने शिल्पा से करीब 4 घंटे 30 मिनट तक पूछताछ की है। इस मामले में अभी तक शिल्पा के पति राज समेत कुल 5 लोगों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- दियोटसिद्ध मंदिर में चढ़ावे की काउंटिंग में गड़बड़ी पेज 2
- सांबा गांव के लोग पानी और सड़क की समस्या से परेशान -पेज 4
- बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त सड़कें बंद होने का मंडराया खतरा -पेज 9
- देवधुनों से सराबोर हुई अठारह करडू की सौह -पेज 11
- नाहन के प्रवेश द्वार पर श्री वाल्मीकि चौक बनने से वर्षों पुरानी मांग पूरी -पेज 12


# बरठीं में पहाड़ी के नीचे दबी निजी बस, 15 यात्रियों की मौत

## देर रात रेस्क्यू ऑपरेशन में दो बच्चियां जेसीबी से जीवित निकालीं

अरुण डोगरा/मदन गोपाल, अनंत ज्ञान टीम

**बिलासपुर/ बरठीं।** बिलासपुर जिले के बरठीं क्षेत्र में मलारी गांव के पास भल्लू पुल के निकट एक भयानक हादसा हुआ, जहां एक निजी संतोषी बस पहाड़ी के नीचे दब गई। बस पिछड़े क्षेत्र कोटधार के मरोतन से घुमारवीं जा रही थी कि भारी बारिश के कारण अचानक पूरी पहाड़ी बस के ऊपर आ गिरी।

इस दुर्घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद हो गया था और मौके पर पहुंचकर राहत कार्य आरंभ कर दिए थे। बताया जा रहा है कि रात आठ बजे तक बचाव दल ने 15 शव निकाल लिए थे, जबकि दो बच्चियां भी जीवित बाहर निकाली गई हैं। प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीम युद्ध स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हुई है और फंसे हुए यात्रियों को बाहर निकालने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त राहुल कुमार तथा एसपी संदीप धवल के नेतृत्व में राहत व बचाव कार्य जारी रहे। जेसीबी मशीन से मलबे को हटाकर शवों को निकाला जा रहा है। बताया जा रहा है कि बस में करीब 35 सवारियां थीं।






बरठीं के मलारी गांव में पहाड़ी के नीचे दबने से दुर्घटनाग्रस्त हुई निजी बस तथा (दाएं) रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी जेसीबी।

### सीएम ने जताया गहरा शोक, डिप्टी सीएम घटनास्थल पर पहुंचे

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। वह कुल्लू दशहरे के समापन समारोह में भाग लेने के लिए जा रहे थे। वहीं, झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल भी मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने भी राहत कार्यों का जायजा लिया और इस घटना पर दुख प्रकट किया। इस बीच, मुख्यमंत्री ने भी इस बस दुर्घटना पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# सीएम सुक्खू बोले–इसी माह होगा संगठन का विस्तार

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल की ठंडी हवा एक बार फिर राजनीति की गर्माहट से सराबोर है। राजधानी शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के लौटते ही कांग्रेस संगठन के पुनर्गठन की चर्चाएं तेज हो गई हैं। वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण से पहले का यह सियासी मौसम किसी नाटकीय मोड़ की प्रतीक्षा में दिख रहा है, जहां विरासत, नेतृत्व और सत्ता की नई दिशा तय होगी।

**वीरभद्र की प्रतिमा के अनावरण के बाद होगी ताजपोशी, रोहित ठाकुर, कुलदीप और विनय रेस में आगे**



मुख्यमंत्री सुक्खू ने मंगलवार को शिमला में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत करते हुए कहा कि इस महीने के अंत तक कांग्रेस संगठन के विस्तार की पूरी संभावना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 13 अक्तूबर को पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम है और इसी के बाद पार्टी अध्यक्ष की ताजपोशी की राह खुलेगी। दिल्ली दौरे से लौटने के बाद सीएम सुक्खू ने यह भी बताया कि सोनिया गांधी के कार्यक्रम को लेकर अभी कोई औपचारिक सूचना नहीं आई है। सीएम ने रविवार को दिल्ली में कांग्रेस नेतृत्व से मुलाकात की थी, जिसके बाद प्रदेश की सियासत में हलचल और तेज हो गई। कांग्रेस के नए अध्यक्ष को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। माना जा रहा है कि नया अध्यक्ष किसी मंत्री या विधायक में से होगा और शिमला संसदीय क्षेत्र से उसका चयन संभावित है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर सबसे आगे बताए जा रहे हैं, जबकि विधायक कुलदीप राठौर, विनय कुमार, संजय अवस्थी और विनोद सुल्तानपुरी भी चर्चा में हैं।

हमीरपुर क्षेत्र से सीएम सुक्खू के करीबी विधायक सुरेश कुमार और कांगड़ा से आशीष बुटेल व संजय रत्न के नाम भी उभर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री ने संजय अवस्थी, विनोद सुल्तानपुरी और सुरेश कुमार को हाईकमान के समक्ष आगे बढ़ाया है, हालांकि, दूसरे गुटों से इन नामों का विरोध भी सामने आया है।

### 11 महीने से ठहरे हुए संगठन में गुटबाजी बनी बड़ी बाधा

**राज्य** में सत्ता संभाले 11 महीने बीत चुके हैं, लेकिन पार्टी संगठन अब तक अधूरा है। केवल प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ही इस समय पद पर हैं, जिनके स्थान परिवर्तन की चर्चाएं महीनों से चल रही हैं। संगठन की निष्क्रियता पर मंत्री चंद्र कुमार और पूर्व अध्यक्ष विप्लव ठाकुर जैसे वरिष्ठ नेता भी तीखे बयान दे चुके हैं, मगर दिल्ली दरबार अब तक मौन है। अब माना जा रहा है कि कांग्रेस ने नया अध्यक्ष लगभग तय कर लिया है। वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण के बाद ही इसकी औपचारिक घोषणा की जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश, जिला और ब्लॉक कार्यकारिणियों के गठन की प्रक्रिया भी आरंभ होगी।

# फोरेंसिक लैब की मशीनें खराब फिर कैसे मिलेगा इंसाफ?

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**हमीरपुर।** सूबे में फोरेंसिक लैब की व्यवस्था मजबूत नहीं हो पा रही है। समय के हिसाब से जो सुधार होने चाहिए थे, उनकी अच्छी खासी कमी इस विभाग में लग रही है। न्याय व्यवस्था फोरेंसिक लैब की रिपोर्ट्स के आधार पर ही निर्भर करती है, लेकिन यदि जांच रिपोर्ट्स तैयार करने में देरी होती रहेगी, तो फिर न्याय की जल्दी उम्मीद कैसे हो पाएगी? फोरेंसिक विभाग में मौजूदा हालात का जायजा लिया जाए तो स्थिति कुछ ऐसी ही नजर आ रही है। इस विभाग में जांचने वाली मशीनें यदि महीनों तक खराब रहेंगी, तो फिर हालात कैसे सुधरेंगे, जवाबदेही किसकी बनेगी? मसला इस विभाग के जुन्गा, धर्मशाला और मंडी स्थित फोरेंसिक लैब्स को लेकर है।

प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से यहां पुलिस विभाग द्वारा अलग-अलग घटनाओं के सैंपल जांचने के लिए यहां जब भेजे जाते हैं, तो उनमें कई जगह देरी हो रही है। कारण साफ है कि इस विभाग की भीतरी व्यवस्था में अब सुधार की जरूरत है।

**स्टाफ की भारी कमी से जांच रिपोर्ट आने में होती है देरी**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

वहीं, मंडी में पहले तो एक साथ दो मशीनें खराब रहीं, लेकिन करीब 7 महीनों के बाद एक मशीन ठीक हो गई, मगर ब्लड के सैंपलों के जरिए चिट्टे का पता लगाने वाली दूसरी मशीन 7 महीनों के बाद भी ठीक नहीं हो पाएगी, तो फिर व्यवस्था चलाने वाले आखिर कर क्या रहे हैं? सवाल तो पूछा ही जाएगा। एनडीपीएस का एक डिविजन अलग से कहीं खोलना चाहिए, मिनी एफएसएल हमीरपुर में खोले जाने को लेकर कई बरसों से चर्चा हो रही है, लेकिन इसे अमलीजामा कोई नहीं पहना रहा। यदि ऐसा होता है तो जांच प्रक्रिया में तेजी आएगी अभी असिस्टेंट डायरेक्टर के दो पद खाली चल रहे हैं। तीन पद लैबोरेट्री अस्सिटेंट के भी खाली हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि विभाग के भीतर कई जगह सब अच्छा की स्थिति नहीं चल रही। कुछ कर्मचारियों को इधर-उधर भी अटैच किया गया है। हमीरपुर के एसपी भगत सिंह ठाकुर भी मानते हैं कि कुछ ऐसे मामले हैं जो जांचने के लिए फोरेंसिक लैब भेजे गए थे मगर उनमें काफी देरी हो रही है इसमें तेजी आनी चाहिए।

### क्या कहती हैं फोरेंसिक डिपार्टमेंट की हेड मीनाक्षी

**इधर** फोरेंसिक डिपार्टमेंट की हेड, डायरेक्टर मीनाक्षी महाजन का कहना है कि मंडी की एक मशीन तो ठीक हो गई है, दूसरी मशीन खराब है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि यहां जांच नहीं हो रही। काम तो चल ही रहा है। दूसरी विधि से भी जांच हो रही है। इस मशीन को ठीक करवाने के लिए बजट की मांग की गई है। उम्मीद यही है कि जल्दी ही इस पर मोहर लगेगी और यह मशीन भी ठीक हो जाएगी।

# रेलवे विस्तार को मोदी कैबिनेट की हरी झंडी

**एजेंसी, भोपाल/रायपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने भारतीय रेलवे नेटवर्क विस्तार के तहत चार मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। 24,634 करोड़ रुपए की लागत से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत 18 जिलों में 894 किमी नेटवर्क जोड़ा जाएगा, जिससे 85.84 लाख लोग लाभान्वित होंगे।

इटारसी-भोपाल-बीना, वडोदरा-रतलाम, गोंदिया-डोंगरगढ़ और वर्धा-भुसावल सेक्शन शामिल हैं। परियोजनाएं 3,633 गांवों को जोड़ेंगी और कोयला, सीमेंट, स्टील व कंटेनर परिवहन की क्षमता 78 मिलियन टन बढ़ेगी। यह कदम पीएम गति शक्ति योजना के तहत क्षेत्रीय विकास, पर्यटन, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देगा। अनुमान है कि इससे सालाना 28 करोड़ लीटर तेल की बचत और 139 करोड़ किलोग्राम $CO_2$ उत्सर्जन में कमी आएगी। (अनंत ज्ञान)

# ड्राइंग मास्टर को सस्पेंड करने पर घिरा शिक्षा विभाग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल के शिक्षा विभाग की भाषा की वर्तनी के कारण खूब किरकिरी हो रही है। कुछ दिन पहले, सिरमौर जिला के रोनहाट स्कूल के ड्राइंग मास्टर (डीएम) ने चेक में हंड्रेड, सेवन जैसे शब्दों की स्पेलिंग गलत लिखी। इसके बाद, डिप्टी डायरेक्टर नाहन सिरमौर ने चेक पर गलत स्पेलिंग लिखने वाले डीएम को सस्पेंड किया।

अब, इस सस्पेंशन के ऑर्डर में भी एजुकेशन, सिरमौर, डिस्ट्रिक्ट, प्रिंसिपल, हेडक्वार्टर जैसे शब्दों की स्पेलिंग गलत लिखी गई है। इसे लेकर सोशल मीडिया यूजर सवाल खड़े कर रहे हैं। देव आशीष भट्टाचार्य नाम के सोशल मीडिया यूजर ने लिखा कि मैं इस घटना से

**गलत स्पेलिंग लिखने पर हुई कार्रवाई**

**डिप्टी-डायरेक्टर के ऑर्डर में भी गलतियों की भरमार**

बहुत स्तब्ध हूं। मेरे विचार से यह घटना हमारी शिक्षकों के चयन की खराब प्रणाली और बिगड़ती शिक्षा व्यवस्था का प्रतिबिंब है। ड्राइंग मास्टर के खिलाफ की गई कार्रवाई उतनी ही हास्यास्पद है जितनी कि उनकी अंग्रेजी लेखन कौशल, उन्होंने आगे लिखा कि डीएम को सीसीई नियम का हवाला देते हुए सस्पेंड कर दिया, लेकिन सस्पेंशन के गलत ऑर्डर लिखने वाले डिप्टी डायरेक्टर को कौन सस्पेंड करेगा। उन्होंने गलत स्पेलिंग लिखे चेक पर साइन करने वाले प्रिंसिपल को भी सस्पेंड नहीं करने पर सवाल उठाए।

इसके अलावा सोशल मीडिया कई यूजर ने भी डीएम पर कार्रवाई के ऑर्डर में गलतियों को लेकर जिले के मुखिया को भी सस्पेंड करने की मांग की है। इससे पहले, सोशल मीडिया में रोनहाट स्कूल का एक चेक वायरल हुआ। यह मामला 25 सितंबर 2025 का है। चेक डीएम अत्तर सिंह ने काटा और इस पर साइन स्कूल प्रिंसिपल ने किए। 7,616 रुपए का यह चेक मिड-डे मील वर्कर अत्तर सिंह के नाम काटा गया। चेक में 'थाउजैंड' की जगह 'थर्सडे' लिखा गया। 'हंड्रड' व 'सेवन' की स्पेलिंग भी गलत लिखी गई। आखिर में 'सिक्सटीन' की जगह 'सिक्सटी' लिखा गया।

### सीएम सुक्खू का नाम भी लिखा गलत

**इससे** पहले, बीते 8 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर शिक्षा विभाग ने कार्यक्रम के लिए कार्ड छपवाए। जिसमें सुक्खू की जगह सुख्खू लिख दिया गया। उस दौरान भी शिक्षा विभाग की खूब किरकिरी हुई। मगर पहले कार्रवाई एक ही मामले में हुई है, लेकिन इन्विटेशन कार्ड और गलत ऑर्डर लिखने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस पर सोशल मीडिया यूजर सवाल उठा रहे हैं।

### डायरेक्टर के आदेशों पर सस्पेंड

**एजुकेशन** डायरेक्टर आशीष कोहली ने डिप्टी डायरेक्टर सिरमौर को ड्राइंग मास्टर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के आदेश दिए। डिप्टी डायरेक्टर ने भी डीएम को सस्पेंड कर दिया। मगर सस्पेंशन के इन ऑर्डर में कई गलतियों के बाद डिप्टी डायरेक्टर की भी किरकिरी हो रही है।

# यूएन में भारत बोला–पाकिस्तान अपने लोगों पर बम है गिराता

एजेंसी, वॉशिंगटन

भारत ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में कश्मीर को लेकर झूठे प्रचार करने पर पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की। ओपन डिबेट के दौरान संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भारत के राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है, जो अपने ही लोगों पर बम गिराता है और नरसंहार करता है।



हरीश ने कहा कि जो अपने लोगों पर बम गिराए और 4 लाख महिलाओं के साथ रेप जैसा अमानवीय अपराध करे, उसे दूसरों को सिखाने का कोई अधिकार नहीं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दुनिया का ध्यान भटकाने और गुमराह करने के लिए झूठ और बढ़ा-चढ़ाकर बातें करता है। उन्होंने यह बयान उस समय दिया, जब एक पाकिस्तानी अधिकारी ने आरोप लगाया कि कश्मीरी महिलाएं दशकों से यौन हिंसा झेल रही हैं। वहीं, भारत ने एक बार फिर दोहराया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। हरीश ने कहा, पाकिस्तान वही देश है, जिसने 1971 में ऑपरेशन सर्चलाइट चलाया था और अपनी सेना को 4 लाख महिला नागरिकों के नरसंहार और सामूहिक बलात्कार के सुनियोजित अभियान को मंजूरी दी थी। दुनिया पाकिस्तान के इस झूठे प्रचार को भली-भांति समझती है। पाकिस्तान की सेना ने 1971 में ऑपरेशन सर्चलाइट के तहत पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में क्रूर दमन शुरू किया, जिसमें 30 लाख लोग मारे गए और महिला नागरिकों के साथ बलात्कार किया गया। (अनंत ज्ञान)

**जिस सेना ने 4 लाख महिलाओं से किया दुष्कर्म, उन्हें दूसरों को सिखाने का हक नहीं**

## अभ्यास | हाई एल्टीटयूड ट्रेनिंग सेंटर कठिन वातावरण में बढ़ा रहा खिलाड़ियों का स्टेमिना

# धर्मशाला की ऊंचाई में तप रहे भविष्य के विजेता

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो

अनंत ज्ञान विशेष

**धर्मशाला।** प्रदेश की दूसरी राजधानी में शुमार स्पोर्ट्स सिटी धर्मशाला हाई एल्टीटयूड ट्रेनिंग का हब बन रही है। बाहरी राज्यों के खिलाड़ी धर्मशाला स्थित सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक पर प्रशिक्षण के दौरान पसीना बहाकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपने मैडल पक्के कर रहे हैं। सिंथेटिक ट्रैक में बाहरी राज्यों के खिलाड़ियों सहित आर्मी की टीमें भी प्रेक्टिस और प्रशिक्षण के लिए पहुंचते हैं। हाई एल्टीटयूड ट्रेनिंग के लिए पंजाब, हरियाणा सहित दक्षिण भारत के खिलाफ भी धर्मशाला का रुख करते हैं। बाहरी राज्यों में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो धर्मशाला सिंथेटिक ट्रैक में प्रशिक्षण व प्रेक्टिस करके राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल कौशल का लोहा मनवाते हुए गोल्ड व सिल्वर मैडल जीत चुके हैं।



वहीं, गर्मियों के दौरान आर्मी की टीमों सहित बाहरी राज्यों के सौ से अधिक खिलाड़ी धर्मशाला में प्रशिक्षण के लिए आते हैं। राष्ट्रीय खिलाड़ी धर्मशाला में प्रेक्टिस या प्रशिक्षण के लिए आते हैं, जिनका शेड्यूल पूर्व निर्धारित होता है, उनके लिए अलग से समय दिया जाता है। जिससे कि पहले से यहां प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों को कोई समस्या न हो और बाहरी राज्यों के खिलाड़ी बेहतर ढंग से अपने प्रशिक्षण को पूरा कर सकें।

### धर्मशाला में प्रशिक्षण के बाद जीते मैडल

**खेल** विभाग से मिली जानकारी के अनुसार धर्मशाला सिंथेटिक ट्रैक में प्रेक्टिस व प्रशिक्षण के बाद खिलाड़ी नैंसी चौधरी ने प्रयागराज में 1500 मीटर रेस में गोल्ड, अदिती ठाकुर ने 1500 मीटर में सिल्वर, मनजीत सिंह ने 100 मीटर में ब्राउंज और 200 मीटर में सिल्वर, जबकि आशीष कुमार ने 100 मीटर में सिल्वर और 200 मीटर में गोल्ड मैडल अपने नाम किया। वहीं हरियाणा में हिमांशु ने 100 मीटर में गोल्ड, जबकि करण कुमार ने अंडर-20 आल इंडिया खेलो इंडिया में 200 मीटर रेस में गोल्ड पर कब्जा जमाया।

**धर्मशाला** स्थित एथलेटिक सिंथेटिक ट्रैक में दक्षिण भारत के साथ पंजाब, हरियाणा सहित अन्य राज्यों के खिलाड़ी हाई एल्टीटयूड के लिए आते हैं। अभी कई खिलाड़ी यहां पर सिंथेटिक ट्रैक में प्रेक्टिस करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। वर्तमान में विभिन्न राज्यों के दस खिलाड़ी धर्मशाला में प्रशिक्षण ले रहे हैं। कई खिलाड़ी धर्मशाला में प्रशिक्षण उपरांत बाहरी राज्यों में आयोजित राष्ट्रीय स्पर्धाओं में गोल्ड, सिल्वर व ब्राउंज मैडल जीत चुके हैं।



-रवि शंकर, जिला खेल अधिकारी जिला कांगड़ा

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व सीएम धूमल से भेंट कर लिया आशीर्वाद



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नवनियुक्त भाजपा प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, एवं पालमपुर संगठनात्मक जिला के पूर्व में रहे जिलाध्यक्ष, विनय शर्मा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व में प्रदेश के दो बार के मुख्यमंत्री रहे प्रो. प्रेम कुमार धूमल से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया।

### लंबलू, बरोहा में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल लंबलू में 8 अक्तूबर को लाइनों की आवश्यक मरम्मत और पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते गांव लंबलू, डुगली, डबरेड़ा, झटवाड़, खनेहू, ठनकरी, ब्ल्यूट, सरलीं, जीवी, रोहलवीं, तरोपका, चमनेड, बरोहा, बोहनी, छयोड़ी, बरोटी, भूराण, कंगरू, मुलाना, पनहार, घुमारीं और आस-पास के क्षेत्रों में सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने बताया कि अगर 8 अक्तूबर को मौसम खराब रहा तो मरम्मत का कार्य 9 अक्तूबर को किया जाएगा।

### बजरोल, कक्कड़ में कल लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** विद्युत उपमंडल कक्कड़ के सहायक अभियंता अंकज गुप्ता ने बताया कि 9 अक्तूबर को उपमंडल की बिजली लाइनों की आवश्यक मरम्मत और पेड़ों की काट-छांट के कारण कई गांवों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। प्रभावित गांवों में बजरोल, कक्कड़, पलभू, छंब, बगलू, नुघाल, उटपुर, खनौली, भेरड़ा, पुरली, भटेड़, टेला, ननोट, उहल, परनाली, लगदेवी, जंदडू, कलोह, पौहंज, सुराह, लंबर, ठोलू, भटलंबर, रांगड़ेयां दी धार, भराइयां दी धार सहित आसपास के क्षेत्र शामिल हैं। अंकज गुप्ता ने बताया कि अगर 9 अक्तूबर को मौसम खराब रहता है, तो मरम्मत का कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### कांगड़ा-चंबा उत्सव में राजन को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंचायत भगेटू (हमीरपुर) के राजन कुमार को 'कांगड़ा-चम्बा संस्कृति उत्सव' में सामाजिक सेवा एवं दिव्यांग सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम होटल सागर ग्लोरी, मटौर (कांगड़ा) में आयोजित हुआ, जिसमें लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने उन्हें सम्मान प्रदान किया। राजन कुमार हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के डायरेक्टर और जिला दिव्यांग समीक्षा समिति, हमीरपुर के सक्रिय सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व और प्रेरणा का प्रतीक है। 100 प्रतिशत दिव्यांग होने के बावजूद, उन्होंने अपने साहस, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच से समाज में परिवर्तन की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। कार्यक्रम में हिमाचली लोक संस्कृति और कला की सुंदर झलकियां भी प्रस्तुत की गईं।

### गरीब बेटी की शादी के लिए दिए 5100 रुपए

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** सनातन सेवा समिति बड़सर ने निर्धन परिवार की बेटी कंचन देवी की शादी पर भेंट की 5100 रुपए की राशि। गांव चंगर डाकखाना कुलहेड़ा में रहने वाले राजकुमार की बेटी की शादी पर 5100 रुपये अभाव ग्रस्त परिवार को शगुन के रूप में भेंट किया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, महेश कुमार, देव राज लखनपाल, सुख देव, बलवंत सिंह, देश राज दत्याल, पवन कुमार अमर नाथ, विजय कुमार, और राज कुमार सदस्यों ने बेटी को शुभकामनाएँ दी।

### एकीकृत पुस्तक से छात्रों को मिलेगी राहत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा 6 से 8 तक के सामाजिक अध्ययन पाठ्यक्रम में बड़ा बदलाव किया है। अब विद्यार्थियों को इतिहास, भूगोल, राजनीति शास्त्र और अर्थशास्त्र जैसे विषयों की अलग-अलग पुस्तकें नहीं पढ़नी होंगी। ये सभी अब एक ही पुस्तक में समाहित किए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों का शैक्षणिक बोझ कम होगा और अध्ययन अधिक अनुभवात्मक व रोचक बनेगा। नया पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 के अनुरूप तैयार किया गया है। कक्षा 6 की पुस्तक 'समाज का अध्ययन : भारत और उसके आगे', कक्षा 7 की 'समाज और सभ्यता : हमारी यात्रा' तथा कक्षा 8 की 'समाज की खोज : भारत और उससे आगे' शीर्षक से प्रकाशित की गई हैं। टीजीटी कला संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने इसे एक स्वागतयोग्य और विद्यार्थी केंद्रित पहल बताया है।

### नप सुजानपुर की मतदाता सूचियां प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** एसडीएम एवं नगर परिषद सुजानपुर के मतदाता पंजीकरण अधिकारी विकास शुक्ला ने बताया कि नगर परिषद के सभी वार्डों की मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशित कर दिए गए हैं। ये सूचियां 17 अक्टूबर तक निरीक्षण के लिए एसडीएम कार्यालय, नगर परिषद कार्यालय और तहसीलदार कार्यालय सुजानपुर में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि यदि कोई पात्र व्यक्ति इन सूचियों में अपना नाम जोड़ना चाहता है या किसी अन्य के नाम पर आपत्ति दर्ज करवाना चाहता है, तो वह 17 अक्टूबर तक पुनरीक्षण अधिकारी एवं तहसीलदार सुजानपुर के कार्यालय में स्वयं, अभिकर्ता या रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकता है।

### मतदाता सूचियों पर दावे-आपत्तियां 17 तक

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** एसडीएम एवं नगर पंचायत बड़सर व भोटा के मतदाता पंजीकरण अधिकारी राजेंद्र गौतम ने बताया कि दोनों नगर पंचायतों की मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशित कर दिए गए हैं। ये सूचियां 17 अक्टूबर तक एसडीएम कार्यालय बड़सर, नगर पंचायत कार्यालयों, तहसील कार्यालय बड़सर और उपतहसील कार्यालय भोटा में निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। नगर पंचायत बड़सर के लिए पुनरीक्षण अधिकारी तहसीलदार बड़सर हैं, जबकि भोटा के लिए नायब तहसीलदार को यह जिम्मेदारी दी गई है। एसडीएम ने बताया कि कोई भी पात्र व्यक्ति 17 अक्टूबर तक अपना नाम जोड़ने या किसी अन्य के नाम पर आपत्ति दर्ज करवाने हेतु स्वयं, अभिकर्ता या रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से संबंधित अधिकारी को आवेदन भेज सकता है।

### मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अमरजीत सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला हमीरपुर की ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशित कर दिए गए हैं। एक अक्तूबर 2025 को अर्हक तिथि के आधार पर प्रकाशित मतदाता सूचियों के ये प्रारूप आम जनता के लिए 17 अक्तूबर तक सभी ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों, जिला परिषद और जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) के कार्यालय में उपलब्ध रहेंगे।

### आईटीआई हमीरपुर में अप्रेंटिसशिप मेला 13 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) हमीरपुर में 13 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। प्रधानाचार्य सुभाष चंद शर्मा ने बताया कि इसमें जूपिटर इंटरनेशनल लिमिटेड, वर्धमान, सौभाग्य प्राइवेट लिमिटेड, जेडीएस गोदरेज, एलायंस जॉब सहित कई प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। ये कंपनियां पंजीकृत युवाओं को अप्रेंटिसशिप पोर्टल के माध्यम से अप्रेंटिस के रूप में भर्ती करेंगी। 5वीं से लेकर डिग्री धारक फ्रेशर्स व अनुभवी अभ्यर्थी मूल व फोटोकॉपी प्रमाण पत्र, फोटो और बायोडाटा सहित भाग ले सकते हैं। चयनित युवाओं को मासिक मानदेय व अन्य सुविधाएं मिलेंगी। प्रधानाचार्य ने युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

### सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के इंटरव्यू 15 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 90 पदों पर भर्ती के लिए 15 अक्टूबर को सुबह 10 बजे उप रोजगार कार्यालय भोरंज में साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि 19 से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार, जो दसवीं फेल/पास या उससे अधिक योग्यता रखते हैं, 168 सेमी लंबाई और 55-95 किलोग्राम वजन वाले उम्मीदवार इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित युवाओं को 19,500 से 24,000 रुपये तक मासिक वेतन व अन्य सुविधाएं मिलेंगी। योग्य उम्मीदवार मूल प्रमाण पत्र और हिमाचली प्रमाण पत्र सहित इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# दियोटसिद्ध मंदिर में चढ़ावे की काउंटिंग में गड़बड़ी

## काउंटिंग प्रक्रिया फिलहाल स्थगित, एसडीएम ने दिए जांच के आदेश, वरिष्ठ कर्मचारी की संदिग्ध भूमिका जांच का केंद्र

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** दियोटसिद्ध मंदिर की भीतरी व्यवस्था से जुड़े हुए घोटाले आखिर कब बंद होंगे? अब श्रद्धालुओं के चढ़ावे की गणना का जो गड़बड़झाला सामने आ रहा है, उसकी सारी सच्चाई सीसीटीवी कैमरे की असलियत उगलेगी।

फिलहाल गणना की सारी कार्रवाई बाबा बालकनाथ मंदिर दियोटसिद्ध ट्रस्ट के अध्यक्ष और एसडीएम बड़सर ने स्थगित कर दी है। साथ ही बुधवार से मामले की जांच भी शुरू हो जाएगी। किस-किस पर गाज गिरेगी? व्यवस्था से जुड़े हुए कर्मचारी और अन्य अधिकारी हड़कंप में है। कारण यह है कि काउंटिंग हाल में जिस वरिष्ठ कर्मचारी की मौजूदगी बनती ही नहीं है, वह वहां आखिरकार करता क्या है? यह जांच का सबसे बड़ा विषय है और पूरी जांच उसी के इर्द-गिर्द घूमती हुई नजर आने लगी है। यही नहीं जिस बैंक में गिनती के नोटों का हिसाब किताब जमा होता है, उसकी कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में दिख रही है, क्योंकि



दियोटसिद्ध मंदिर की फाइल फोटो।

यदि नोटों की गड्डियों में ज्यादा नोट जा रहे हैं, तो बैंक में आखिर इनका पता क्यों नहीं चल पाया? सीसीटीवी कैमरे में भी यह सारी चीजें सामने आएंगी, लेकिन बड़ी बात यह है कि क्या सीसीटीवी फुटेज सच्चाई उगलेगी या फिर जांच शुरू होने से पहले सबूत मिटाने का कोई प्रयास तो नहीं चल रहा? सूचना यही मिली है कि इस पर भी काम हो रहा है। यदि ऐसा हुआ, तो मामला और गंभीर हो जाएगा।

मामला हरेक गड्डी में ज्यादा पैसे डालने का रहा है। यही नहीं, विदेशी मुद्रा की गड्डियां भी गड़बड़ झाले का शिकार हुई हैं। और यह सारा मामला पिछली काउंटिंग के दौरान तब सामने आया जब सिक्योरिटी के एक कर्मचारी ने हिम्मत

- बैंक की संलिप्तता पर उठे सवाल सीसीटीवी फुटेज से सच्चाई सामने आने की उम्मीद

### जांच पूरी होने पर ही सामने आएगी सारी सच्चाई : डीसी

डीसी और ट्रस्ट के आयुक्त अमरजीत सिंह का कहना है कि ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेंद्र गौतम को जांच का जिम्मा सौंपा गया है। जांच मुकम्मल होने पर ही सारी सच्चाई सामने आएगी, लेकिन मैंने कहा कि जो भी दोषी होगा, उसे बक्शा नहीं जाएगा।

दिखाकर जो कर्मचारी सिग्नेचर करवाने की बात कर रहे थे, उन्हें टोका और कहा कि पहले भी इन्हें गिनेंगे। उसके बाद दस्तखत करेंगे। बस यहीं से तो सारा मामला उजागर हो गया। अब ट्रस्ट के अधिकारियों को मास्टरमाइंड इस वरिष्ठ कर्मचारी का औपचारिक रूप में तो पता चल गया है लेकिन जांच रिपोर्ट में इसका खुलासा होना बाकी है। मतलब अब इतना तय है कि संबंधित वरिष्ठ कर्मचारियों पर बड़ी 'गाज' गिर कर ही रहेगी। दरअसल में इस मंदिर की व्यवस्था से जुड़े हुए कई घोटाले उजागर हुए हैं। समय-समय पर कुछ ना कुछ यहां बड़ा होता रहा है। मगर विडंबना यह रही है कि यह सारे मामले राजनीति का शिकार हुए हैं और जैसे तैसे कर्मचारियों को बचाने की जो परंपरा यहां पर हमेशा अपने पांव पसारकर असर दिखाती रही, उसी की वजह से अब भी इनका सिलसिला लगातार जारी है।

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष और वर्षा के एसडीएम राजेंद्र गौतम का कहना है कि फिलहाल काउंटिंग का क्रम स्थगित कर दिया गया है और डीसी के आदेश पर जांच की जाएगी। बुधवार से ये सिलसिला शुरू होगा। सीसीटीवी फुटेज भी इसका हिस्सा बनेगी। फिलहाल बीते रोज काउंटिंग को स्थगित करने के आदेश मंदिर अधिकारी को भेज दिए गए थे। यह पूछे जाने पर की जिस व्यक्ति की काउंटिंग में ड्यूटी ही नहीं है, वह अपनी मौजूदगी कैसे बना रहा? इस पर उन्होंने कहा कि जांच में सारा खुलासा हो जाएगा, थोड़ा इंतजार कीजिए।

### गलोड़ पुलिस चौकी प्रभारी विनय अत्री बने उप निरीक्षक

**अनंत ज्ञान, गलोड़। कांगड़ा** जिले से संबद्ध और पुलिस विभाग में अपनी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा व तेजतर्रार कार्यशैली के लिए पहचाने जाने वाले विनय कुमार अत्री को उप निरीक्षक के पद से नवाजा गया। जिला हमीरपुर पुलिस विभाग द्वारा आयोजित समारोह में पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने उन्हें कंधे पर स्टार लगाकर सम्मानित किया। गलोड़ क्षेत्र के लोग उनकी निष्पक्ष और अनुशासनप्रिय कार्यशैली के कारण उन्हें सिंघम के नाम से जानते हैं। नशे में लिप्त युवाओं और कानून तोड़ने वालों पर तुरंत कार्रवाई उनकी प्रमुख विशेषता है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर उन्हें दोबारा गलोड़ लाया गया।

विनय कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था में सबसे जरूरी है खुद के प्रति ईमानदार रहना, तभी समाज पर प्रभाव पड़ता है। स्थानीय नेताओं और समाज के अन्य प्रतिनिधियों ने उनकी पदोन्नति पर खुशी जताई और उन्हें बधाई दी।

# पेंशन वितरण में लापरवाही पर परिवहन पेंशनरों का फूटा गुस्सा

## 15 को शिमला में दिया जाएगा सामूहिक जवाब, संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले जुटेंगे 8500 परिवहन पेंशनर

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंत्र हमीरपुर इकाई की मासिक बैठक चालक प्रशिक्षण केंद्र बस स्टैंड हमीरपुर में जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कल्याण मंच के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजमेर ठाकुर एवं संयुक्त संघर्ष समिति के सचिव शिव कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक शुरू करने से पहले स्व. रोशन मान नम्बरदार निरीक्षक तथा स्व. तिलक राज चालक के निधन पर शोक व्यक्त किया गया व दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि पेंशन कभी भी समय पर नहीं मिलती है लेकिन इस बार तो निगम प्रबंधन ने नया ही तरीका अपनाया है जिससे परिवहन पेंशनरों में निगम प्रबंधन के प्रति गुस्सा और भी बढ़ गया है क्योंकि अगस्त माह की पेंशन कुल ब्रांचों में 29 सितंबर कुछ ब्रांचों में 30 सितम्बर तथा कुछ ब्रांचों में पहली अक्तूबर को डाली गई और कई ब्रांचों में निगम प्रबंधन पेंशन डालना ही भूल गया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो सरकारें वरिष्ठ नागरिकों को मान सम्मान देने की बात करती है वहीं दूसरी तरफ परिवहन पेंशनरों के साथ घोर अन्याय किया जा रहा है जिसे कल्याण मंच बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगा। संयुक्त संघर्ष समिति के सचिव शिव कुमार ने कहा कि जिन पेंशनरों को दो साल से पेंशन तक नहीं लगाई गई और न ही ग्रेच्युटी न लीव इनकैशमैन्ट का पैसा दिया गया है उनका गुजारा कैसे हो रहा होगा यह कैसा व्यवस्था परिवर्तन हिमाचल



बैठक में परिवहन पेंशनर शिमला में प्रस्तावित प्रदर्शन की रणनीति बनाते हुए।

- दो वर्षों से बिना पेंशन और लाभ के जी रहे कई सेवानिवृत्त कर्मचारी

प्रदेश में हो रहा है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजमेर ठाकुर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पेंशन पहले ही समय पर नहीं दी जाती है लेकिन इस बार पेंशन देने में जो बंदर बांट वाला काम निगम ने परिवहन पेंशनरों के साथ किया गया है इसका जबाब सरकार व निगम प्रबंधन को 15 अक्तूबर को एच आर टी सी पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति हिमाचल प्रदेश के बैनर तले 8500 परिवहन पेंशनर्स संयुक्त रूप से शिमला में देंगे।

ठाकुर ने कहा कि सरकार व निगम प्रबंधन उच्च न्यायालय से आए फैसलों को भी लटकाने का काम कर रही है और करीब तीन साल से चिकित्सा बिलों व 1-1-2016 से संशोधित वेतनमान के पैसे पर सरकार कुंडली मार कर बैठी है। मार्च 2024 से सेवानिवृत हुए पेंशनरों को अभी तक एक पैसा तक नहीं दिया गया है उनका चूल्हा कैसे जलता होगा क्या सरकार ने इसकी कभी चिंता की है। इसके अलावा 16 प्रतिशत डीए भी सरकार तीन साल में नहीं दे पाई है ।

उन्होंने मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री से पूछा है कि इन तीन सालों में सरकार ने हिमाचल प्रदेश के पेंशनरों व कर्मचारियों को झूठे आश्वासनों के सिबा दिया ही क्या है। अजमेर ठाकुर ने सभी परिवहन पेंशनरों से आग्रह किया कि अपने परिवार सहित 15 अक्तूबर को शिमला मुख्यालय में सुबह के 10 बजे अपने हक पाने के लिए संयुक्त संघर्ष समिति के धरने में भाग लेकर इसे सफल बनाएं व सरकार व निगम प्रबंधन को यह बता दें कि हम अपने हक पाने के लिए अभी भी दम रखते हैं। बैठक में बलदेव, सुखदेव, आज्ञा राम, राम लाल, बलबीर पठानिया, सगली, नन्दलाल, भाग सिंह, कुलवंत सहित करीब 75 सदस्यों ने भाग लिया व एक स्वर में शिमला चलो का नारा दिया।

### अनुराग के ओलंपिक संघ अध्यक्ष बनने से प्रदेश में खेल क्रांति को मिलेगा बल



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सांसद अनुराग ठाकुर को हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने पर प्रदेश भर के खिलाड़ियों, युवाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। यह बात राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल का प्रतिनिधित्व कर चुके नरेंद्र अत्री ने एक प्रेस बयान में कही।

उन्होंने बताया कि रविवार को शिमला स्थित होटल होलीडे होम में हुई वार्षिक बैठक में रिटर्निंग अधिकारी जस्टिस जे.एन. बरवालिया, इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन के पर्यवेक्षक दिग्विजय सिंह और प्रदेश सरकार के पर्यवेक्षक अनुराग वर्मा की मौजूदगी में अनुराग ठाकुर को अध्यक्ष और राजेश भंडारी को महासचिव चुना गया। नरेंद्र

- नरेंद्र अत्री बने प्रदेश उपाध्यक्ष, जताया आभार
- सांसद खेल महाकुंभ बना राष्ट्रीय प्रेरणा, युवाओं को मिला मंच

अत्री ने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सराहा है, और यह आज देशभर में खेल प्रोत्साहन का मॉडल बन चुका है। हिमाचल में ओलंपिक टॉर्च रन व खेलेगा युवा, जीतेगा हिमाचल जैसी पहलों से हजारों युवाओं को खेलों से जोड़ा गया। उन्होंने प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर अनुराग व संघ का आभार जताया।

### मतदाता सूचियों पर दावे और आपत्तियां 17 तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर निगम हमीरपुर के मतदाता पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम संजीत सिंह ने बताया कि निगम के सभी 15 वार्डों की मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशित करके इन्हें आम जनता के निरीक्षण के लिए एसडीएम कार्यालय हमीरपुर, नगर निगम कार्यालय व तहसीलदार कार्यालय हमीरपुर में 17 अक्तूबर तक उपलब्ध करवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि अगर कोई पात्र व्यक्ति इन सूचियों में अपना नाम शामिल करने का दावा या किसी अन्य के नाम इसमें शामिल होने पर अपनी आपत्ति दर्ज करवाना चाहता है तो वह 17 अक्तूबर तक अपने दावे या आपत्तियां पुनरीक्षण अधिकारी एवं तहसीलदार हमीरपुर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। दावे या आपत्तियों के लिए निर्धारित प्रपत्र नगर निगम के कार्यालय या संबंधित बीएलओ से प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण अधिकारी इन दावों एवं आपेक्षों की प्राप्ति से 10 दिनों के भीतर निपटारा सुनिश्चित करेंगे। अगर कोई मतदाता पुनरीक्षण अधिकारी के निर्णय से संतुष्ट न हो तो वह 3 दिन के भीतर एसडीएम हमीरपुर के समक्ष अपील कर सकता है।

# कन्या विद्यालय नादौन की पांच छात्राओं का अंडर-14 जिलास्तरीय खेलों के लिए चयन

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन की पांच छात्राएं अंडर-14 जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए चयनित हुई है। जिससे स्कूल में खुशी का माहौल है। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के संस्कृत अध्यापक नरेश मलोटिया ने बताया कि चयनित छात्राओं में नैनसी, सपना देवी, अनन्या और रिया का चयन वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए, जबकि प्रीति कौंडल का चयन चेस (शतरंज) प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इन छात्राओं का नेतृत्व विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका सविता ने किया।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्राकृतिक आपदा के कारण खंड स्तरीय खेलों का आयोजन नहीं हो पाया और ट्रायल के आधार पर ही छात्राओं का चयन किया गया है। इसके बावजूद विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।



अंडर-14 जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए चयनित हुई छात्राओं के साथ कन्या विद्यालय नादौन की शारीरिक अध्यापिका सविता।

शारीरिक शिक्षिका सविता ने बताया कि मानसून अवकाश के दौरान भी लगभग 15 से 20 दिनों तक छात्राओं के साथ विशेष अभ्यास सत्र आयोजित किए गए थे, जिससे उनका खेल स्तर और निखरा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या राजकुमारी कौशल ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि अंडर-19 वर्ग की पांच खिलाड़ियों के बाद अब अंडर-14 वर्ग की पांच खिलाड़ियों का चयन विद्यालय के लिए गौरव की बात है।

**शरुआत** 12 तक होंगे हस्ताक्षर, राहुल गांधी सौंपेंगे राष्ट्रपति को ज्ञापन : सुरेश

# हमीरपुर में वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान शुरू

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** भोरंज विस क्षेत्र के विधायक और वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान के जिला संयोजक सुरेश कुमार ने कहा है कि हर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस एवं फ्रंटल आर्गेनाईजेशन वोट चोर गदी छोड़ के लिए 1500 हस्ताक्षर करवाएंगे। मंगलवार से यह अभियान शुरू कर दिया गया है जो 12 अक्तूबर को पूरा होगा। 13 अक्तूबर को हस्ताक्षर किए फार्म प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल को सौंप दिए जाएंगे।

सुरेश कुमार ने बताया कि इसके बाद राहुल गांधी इन फार्म को आगामी कार्यवाही की मांग करने के लिए राष्ट्रपति को सौंपेंगे। यहां सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का सतंभ कहे जाने वाला चुनाव आयोग केवल भाजपा का ही काम कर रहा है। ऐसी धांधलियां करके भाजपा सत्ता हासिल कर रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग से मांग है कि वोटर लिसट को मतदाता के फोटो के साथ ही प्रकाशित की जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में फोटो किसी का नाम पता किसी और का होता है। इसी वजह से चुनाव आयोग ने 40009 वोट फेक बना दिए है, जो हमेशा अन्य विभिन्न राज्यों में अब तक वोट करते आ रहे है।

उन्होंने कहा कि किसी का वोटर लिस्ट से नाम काटना है या फिर नया वोट बनाना है तो इसकी एक समय अवधि तय की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां चुनाव होते है। चुनाव आयोग इसे निरंतर प्रक्रिया न अपना कर वहां ऐसे काम करता है जिस पर प्रशन चिंह उठते है। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य में चुनाव आने पर ही दस दिन पहले ऐसी कार्रवाई नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा जिस किसी की भी शिकायत हो तो उसके निवारण के लिए बाकायदा एक प्लेटफार्म बनाना चाहिए ताकि उस संबंधित व्यक्ति को उसकी शिकायत पर कितना काम हुआ है उसका पता चल सके। उन्होंने कहा कि हैरानी तो ये है कि कांग्रेस पार्टी आरोप चुनाव आयोग पर लगा रही है और जबाव भाजपा दे रही है। इससे साबित होता है कि चुनाव आयोग किसके लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि जो आरोप राहुल गांधी ने लगाए है उनकी जांच होनी चाहिए ताकि ये पता चल सके कि एक ही छत के नीचे दस हजार एवं एक ही किचन में 70 वोट कैसे बन गए।

इस अवसर पर नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एंव सलाहकार नरेश ठाकुर, कांगड़ा एग्रीकल्चर बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया, केसीसी बैंक के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुलदीप पठानिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ पुष्पेंद्र वर्मा सहित अन्य कांग्रेस नेता भी उपस्थित रहे।





प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सुरेश कुमार, साथ में मौजूद अन्य कांग्रेस नेता।

- कहा- भाजपा जवाब दे रही, जबकि चुनाव आयोग से सवाल
- फर्जी वोट व वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जांच की उठी मांग

### प्रदेश में वोट चोरी बेनकाब, भाजपा पर झूठे आरोप लगा रही कांग्रेस : राजेंद्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता और सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वोट चोरी का असली चेहरा खुद कांग्रेस है, जो आज भाजपा पर बेबुनियाद आरोप मढ़ रही है, जबकि असलियत में हिमाचल प्रदेश में सत्ता का दुरुपयोग करके कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटा है। जारी प्रेस बयान में राजेंद्र राणा ने कहा कि हिमाचल के देहरा उपचुनाव में कांग्रेस सरकार ने सरकारी मशीनरी और संस्थानों का खुला दुरुपयोग किया। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी को जिताने के लिए कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के माध्यम से महिला मंडलों को योजनाबद्ध तरीके से पैसे बांटे गए। उन्होंने कहा कि यह चुनाव आचार संहिता का सीधा उल्लंघन और जनता के जनादेश के साथ धोखा है।



राणा ने सवाल पूछा है कि प्रदेश के किसी अन्य विधानसभा क्षेत्र में इस तरह पैसों का वितरण क्यों नहीं हुआ? क्या देहरा के लिए अलग नियम हैं और बाकी प्रदेश के लिए अलग हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनावों से पहले जनता को 10 गारंटी देकर सुनहरे सपने दिखाए, लेकिन सत्ता में आते ही इन वादों से पल्ला झाड़ लिया। झूठे वादों के जरिए वोट हथियाना भी लोकतंत्र के साथ धोखा और वोट की चोरी है। राजेंद्र राणा ने कहा कि आज़ादी के बाद से कांग्रेस का इतिहास रहा है 'गरीबी हटाओ', 'रोजगार दो', 'हर हाथ को काम' जैसे लुभावने नारों से जनता को भ्रमित करना और सत्ता में आने के बाद सब भूल जाना। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब पूरे देश में हाशिये पर पहुंच चुकी है, और जनता के बीच अपनी साख खो चुकी पार्टी अब बीजेपी पर झूठे आरोप लगाकर खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की असफल कोशिश कर रही है। राणा ने दो टूक कहा कि आज जो कांग्रेस बीजेपी पर वोट चोरी के आरोप लगा रही है, वह पहले खुद को आईना दिखाए।

## न्यूज ब्रीफ

### 19 साल बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा उद्घोषित अपराधी

**दक्षमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस थाना रोहड़ू में वर्ष 2006 में हत्या का प्रयास, डकैती, गम्भीर चोटें पहुंचाने और आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मामले में उद्घोषित अपराधी कुलदीप वर्मा को पुलिस ने 19 वर्षों बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ग्राम गरु, तहसील कंडाघाट, जिला सोलन का निवासी है और वर्ष 2006 से फरार चल रहा था। 5 अक्तूबर, 2025 को उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे 8 अक्तूबर तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। कुलदीप वर्मा पर आईपीसी की धाराएं 307, 392, 325, 341, 323, 34 और आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मामला दर्ज था। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि आगे की जांच जारी है और आरोपी के नेटवर्क तथा अन्य संभावित सहयोगियों की भी पड़ताल की जा रही है।

### कांग्रेस सरकार में विरोध पर एफआईआर आम बात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं विधायक त्रिलोक जम्वाल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हिमाचल में हर असहमति पर एफआईआर दर्ज करना सरकार की आदत बन चुकी है। उन्होंने कहा कि सोलन जिले के दाड़लाघाट में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भोजन न मिलने से कुछ बच्चों और स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई, तो उनके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कर दी गई। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर हमला बताया और एफआईआर रद्द करने की मांग की। जम्वाल ने कहा कि प्रदेश में शिक्षकों, कर्मचारियों और पत्रकारों पर भी एफआईआर की बौछार हो रही है। एक दिन में 900 से अधिक शिक्षकों पर एफआईआर दर्ज हुई। सचिवालय कर्मियों को चेतावनी पत्र और तबादलों का सामना करना पड़ा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब तो हिमाचल में समोसे और जंगली मुर्गे पर भी एफआईआर हो चुकी है, जो कांग्रेस सरकार की तानाशाही सोच को दर्शाता है।

### लोकतंत्र को कमजोर कर रही है कांग्रेसः राकेश

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश डोगरा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी हिमाचल में लोगों को भ्रमित कर लोकतंत्र को कमजोर करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी अभियान के माध्यम से कांग्रेस जनता के साथ विश्वासघात कर रही है। मुख्यमंत्री खुद वोट चोरी की मिसाल बने हैं, जो लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन है। डोगरा ने कहा कि कांग्रेस आज प्रदेश के युवा, महिला, कर्मचारी और किसान वर्ग के साथ छल कर रही है।

### कांग्रेस के लिए वोट चोरी परंपरा बन चुकी : विवेक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नगर निगम शिमला के पूर्व पार्षद और अधिवक्ता विवेक शर्मा ने नगर निगम चुनावों में कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मझाठ वार्ड की पार्षद द्वारा फेसबुक पर साझा की गई वोटर लिस्ट से यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस ने जानबूझकर गड़बड़ी की। उन्होंने बताया कि टूटू वार्ड की पार्षद मोनिका भारद्वाज का नाम दो अलग-अलग वार्डों मझाठ और टूटू की वोटर लिस्ट में दर्ज है, जो संविधान और चुनाव नियमों का उल्लंघन है। शर्मा ने कहा कि यह दर्शाता है कि नगर निगम चुनाव गलत वोटर लिस्ट के आधार पर हुआ और कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर दबाव डालकर यह करवाया। उन्होंने मांग की कि इस मुद्दे पर निष्पक्ष जांच हो और वर्तमान निगम को भंग किया जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के लिए वोटर लिस्ट से छेड़छाड़ और वोट चोरी अब 'मूलभूत अधिकार' बन चुका है।

### नई क्लस्टर प्रणाली का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, अंब (ऊना)।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला ऊना के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मंगलवार को चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू से शिष्टाचार भेंट की और प्रदेश शिक्षा विभाग की ओर से नई क्लस्टर प्रणाली लागू करने संबंधी अधिसूचना के विरोध में ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से आग्रह किया कि वे सरकार के समक्ष शिक्षकों की भावनाओं को रखें और इस निर्णय को तत्काल वापस लेने के लिए हस्तक्षेप करें। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि नई क्लस्टर प्रणाली से प्राथमिक शिक्षा की मौजूदा संरचना प्रभावित होगी। वर्तमान में ब्लॉक स्तर पर सुचारु रूप से चल रही प्रशासनिक व्यवस्था नई प्रणाली से प्रभावित होगी, जिससे समन्वय में कठिनाई और शिक्षकों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ेगा। इसका नकारात्मक असर विद्यार्थियों की शिक्षा गुणवत्ता पर भी पड़ेगा। पदाधिकारियों ने बताया कि 29 नवंबर 2023 को भी इसी तरह की अधिसूचना जारी की गई थी, जिसे व्यापक विरोध के बाद वापस लेना पड़ा था। इसके बाद 13 फरवरी 2024 को गठित समिति ने इस प्रणाली को अव्यवहारिक और अनुपयोगी करार दिया था।

### छात्रों के हितों की बुलंद होगी आवाजः सुशील




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई ने वर्ष 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया। इस अवसर पर अक्षय ठाकुर को अध्यक्ष और सुशील शर्मा को इकाई मंत्री नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश संगठन मंत्री धनदेव ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि चुनाव अधिकारी की भूमिका विशाल सकलानी ने निभाई। पूर्व मंत्री आशीष शर्मा ने वर्षभर की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इकाई उपाध्यक्ष अमन अदिती ने नई टीम को शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त मंत्री सुशील शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी परिषद सदैव छात्र, समाज और राष्ट्रहित में कार्य करती रही है। उन्होंने बताया कि नई कार्यकारिणी में कुल 60 कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। परिषद आगामी सत्र में छात्रों की समस्याओं को उठाने और कार्यक्रमों के माध्यम से समाधान तलाशने हेतु प्रयासरत रहेगी।

# हिमाचल में समय से पहले हुई बर्फबारी; सड़कें बंद, फंसे वाहन

## लाहौल, चंबा और किन्नौर में हिमपात और भूस्खलन से सड़कें बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में अबकी बार सर्दी ने समय से पहले दस्तक दे दी है। अक्तूबर के पहले ही सप्ताह में लाहौल-स्पीति, चंबा और किन्नौर की ऊंची चोटियां बर्फ की मोटी परत से ढक गई हैं। जहां पिछले सालों में यह नजारा महीने के तीसरे या चौथे सप्ताह में देखने को मिलता था। वहीं, इस बार 5 से 7 अक्तूबर के बीच ही बर्फबारी ने पूरे क्षेत्र को शीतलहर की गिरफ्त में ले लिया।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार यह बर्फबारी औसत से कहीं पहले और अधिक रही, जिसके कारण राज्यभर में तापमान सामान्य से 6 से 14 डिग्री तक गिर गया। चांशल पीक, भरमौर, पांगी, चुराह और लाहौल घाटी जैसे इलाकों में लगातार हिमपात से घाटियों का रंग बदल गया है और ठंडी हवाओं ने सर्दियों का आगाज कर दिया है। जानकारी के अनुसार तीन दिनों से जारी बर्फबारी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। लाहौल घाटी में एक फुट तक बर्फ गिर चुकी है, जिससे यातायात ठप हो गया है। दारचा-लेह मार्ग पर करीब 200 ट्रक फंसे हैं और वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। चंबा जिले में भी ऊपरी क्षेत्रों में भारी बर्फबारी के साथ-साथ बारिश ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खड़ामुख-होली सड़क पर शिवनगरी सत्संग भवन के पास करीब 20 मीटर तक सड़क धंस गई, जिससे आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई है। लोक निर्माण विभाग ने मलबा हटाने के लिए मशीनें भेजी हैं, लेकिन बहाली में अभी समय लग सकता है।

किन्नौर जिले में लगातार बारिश और भूस्खलन से मंगलवार सुबह रूपी-चोरा मार्ग भारी चट्टानें गिरने से बंद हो गया। यह मार्ग तीन पंचायतों को जोड़ता है, और इसके बंद होने से हजारों ग्रामीण प्रभावित हैं। निगुलसरी से चोरा तक हर साल बारिश में यह क्षेत्र भूस्खलन की चपेट में आता है। इस बार भी मलबा और पत्थर गिरने से लोगों की आवाजाही रुक गई है। स्थानीय लोगों ने स्थायी समाधान की मांग उठाई है। लोक निर्माण विभाग ने मौके पर मशीनें और मजदूर भेज दिए हैं और जल्द मार्ग बहाल करने का आश्वासन दिया है।



14 डिग्री तक गिरा तापमान

### 2018 के बाद पहली बार इतनी जल्दी हुई बर्फबारी

**मौसम** विभाग के अनुसार केलांग में न्यूनतम तापमान -0.5 डिग्री और कुकुमसेरी में -0.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। शिमला का न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री और मनाली का 6.1 डिग्री रहा। पिछले 24 घंटों में पच्छाद में 59.0 मिमी, जटोन बैराज 58.0 मिमी और कुकुमसेरी में 56.7 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। वहीं, गोंधला में 26.5 सेंटीमीटर और केलांग में 20 सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गई है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इतनी जल्दी बर्फबारी 2018 के बाद पहली बार देखने को मिली है।

### बारिश और अंधड़ का येलो अलर्ट जारी

**मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला ने बताया कि राज्य में 9 अक्तूबर तक बारिश और बर्फबारी का दौर जारी रह सकता है। चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और लाहौल-स्पीति में भारी बारिश और अंधड़ का येलो अलर्ट जारी किया गया है, जबकि 10 अक्तूबर के बाद मौसम के साफ होने की संभावना है। प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है। आपदा प्रबंधन टीमें प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य में जुटी हैं और फंसे हुए वाहनों को निकालने तथा आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

## सीबीआई इंस्पेक्टर पर गवाह को धमकाने का लगा आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला में सीबीआई के एक इंस्पेक्टर पर गवाह को धमकाने और झूठा बयान देने का दबाव बनाने के गंभीर आरोप लगे हैं। मंडी जिले के हवाणु गांव के निवासी गिरधारी लाल ने एसपी शिमला संजीव गांधी को दी शिकायत में कहा कि सीबीआई इंस्पेक्टर ने उसे न केवल धमकाया, बल्कि धक्का-मुक्की करते हुए कपड़े भी फाड़ दिए। शिकायत में गिरधारी लाल ने आरोप लगाया है कि इंस्पेक्टर ने उससे गलत बयान दिलवाने की कोशिश की और कहा कि वह पुलिस की गिरफ्त में शराब के नशे में था, जबकि यह पूरी तरह झूठ है।

गिरधारी लाल ने बताया कि वह 31 मार्च 2024 को सिध्यानी क्षेत्र में पकड़े गए चिट्टा तस्करी मामले में पुलिस का गवाह है। इस केस की जांच अब सीबीआई कर रही है। गिरधारी का कहना है कि 22 सितंबर 2025 को इंस्पेक्टर ने उसे शिमला स्थित सीबीआई दफ्तर बुलाकर बयान बदलने के लिए दबाव बनाया। जब उसने इनकार किया, तो उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। उन्होंने कहा कि यह न केवल उसकी प्रतिष्ठा पर आघात है, बल्कि गवाहों को डराने-धमकाने की कोशिश भी है। शिकायतकर्ता गिरधारी लाल 15 साल तक पंचायत प्रधान और 20 साल तक स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह समाज में सम्मानित व्यक्ति हैं और न्याय की उम्मीद से पुलिस के पास पहुंचे हैं। एसपी संजीव गांधी ने बताया कि शिकायत को गंभीरता से लिया गया है और इसकी जांच डीएसपी रैंक के अधिकारी को सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से की जाएगी।

### जेओए आईटी पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार ने जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (आईटी) के खाली पदों को भरने के लिए सभी विभागों से 14 अक्तूबर तक प्रस्ताव भेजने के निर्देश जारी किए हैं। इस निर्धारित समयसीमा के बाद भेजे गए प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। यह भर्ती प्रक्रिया राज्य के भर्ती निदेशालय के माध्यम से जॉब ट्रेनी योजना के तहत पूरी की जाएगी। कार्मिक विभाग ने सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों से कहा है कि वे खाली पदों का विवरण, आरक्षण रोस्टर, वित्त विभाग की स्वीकृति और चयन प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी ऑफलाइन मोड में भेजें। सरकार का कहना है कि इस नई प्रक्रिया का उद्देश्य भर्ती प्रणाली को पारदर्शी और समयबद्ध बनाना है ताकि युवाओं को समय पर रोजगार मिल सके। मार्च 2025 में गठित भर्ती निदेशालय अब सी श्रेणी के पदों पर सीधी भर्ती करेगा। जुलाई 2025 में शुरू की गई जॉब ट्रेनी योजना के तहत चयनित उम्मीदवारों को पहले ट्रेनी के रूप में नियुक्त किया जाएगा और बाद में नियमित किया जाएगा।

## अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ हो : शिव प्रताप शुक्ल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक मूल अधिकार है, लेकिन इसका प्रयोग जवाबदेही और मर्यादा के साथ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शब्दों में पवित्रता और शक्ति दोनों होती हैं, जो मित्रता भी बना सकते हैं और शत्रुता भी। दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा आयोजित भारत में द्वेषपूर्ण भाषण और चुनाव राजनीति विषयक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि एक सभ्य समाज में वार्तालाप में शालीनता और सम्मान झलकना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि द्वेषपूर्ण और विभाजनकारी भाषण समाज में हिंसा का एक मानसिक रूप है, जिसका हमें सामूहिक रूप से विरोध करना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से युवाओं को भाषा के जिम्मेदार उपयोग के प्रति संवेदनशील बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉक्टर योगेश सिंह विधि संकाय की अधिष्ठाता प्रो. अंजू वली टिकू और आईएलसी निदेशक प्रो. एल पुष्प कुमार सहित संकाय सदस्य और छात्र उपस्थित रहे।

## सीएम सुक्खू ने राहत सामग्री को दिखाई हरी झंडी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज ओक ओवर से आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत सामग्री से भरे पांच वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अंतरराष्ट्रीय लायंस क्लब द्वारा दी गई इस सहायता में 161 राहत किटें शामिल हैं, जिनमें सूखा राशन, बर्तन, कंबल, तिरपाल और अन्य आवश्यक वस्तुएं हैं। ये सामग्री संबंधित उप-मंडल अधिकारियों के माध्यम से प्रभावित परिवारों तक पहुंचाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस सहयोग के लिए लायंस क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मानसून के दौरान राज्य को भारी क्षति हुई है और सरकार सीमित संसाधनों के बावजूद हर संभव सहायता उपलब्ध करवा रही है।




मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि वर्ष 2025 के लिए राज्य सरकार ने आपदा प्रभावित परिवारों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा की है, जिसके तहत पूरी तरह क्षतिग्रस्त मकानों के मुआवजे की राशि 1.30 लाख रुपये से बढ़ाकर 7 लाख रुपये की गई है।

इस अवसर पर विधायक हरीश जनारथा, महापौर सुरेन्द्र चौहान, कांग्रेस नेता सुरेन्द्र मनकोटिया, लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दिनेश बत्रा और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## केंद्रीय विद्यालय कोटखाई मंत्री रोहित ठाकुर के प्रयासों का प्रतिफल : कांग्रेस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कोटखाई और पांवटा साहिब में केंद्रीय विद्यालय खोलने के निर्णय पर भाजपा नेताओं द्वारा श्रेय लेने की कोशिशों को कांग्रेस पदाधिकारियों ने नकारते हुए कहा कि यह पूरा श्रेय प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के अथक प्रयासों को जाता है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता, निदेशक एल.एम.बी. बैंक देविंदर नेगी, तहसील कॉपरेटिव यूनियन कोटखाई के अध्यक्ष गुमान सिंह चौहान, निदेशक हिम्फेड भीम सिंह झौहटा, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लायक राम औस्टा, रमेश चौहान, पूर्व बीडीसी अध्यक्ष मोती लाल सिथटा और युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विक्रम कंवर (विक्की) सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान में कहा कि भाजपा इस उपलब्धि का गलत श्रेय लेकर जनता को गुमराह कर रही है।

कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जारी स्वीकृति पत्र में यह स्पष्ट उल्लेख है कि कोटखाई और पांवटा साहिब के केंद्रीय विद्यालय हिमाचल प्रदेश सरकार के प्रस्ताव पर स्वीकृत हुए हैं। पत्र में यह साफ दर्शाया गया है कि दोनों विद्यालय शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के सतत प्रयासों का परिणाम हैं। स्वीकृति पत्र से सच्चाई जनता के सामने आ चुकी है, जिससे प्रदेश की जनता भाजपा के भ्रामक प्रचार से प्रभावित नहीं होगी।

**सरकार के प्रस्ताव पर स्वीकृत हुए विद्यालय, भाजपा कर रही श्रेय लेने की नाकाम कोशिश**

### राजनीति से ऊपर उठकर जनता के हित में करें कार्य

**इन** नेताओं ने कहा कि इस विषय पर अब किसी बहस की आवश्यकता नहीं है क्योंकि तथ्यों ने सब कुछ स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने भाजपा नेताओं से आग्रह किया कि वे इस मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय प्रदेश के विकास और शिक्षा के क्षेत्र में सार्थक योगदान दें। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि रोहित ठाकुर के नेतृत्व में क्षेत्र में शिक्षा और आधारभूत ढांचे के विकास के नए अध्याय लिखे जा रहे हैं।

## विकास में नहीं चलेगी दलगत राजनीतिः अनिरुद्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा है कि विकास कार्यों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर निष्पक्ष रूप से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की प्राथमिकता है कि क्षेत्र के अंतिम छोर तक सुविधाएं पहुंचे और हर गांव को सड़क से जोड़ा जाए।

कुसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान मंत्री ने विभिन्न पंचायतों में लोगों की समस्याएं सुनीं और कई विकास परियोजनाओं की आधारशिलाएं रखीं। उन्होंने बताया कि अब तक 62 सड़कों को एफआरए की मंजूरी मिल चुकी है, जबकि 126 प्रस्ताव प्रक्रियाधीन हैं। कुफरी जैसे पर्यटन क्षेत्रों में पार्किंग की समस्या को दूर करने के लिए योजना तैयार की जा रही है। साथ ही कनोर नाला में जल संग्रहण क्षमता बढ़ाने और कुफरी बाजार में पुलिस चौकी स्थापित करने का प्रस्ताव भी मुख्यमंत्री के पास भेजा गया है।

सतोग पंचायत में जनसभा को संबोधित करते हुए अनिरुद्ध सिंह ने रेलिंग, रास्तों और मैदान के पक्के निर्माण के लिए 10 लाख रुपए, श्मशान घाट के लिए 2 लाख, तथा महिला मंडल भवन के लिए 2 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने लोहार कैंची से रिहाड़, पोडलधार से रवाणी, और कावंती से पधार मार्गों की आधारशिला भी रखी, जिन पर क्रमशः 20 लाख, 25 लाख और 30 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।



मंत्री ने बताया कि क्षेत्र में 25 करोड़ रुपए की लागत से पंचायत घरों का निर्माण चल रहा है, जबकि नाबार्ड के तहत 15 करोड़ की सड़कें स्वीकृत की गई हैं। साथ ही चटोग-धरेच-मंडा मार्ग को 7.85 करोड़ की लागत से और फागू से धरेच सड़क को 15 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री इन विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

## कुमारसैन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी पथ संचलन



कुमारसैन में विजयदशमी पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी पथ संचलन में अनुशासित कदमों से आगे बढ़ते स्वयंसेवक।

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**कुमारसैन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को कुमारसैन खंड में भव्य शताब्दी पथ संचलन आयोजित किया गया। स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासन और उत्साह के साथ नगर भ्रमण किया। इस दौरान मातृशक्ति और स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया, जिससे पूरा नगर देशभक्ति और उल्लास से सराबोर हो उठा। विजयदशमी पर्व पर आयोजित इस अवसर पर शस्त्र पूजन और संघ कार्यकर्ताओं के संकल्प कार्यक्रम भी हुए। प्रांत प्रचार प्रमुख प्रताप समयाल ने संघ के उद्देश्यों और शताब्दी वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ का लक्ष्य व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण करना है। मुख्य अतिथि शम्भू लाल गौतम ने युवाओं से आह्वान किया कि वे संघ की प्रेरणा से समाज सेवा में योगदान दें। कार्यक्रम में रूपेश शर्मा ने कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष समाज के हर वर्ग के लिए आत्ममंथन और नव निर्माण का अवसर है।

**धोखाधड़ी** कर्नाटक का व्यापारी शिलारू मंडी से करोड़ों का माल लेकर हुआ फरार

# सेब व्यापार में 3.81 करोड़ की ठगी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल के ऊपरी इलाकों में इन दिनों सेब का मौसम जैसे-जैसे ढलान पर है, वैसे-वैसे बाजारों में ठगी की वारदातें बढ़ती जा रही हैं। शिलारू फल मंडी से एक ऐसी ही बड़ी ठगी की खबर सामने आई है, जिसने सेब व्यापार से जुड़े बागवानों और कारोबारियों को हिलाकर रख दिया है। ठियोग निवासी व्यापारी बलवीर कटोच ने पुलिस में शिकायत दी है कि बेंगलुरु नॉर्थ आरटी नगर का व्यापारी मोहम्मद नाजिम उनसे और चार अन्य व्यापारियों से सेब खरीदकर करीब 3.81 करोड़ रुपए लेकर फरार हो गया बलवीर कटोच ने बताया कि वह 20 जुलाई 2025 से शिलारू मंडी में थोक सेब व्यापार कर रहे हैं। नाजिम ने उनसे कुल 42,264 कार्टन सेब खरीदे थे, जिनकी कीमत करीब 7.22 करोड रुपए थी। उसने शुरुआत में 3.40 करोड़ रुपए का भुगतान किया और बाकी कुछ दिन में देने की बात कही। लेकिन 30 सितंबर को वह मंडी से अचानक गायब हो गया। न तो फोन उठाया, न कोई जवाब दिया। व्यापारी अब इसे एक सुनियोजित धोखाधड़ी मान रहे हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 318 (4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह पहला मामला नहीं है जब सेब व्यापार में इस तरह की ठगी हुई हो। हर सीजन में कुछ बाहरी व्यापारी मंडियों में आकर पहले भरोसा जीतते हैं, फिर बड़ी डील कर बागवानों का पैसा लेकर गायब हो जाते हैं। इस बार भी शिलारू और आस-पास की मंडियों में कई बागवानों के लाखों रुपए फंसे हैं। मौसम की मार, बेमौसम बारिश और बाजार में गिरते दामों से पहले ही परेशान बागवान अब आर्थिक झटके भी झेल रहे हैं। स्थानीय व्यापारियों और बागवानों ने इसे न सिर्फ आर्थिक ठगी बल्कि मेहनत की लूट कहा है। उनका कहना है कि इस बार फसल तो आई, पर दाम नहीं मिले, और जो थोड़ा बहुत मिला भी, वह अब ठग ले जा रहे हैं। कई बागवानों ने बताया कि जब कोई व्यापारी सीजन की शुरुआत में सही भुगतान करता है, तो विश्वास बन जाता है। लेकिन जब कारोबार बढ़ता है और रकम बड़ी होती है, तो वही व्यापारी पैसे लेकर भाग जाता है।




### हर सीजन में दोहराई जा रही ठगी की वारदातें

**यह** घटनाएं राज्य के सेब उद्योग में एक नई चिंता बन गई हैं। बागवानों का कहना है कि सरकार और मंडी प्रशासन को ऐसे मामलों में निगरानी बढ़ानी चाहिए ताकि बाहरी राज्यों से आने वाले व्यापारियों की पूरी जांच हो। नहीं तो हर साल मेहनत का फल किसी न किसी ठग की जेब में चला जाता है। सेब, जो हिमाचल की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, अब लगातार ठगी और नुकसान के बोझ तले दबता जा रहा है।

## प्रेम मेहता को महासचिव, वीर सिंह कपूर को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी



रामपुर में आयोजित बुशहर वॉलीबॉल एसोसिएशन की वार्षिक बैठक के दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारी व सदस्य।

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर**

**बुशहर** वॉलीबाल एसोसिएशन रामपुर की वार्षिक बैठक मंगलवार को नरसिंह मंदिर में अध्यक्ष बांका राम भलूनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत दिवंगत महासचिव दर्शन दास कायथ और आनंद नेगी को श्रद्धांजलि देकर की गई, जिसके पश्चात उपस्थित सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभा में सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसमें प्रेम मेहता को महासचिव, वीर सिंह कपूर को कोषाध्यक्ष, ऋषि रोच को संयुक्त सचिव, विजेश गोयल को संयोजक एवं राजेश गुप्ता और डॉ. सतपाल को प्रेस सचिव चुना गया।

नवनिर्वाचित महासचिव प्रेम मेहता ने कहा कि रामपुर क्षेत्र में खेलों, विशेषकर वॉलीबॉल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे तथा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर एवं संसाधन उपलब्ध करवाने हेतु हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय शराबबंदी संयुक्त मोर्चा का धरना 11 को

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** महात्मा गांधी स्मारक निधि, राजघाट (दिल्ली) पर 11 अक्तूबर को राष्ट्रीय शराबबंदी संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर एक दिवसीय धरना होगा। यह आयोजन पूर्ण शराबबंदी और नशा मुक्ति की मांग को लेकर किया जा रहा है। स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव राजपूत ने बताया कि यह अभियान सामाजिक संस्थाओं और राजनीतिक दलों के सहयोग से चलेगा। धरना सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक होगा। देश में नशे के फैलाव और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त माफियाओं के खिलाफ यह विरोध दर्ज किया जाएगा। शराब तथा नशा बंदी की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना होगा। धरने में राष्ट्रीय शराब बंदी संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष सुल्तान सिंह चौहान के साथ, स्वाभिमान पार्टी, भारत की जिम्मेदार पार्टी, प्रोटेस्ट ब्लॉक इंडिया, आर्य समाज, सर्वोदय मंडल, गांधीवादी संस्थाएं तथा अनेक साधु-संत तथा राजनीतिक सामाजिक संस्थाएं इस धरने में भाग लेंगी।

### जल स्रोतों और रास्तों की साफ-सफाई की

**अनंत ज्ञान, डरोह।** डरोह के धुरल स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 1 से 7 अक्तूबर तक सात दिवसीय विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने सुबह 5 बजे जागरण से लेकर रात 10:15 बजे तक निर्धारित समय-सारणी के अनुसार कार्य किया। शिविर के तहत विद्यालय परिसर, स्थानीय पौराणिक मंदिर, गोद लिए गांव हेव एवं हलू के जल स्रोतों, रास्तों, विद्यालय के बाहरी क्षेत्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई की गई। उद्घाटन सत्र में सीमा समकक्षिया, रितु शर्मा, अनिल जम्वाल, अजीत धीमान और महेंद्र सिंह ने मार्गदर्शन किया, जिससे शिविर की अनूठी विशेषता उजागर हुई। बौद्धिक सत्र में डॉ. तिलक राज राणा, रसायनिक विज्ञान के प्रवक्ता, तहसीलदार राजेश जरियाल, सहायक समन्वयक रजनीश अवस्थी, अर्थशास्त्र प्रवक्ता पारस धीमान और महेंद्र सिंह ने तार्किक वक्तव्य प्रस्तुत कर शिविर को अत्यंत सफल बनाया। इस शिविर ने स्वच्छता और सेवा भाव के साथ-साथ बौद्धिक विकास का भी संदेश दिया।

### पंडित विपन उत्कृष्ट ज्योतिष कार्य के लिए नवाजे



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पंजाब के जीरकपुर स्थित होटल ड्रीम्स इन एंड सूट्स में कॉस्मिक रिवर एकल्ट्स अवॉर्ड्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थापिका जैस्मिन जस के नेतृत्व में ज्योतिष, आध्यात्मिकता, अंकशास्त्र, टैरोट रीडिंग और वैदिक ज्योतिष के विशेषज्ञों ने अपने ज्ञान और शोध साझा किए। जवाली (कांगड़ा) के पंडित विपन शर्मा को उनके उत्कृष्ट ज्योतिष कार्य के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। हिमाचल से कैप्टन लेखराज शर्मा और धर्म गुरु डॉ. एच रावत भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी मेहमानों को पौधे वितरित किए गए, जिसकी सभी ने सराहना की।

### लंबागांव में मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती



अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। लोअर लंबागांव में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। हर वर्ष की भांति इस बात भी मंदिर में पहले झंडा रस्म के साथ भजन-कीर्तन और महर्षि वाल्मीकि को प्रसाद का भोग लगाने के साथ भंडारे का आयोजन किया गया।

### विकास को एक्सीलेंस अवॉर्ड ऑफ इंडिया से नवाजा



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** लोअर लंबागांव के मोटिवेशन फिटनेस क्लब के अध्यक्ष विकास राणा को पालमपुर में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित एक्सीलेंस अवॉर्ड ऑफ इंडिया 2025 से सम्मानित किया गया। इस समारोह में बॉलीवुड सेलिब्रिटी दिशांत गुल्लिया और पंजाबी सिंगर अबराम ने उन्हें सम्मानित किया। मोटिवेशन फिटनेस क्लब को पशु सेवा, मानव सेवा, बच्चों की कृष्ण लीला व रामलीला, सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण और नशे से युवाओं को दूर रखने जैसे सामाजिक कार्यों के लिए सराहा गया। विकास राणा ने सोनाली शर्मा, जग्गी औलख और वर्सटाइल जगज एंटरटेनमेंट टीम का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान जनसेवा के संकल्प को और मजबूत करेगा और हिमाचल सहित पूरे देश के युवाओं को प्रेरणा बनेगा।

### 200 स्वयंसेवकों ने लिया पथ संचलन में भाग

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड थुरल का पथ संचलन मंगलवार को संपन्न हुआ। संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पर आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रामेश्वर मिश्रा सेवानिवृत्त प्रोजेक्ट डायरेक्टर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग बौद्धिक प्रमुख शुभकरण थे। मुख्य वक्ता शुभकरण ने कहा कि संघ व्यक्ति निर्माण करता है। शाखा के माध्यम से व्यक्ति में संस्कार पैदा होते हैं। संघ ने अपने सौ वर्षों की यात्रा में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। कार्यक्रम में लगभग 200 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में खंड कार्यवाह संजय, खंड संघचालक मदन, खंड शारीरिक प्रमुख जोगेश, खंड प्रचार प्रमुख राजेश, खंड बौद्धिक प्रमुख पविंद्र, विभाग प्रचार प्रमुख शिव, प्रांत के अधिकारी राजेश, जिला शारीरिक प्रमुख विशाल आदि ने भाग लिया।

# ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसी को ब्याज सहित लौटानी होगी एयर टिकट की राशि

## जिला उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला, 20,000 रुपए मुआवजा भी देना होगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**ऑनलाइन** ट्रैवल एजेंसी द्वारा शिकायतकर्ता उपभोक्ता को शिकायत की तिथि से 5251 रुपए की हवाई टिकट राशि 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित लौटानी होगी। एजेंसी की ओर से उपभोक्ता को मानसिक कष्ट के तौर पर 10,000 व मुकदमे की लागत के तौर पर 10000 रुपए भुगतान भी करना होगा। यह फैसला जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद व नारायण ठाकुर की अदालत ने सुनाया है।

आयोग में दर्ज शिकायत में शिकायतकर्ता ने बताया था कि उन्होंने 26 अप्रैल, 2023 को एक ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसी की वेबसाइट के माध्यम से पुणे से दिल्ली के लिए एक विमान सेवा की उड़ान की टिकट बुक की थी। उड़ान की तारीख 13 मई, 2023 निर्धारित थी और उन्होंने 5,251 रुपए का भुगतान किया था। हालांकि यात्रा से ठीक पहले एयरलाइन ने संदेश भेजकर सूचित किया कि संबंधित विमान सेवा की 19 मई तक की सभी उड़ानें ऑपरेशनल कारणों से रद्द कर दी गई हैं और जल्द ही पूर्ण धन वापसी की जाएगी। लेकिन शिकायतकर्ता को न तो टिकट राशि वापस मिली और न ही ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसी से कोई संतोषजनक जवाब। इसके कारण उन्हें अपने गांव जाकर माता-पिता से मिलने का अवसर भी नहीं मिला और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा।

**कहा- एयरलाइन के दिवालिया होने पर भी ट्रैवल एजेंसी जिम्मेदार**

इसके मामले के तहत एजेंसी ने आयोग में अपना पक्ष रखते हुए जबाव में कहा कि संबंधित हवाई सेवा कंपनी दिवालिया घोषित हो चुकी है और एजेंसी ने उसके खिलाफ नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) में रिफंड का दावा दायर किया है।

एजेंसी का तर्क था कि वे केवल एक मध्यस्थ हैं और उड़ान रद्द करने या रिफंड देने की जिम्मेदारी एयरलाइन की है। इस सारे मामले में आयोग ने पाया कि टिकट का भुगतान ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसी को किया गया था और एजेंसी ने खुद ट्रिप फीस भी वसूली थी। आयोग ने यह माना कि उपभोक्ता और ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसी के बीच प्रत्यक्ष अनुबंध बना था, इसलिए कंपनी धन वापसी से इनकार नहीं कर सकती। आयोग ने कहा कि एजेंसी द्वारा टिकट राशि वापस न करना सेवा में कमी है। चूंकि एयरलाइन पहले ही दिवालिया घोषित हो चुकी है, इसलिए जिम्मेदारी सीधे ट्रैवल एजेंसी की बनती है। इसको आधार मानते हुए आयोग द्वारा उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसी को उपरोक्त आदेश जारी किए। आयोग ने स्पष्ट किया कि ऑनलाइन ट्रैवल पोर्टल उपभोक्ताओं के धन के प्रति जवाबदेह हैं और उन्हें यह जिम्मेदारी नहीं टालनी चाहिए कि भुगतान एयरलाइन को नहीं मिला। यह फैसला उन यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण है जिनकी टिकटें एयरलाइंस कंपनी के दिवालिया होने से प्रभावित हुईं और जिन्हें अब तक रिफंड नहीं मिला है।

# मॉडल प्रश्नपत्र की प्रक्रिया अंतिम चरण में, जल्द होंगे जारी

## नए तरीके से तैयार किए गए हैं प्रश्नपत्रों के नमूने

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की मॉडल प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है, जिन्हें जल्द जारी किया जाएगा। मॉडल प्रश्नपत्र के लिए प्रश्नों के नमूने नए तरीके से तैयार किए गए हैं। यही नहीं इसमें चैप्टर के आधार पर प्रश्नों को जोड़ा गया है। विद्यार्थियों को अध्ययन में किसी तरह की कोई परेशानी न हो, उसके लिए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से पहल करते हुए मॉडल प्रश्नपत्रों का बुकलेट तैयार किया जा रहा है, जिसे प्रश्नपत्र बैंक का नाम दिया गया है, जिसका लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा।

इस प्रश्नपत्र बैंक में 10वीं-12वीं कक्षा के अलावा उन कक्षाओं के प्रश्नपत्र मुहैया करवाए जाएंगे, जिनके लिए शिक्षा बोर्ड प्रश्नपत्र जारी करता है। शिक्षा बोर्ड प्रबंधन प्रश्नपत्र बैंक को तैयार कर रहा है। इसमें नए पैटर्न के अनुसार प्रश्नों को शामिल किया जा रहा है। प्रश्न पत्र रट्टा बेस्ड न होकर अध्ययन बेस्ड होंगे, ताकि विद्यार्थी पूरे अध्याय को ढंग से पढ़े और वार्षिक परीक्षाओं के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान भी उसे परेशान न होना पड़े। मॉडल प्रश्नपत्रों से विद्यार्थियों को अपना मूल्यांकन करने में भी मदद मिलेगी तथा वे अध्याय के अनुरूप अपने तैयारी की भी समीक्षा कर सकेंगे।

> **मॉडल** प्रश्नपत्र बैंक को लेकर अंतिम चरण की तैयारियां चल रही हैं। हमारी प्रक्रिया फाइनल स्टेज में है, बहुत जल्द प्रश्नपत्र बैंक जारी कर दिया जाएगा।
> **-डॉ. मेजर विशाल शर्मा, सचिव, शिक्षा बोर्ड।**

**मॉडल प्रश्नपत्र में अध्याय के हिसाब से जोड़े गए हैं प्रश्न**

### अनुसूचित जातियों पर अत्याचार सहन नहीं करेगा कोली समाज : कालीदास

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के लिमबड़ा गांव में 12 वर्षीय कोली समाज के बच्चे को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाली घटना पर कोली समाज जिला कांगड़ा के अध्यक्ष कालीदास और कार्यकारिणी ने दोषियों के खिलाफ अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने प्रदेश सरकार, राज्यपाल और उच्च न्यायालय से समानता के अधिकारों की रक्षा करने और अपराधियों को दंडित करने की अपील की। बच्चे का दोष सिर्फ इतना था कि उसने स्वर्ण समाज के घर को छू लिया था, जिसके कारण उस पर भेड़ या बकरी की बलि देने की धमकी दी गई। मानसिक सदमे में बच्चा आत्महत्या जैसा कदम उठा गया। कालीदास ने कहा कि कोली समाज न्याय के लिए हरसंभव कदम उठाएगा, जिसमें धरना-प्रदर्शन भी शामिल हैं। उन्होंने वर्तमान विधायक पर भी पीड़ित परिवार के पक्ष में न खड़े होने का आरोप लगाया। साथ ही, उन्होंने जातिवाद फैलाने वालों को चेतावनी दी कि वे भाईचारे को बिगाड़ने की कोशिश न करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहो कि कोली समाज अनुसूचित जातियों पर अत्याचार से नहीं करेगा।

### दाड़लाघाट में छात्राओं पर दर्ज एफआईआर को निरस्त करे प्रदेश सरकार : नैंसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रदेश की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने जारी बयान में कहा कि सोलन जिले के दाड़लाघाट में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कार्यक्रम के दौरान लंच न मिलने पर आवाज उठाने वाली छात्राओं पर एफआईआर दर्ज करना कांग्रेस सरकार की तानाशाही प्रवृत्ति को दर्शाता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इस कृत्य की कड़ी निंदा करती है। कार्यक्रम में आम जनमानस एवं छात्राओं को आमंत्रित कर, लंबे समय तक भूखा बैठाकर जब उन्होंने अपनी आवाज उठाई, तो उनके विरुद्ध मामला दर्ज कर देना लोकतांत्रिक मर्यादाओं का खुला उल्लंघन है। यह कार्य शिक्षा विरोधी मानसिकता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रहार का प्रतीक है। नैंसी ने कहा कि कहा जा रहा है कि छात्राओं को कार्यक्रम में बुलाया ही नहीं गया था, लेकिन वीडियो में स्पष्ट रूप से वे स्काउट एंड गाइड की ड्रेस में दिख रही हैं और उनके अध्यापक भी मौजूद थे। ऐसे में यह दावा सरासर गलत प्रतीत होता है। सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि यदि उन्हें बुलाया नहीं गया था, तो वे आधिकारिक ड्रेस में वहां कैसे पहुंचीं। भारत की परंपरा अतिथि देवो भव रही है, परंतु इस सरकार ने अतिथियों का अपमान कर लोकतंत्र के सम्मान को ठेस पहुंचाई है। भीड़ जुटाने के लिए जनता को बुलाना और फिर उनकी उपेक्षा करना किसी लोकतांत्रिक शासन का परिचायक नहीं है।

### वर्सटाइल जग्ज एंटरटेनमेंट ने किया फैशन शो का आयोजन

# मिस कैटेगरी में प्रकृति कौंडल बनी विजेता



वर्सटाइल जग्ज एंटरटेनमेंट की ओर से आयोजित फैशन शो में लगभग 70 बच्चों ने लिया भाग।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** वर्सटाइल जग्ज एंटरटेनमेंट की ओर से गौरविका पैलेस में फैशन शो का आयोजन किया गया। इस शो के ऑर्गेनाइजर जग्गी औलख और ब्रांड एंबेसडर सोनाली शर्मा थे।

कार्यक्रम में बॉलीवुड सेलिब्रिटी दिशांत गुल्लिया और पंजाबी सिंगर अबराम व गगन चहल विशेष रूप से मौजूद रहे। लगभग 70 बच्चों ने इस शो में भाग लिया। जज की भूमिका में पंकज जम्वाल, कुलविंदर कश्यप, आदि चौधरी और हरमन टांक ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रदेश एचआरटीसी परचेसिंग कमेटी के सदस्य एवं प्रमुख उद्योगपति अनुराग शर्मा मुख्य अतिथि थे। नितेश सूद, पिंटू अरोड़ा, राजेश ठाकुर समेत अन्य कई विशिष्ट अतिथि भी कार्यक्रम में शामिल हुए। मिस कैटेगरी में प्रकृति कौंडल विजेता रहीं, जबकि कोमल राणा प्रथम रनर अप और प्रिया डोगरा द्वितीय रनर अप रहीं। मिसेज कैटेगरी में सोनिका ने जीत दर्ज की। मिस्टर कैटेगरी में मुदित विजेता रहे। स्टेट टाइटल 'मिस्टर, मिस ग्लैमर आइकॉन ऑफ पंजाब' का खिताब चीकू ने अपने नाम किया। शो के ओपनर संगीता सोनी, अयांश शर्मा, पूजा ठाकुर और विवान राणा थे। शोस्टॉपर प्राइजी शर्मा, विभूति चौधरी, पीहू खत्री और राहुल शर्मा रहे। ग्रूमर सतविंदर कौर प्लाहा और दीपमाला जैन थीं। कार्यक्रम के अंतर्गत कई नामी हस्तियों को सम्मानित भी किया गया।

# सांबा गांव के लोग पानी और सड़क की समस्या से परेशान

## ग्रामीणों ने संजय सिंह चौहान को बताई समस्या, मिला आश्वासन



सांबा गांव के लोगों की पानी और सड़क की समस्या को सुनते संजय सिंह चौहान।

**अनंत ज्ञान, डरोह**

**उपमंडल** भवारना के सांबा गांव के लोग पेयजल और सड़क की समस्याओं से परेशान हैं। उन्होंने प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान को बुलाकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

स्थानीय निवासी साहिब शर्मा ने बताया कि उठाऊ पेयजल योजना के तहत मोटरें बार-बार जल जाती हैं, क्योंकि भारी वर्षा में चैंबर में पानी भर जाता है। मोटरों की मरम्मत में 10-15 दिन लग जाते हैं। साथ ही, पहाड़ी पर बनाए गए हौद में चार सालों से पानी नहीं डाला गया, जबकि अन्य गांवों को नियमित पानी मिलता है। सड़क की स्थिति पर उन्होंने कहा कि ढाटी से सांबा तक सड़क बेहद खराब है, गड्ढों से सड़क दिखाई देती है और दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। इन दोनों समस्याओं का शीघ्र समाधान चाहिए। संजय चौहान ने समस्याएं सुनने के बाद कहा कि उन्होंने जलशक्ति और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को साथ लाया है। मुख्यमंत्री सुक्खू से विशेष आर्थिक पैकेज की मांग कर इस परियोजना का जीर्णोद्धार प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि डीपीआर बनाकर सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा और संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दे दिए गए हैं। जल्द ही समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# पीएमश्री स्कूलों के विद्यार्थियों के ज्ञान की होगी परख

## 29 स्कूलों में 14 को होगा डायग्नोस्टिक टेस्ट, 46 डाइट स्टूडेंट्स निभाएंगे फील्ड इन्वेस्टीगेटर की भूमिका

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** प्रदेश के पीएमश्री स्कूलों में शिक्षारत विद्यार्थियों के ज्ञान के स्तर की परख के लिए शिक्षा विभाग की ओर से टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। कांगड़ा जिले के 29 पीएमश्री स्कूलों में 14 अक्तूबर को डायग्नोस्टिक टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस टेस्ट के आयोजन में डाइट धर्मशाला के 46 स्टूडेंट्स विभिन्न पीएमश्री स्कूलों में फील्ड इन्वेस्टीगेटर की भूमिका निभाएंगे। टेस्ट के माध्यम से विद्यार्थियों के ज्ञान के स्तर और शैक्षणिक उपलब्धियों का मूल्यांकन किया जाएगा।

### तीसरी, छठी और नौवीं के विद्यार्थी होंगे शामिल

**इस** टेस्ट में कक्षा तीसरी, छठी और नौवीं के विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा ओएमआर शीट के माध्यम से ली जाएगी । इसकी संचालन की जिम्मेदारी डाइट संस्थानों को दी गई है। कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों का अंग्रेजी व गणित का टेस्ट 60 मिनट, कक्षा छठी के विद्यार्थियों का अंग्रेजी, गणित व पर्यावरण विज्ञान का टेस्ट 90 मिनट और कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों का अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान विषय का टेस्ट 2 घंटे की अवधि का होगा।

### सीखने की क्षमता व कमी की होगी पहचान

**शिक्षा** विभाग ने सभी स्कूल प्रमुखों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इस टेस्ट के माध्यम से विद्यार्थियों की सीखने की शक्तियों और कमजोरियों की पहचान की जाती है। टेस्ट के बाद स्कूलों में चलाए गए शिक्षण अभियानों और गतिविधियों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया जाएगा।

> **जिला** के 29 पीएमश्री में 14 अक्तूबर को एक साथ डायग्नोस्टिक टेस्ट आयोजित किया जाएगा। टेस्ट में तीन कक्षाओं के विद्यार्थी पांच विषयों में परीक्षा देंगे। इससे विद्यार्थियों के सीखने के स्तर का सटीक आकलन हो सकेगा। टेस्ट रिपोर्ट तैयार होने के बाद विद्यार्थियों के ज्ञान स्तर के अनुसार जिलावार रैंकिंग भी जारी की जाएगी। यह मूल्यांकन आगे चलकर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने का आधार बनेगा।
> **डिंपल कंवर, जिला समन्वयक, अनुसंधान एवं मूल्यांकन जिला कांगड़ा**

### बीसीसीआई वीनू मांकड वनडे ट्रॉफी के लिए पुरुष अंडर-19 टीम घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) ने बीसीसीआई वीनू मांकड वनडे एलीट टूर्नामेंट के लिए पुरुष अंडर-19 टीम घोषित कर दी है। टीम की कमान आदित्य कटारिया को सौंपी गई है। प्रतियोगिता में हिमाचल अपना पहला मुकाबला त्रिपुरा के साथ खेलेगा। प्रतियोगिता के सभी मैच देहरादून में खेले जाएंगे। बिलासपुर के आदित्य कटारिया को कप्तान की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा टीम में ऋषव ठाकुर बिलासपुर, अक्षय वशिष्ठ हमीरपुर, अग्रिम चंबियाल कांगड़ा, सोहम मिश्रा कांगड़ा, सिद्धक ढिल्लों कांगड़ा, अंश धीमान कांगड़ा, अनीश किन्नौर, सचिन मेहता कुल्लू, लक्ष्य ठाकुर मंडी, सुजल ब्रोटा शिमला, जपनीत सिंह सिरमौर, जयादित्य डोगरा सोलन, नौनिहाल सोलन तथा कबीर सिंह सोलन और ऊना से अर्पित सिंह को जगह दी गई है। हिमाचल प्रदेश और त्रिपुरा 9 अक्तूबर को पहले मैच में आमने सामने होंगे। 11 अक्तूबर को दूसरा मैच छत्तीसगढ़, तीसरा मैच 13 को चंडीगढ़ के साथ, 15 को कर्नाटक के साथ तथा 17 अक्तूबर को हैदराबाद के साथ हिमाचल की भिड़ंत होगी। सभी मैच देहरादून में खेले जाएंगे।

### सुखू सरकार ने केंद्र से मिली करोड़ों की राशि बिना उपयोग लौटाई: घनश्याम



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं हिमाचल प्रदेश कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार की नीयत में खोट और विजन की कमी के कारण केंद्र से मिली हजारों करोड़ की राशि हर साल बिना उपयोग किए वापस भेजी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को स्वास्थ्य योजनाओं के लिए 954 करोड़ रुपए दिए थे, लेकिन उसका आधा बजट भी खर्च नहीं हो पाया। अब 2025-26 के लिए 1050 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है, परंतु मौजूदा सरकार की कार्यप्रणाली से यह आशंका है कि यह बजट भी बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश को लगातार सहयोग दे रही है। हाल ही में मातृ-शिशु सुरक्षा योजना के लिए 123 करोड़ रुपए तथा 843 करोड़ रुपए एडवांस सहायता के रूप में दिए गए हैं, लेकिन राज्य सरकार इन राशियों का सही उपयोग नहीं कर पा रही है। घनश्याम शर्मा ने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार का ध्यान विकास कार्यों की बजाय केंद्र और भाजपा पर आरोप लगाने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि देश के स्वास्थ्य मंत्री खुद हिमाचल में आकर कह चुके हैं कि केंद्र द्वारा दी गई राशि का जनहित में उपयोग किया जाए, परंतु सरकार की नाकामी और निकम्मापन इसके रास्ते में बड़ी बाधा बन चुका है।

**कार्यशाला** धर्मशाला में प्राकृतिक खेती पर दो दिवसीय कार्यशाला शुरू, किसानों को प्रोत्साहन देने का मंत्र

# पर्यावरण व किसानों की समृद्धि लिए प्राकृतिक खेती जरूरी




कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने 25-25 हजार रुपए के प्रोत्साहन राशि के चेक वितरित किए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कृषि** एवं पशुपालन मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार ने धर्मशाला में प्राकृतिक खेती विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। प्रो. चंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक खेती की दिशा में देशभर में उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। प्राकृतिक खेती पर्यावरण, मिट्टी और किसानों की समृद्धि के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन के माध्यम से

**कहा- सरकार प्राकृतिक खेती को जन आंदोलन बनाने के लिए प्रतिबद्ध**

प्राकृतिक खेती को जन आंदोलन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे इस दिशा में आगे बढ़कर आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ पर्यावरण और सुरक्षित अन्न सुनिश्चित करें। प्रदेश में अभी तक 3 लाख 6 हजार किसान बागवानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया गया है। राज्य की 3584 पंचायतों में 2,22,893 से अधिक किसान अब 38,437 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक तरीके से विविध फसलें ले रहे हैं। इसके उपरांत प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के राज्य परियोजना निदेशक हेमिस नेगी ने प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस योजना का लक्ष्य खेती को रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता से मुक्त कर सतत एवं लाभकारी बनाना है।

### 25-25 हजार रुपए के चेक वितरित

इस अवसर पर कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर (बीआरसी), ब्लॉक नगरोटा सूरिया की सुमना देवी, फतेहपुर ब्लॉक के उमेश कुमार, ब्लॉक बडोह की सविता देवी, धर्मशाला ब्लॉक की ललिता देवी तथा नगरोटा बगवां ब्लॉक के बलवंत कुमार को 25-25 हजार रुपए के प्रोत्साहन राशि के चेक वितरित किए। इसके अलावा कृषि मंत्री ने सिया स्वयं सहायता समूह ब्लॉक भेडू महादेव, अनमोल कृषि समूह नगरोटा बगवां ब्लॉक, शिव महिला कृषि समूह धर्मशाला ब्लॉक, प्राकृतिक खेती किसान ग्रुप फतेहपुर ब्लॉक, जागृति कृषि समूह देहरा ब्लॉक को 10-10 हजार रुपए के प्रोत्साहन राशि के चेक वितरित किए। इस कार्यशाला में कांगड़ा, चंबा और हमीरपुर जिले के 500 से अधिक किसान भाग ले रहे हैं।

# सिहोटू वॉलीबाल टूर्नामेंट में लंबागांव की टीम बनी विजेता

## सांबा टीम रही उपविजेता, 20 टीमों ने लिया भाग



युवा क्लब सिहोटू ने किया एक दिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** युवा क्लब सिहोटू की ओर से आयोजित पंचायत स्तरीय एक दिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट में लंबागांव की टीम विजेता बनी, जबकि सांबा की टीम उपविजेता रही। यह प्रतियोगिता श्री विश्वेश्वर महादेव ग्राउंड अपर सिहोटू में संपन्न हुई।

प्रतियोगिता में लगभग 20 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला लंबागांव और सांबा की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें लंबागांव की टीम ने शानदार खेल

**विजेता टीम को 4100 रुपए और ट्रॉफी देकर नवाजा**

का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। विजेता टीम को 4100 रुपए की नकद राशि और ट्रॉफी दी गई, जबकि उपविजेता टीम को 3100 रुपए और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

आयोजन को सफल बनाने में मुकेश, विकास कुमार, कुलजीत कुमार और राकेश कुमार सहित युवा क्लब के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# बर्फ से ढकीं धौलाधार की पहाड़ियां


## पर्यटन उद्यमी बोले, बारिश न हुई तो पर्यटन पकड़ेगा रफ्तार, बर्फबारी का पर्यटन क्षेत्र को लाभ मिलने की आस

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** कांगड़ा घाटी में पिछले दो दिनों से जारी बारिश ने जहां घाटी में ठंडक बढ़ा दी है। वहीं, धौलाधार की पहाड़ियां बर्फ से लकदक हो गई हैं। धौलाधार पर बिछी बर्फ की सफेद चादर हर किसी को आकर्षित कर रही है। उधर, पर्यटन उद्यमियों का कहना है कि आगामी दिनों में बारिश न हुई तो पर्यटकों की आमद बढ़ेगी और पर्यटन रफ्तार पकड़ेगा। वैसे ही ऊंची पहाड़ियों पर बर्फबारी का कांगड़ा घाटी में पर्यटन क्षेत्र को लाभ मिलता रहा है।

हालांकि कुछ पर्यटन उद्यमियों का कहना है बर्फ और नीचे आती तो बेहतर होता, लेकिन धौलाधार पहाड़ियों ने जिस तरह से अक्तूबर माह में सफेद चादर बिछी है, इसका लाभ पर्यटन कारोबार में जरूर होगा। बुजुर्गों का कहना है कि इस तरह की बर्फबारी पूर्व के वर्षों में अधिकतर दिसंबर माह में देखने को मिलती थी, ऐसे में यह कहना गलत न होगा कि जिस तरह इस वर्ष बरसात समय से पूर्व आई थी, उसी तरह बर्फबारी का दौर भी समय से पहले शुरू हो गया है, जो कि पर्यटन क्षेत्र के लिए अच्छा संकेत है। यदि धौलाधार पर गिरी बर्फ की चादर वीकंड तक टिकी रहती है तो निश्चित तौर पर पर्यटन आमद पिछले वीकंड के मुकाबले दो गुना होने की उम्मीद है। उधर, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला के अध्यक्ष राहुल धीमान का कहना है कि अक्तूबर में धौलाधार पर बर्फबारी अच्छा संकेत है। बर्फबारी का पर्यटन को लाभ मिलता है, आगामी दिनों में बर्फ टिकी रहती है और बारिश न हो तो निश्चित तौर पर पर्यटक आमद बढ़ेगी।

**धौलाधार पर बिछी बर्फ की सफेद चादर को देख हर कोई आकर्षित**



धौलाधार की पहाड़ियों पर हुई ताजा बर्फबारी का नजारा।



# बारिश ने रोका पर्यटन नगरी के मार्गों का मरम्मत कार्य

## समय से पहले बर्फबारी से बढ़ेगी पर्यटकों की आमद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पर्यटन** नगरी मैक्लोडगंज की कनेक्टिविटी को बहाल करने के लिए हालांकि प्रशासन ने प्रयास शुरू कर दिया था, लेकिन पुन: बारिश ने मरम्मत कार्य पर विराम लगा दिया है। समय से पहले हुई बर्फबारी से पर्यटकों की आमद बढ़ने की उम्मीद पर्यटन उद्यमी लगाए हुए हैं। इस बार वीकेंड पर्यटकों ने धर्मशाला और मैक्लोडगंज का रुख किया था, जिसमें रोड कनेक्टिविटी बहाल होने पर और इजाफा होने की आस है। गौरतलब है कि धर्मशाला से मैक्लोडगंज जाने वाला खड़ा डंडा मार्ग और बाइपास बंद हो चुका है। वहीं, बात करें धर्मशाला-मैक्लोडगंज वाया कैंट मार्ग की तो, इस मार्ग पर भी कई जगह जमीन धंसने से सड़क बैठ गई है, जिसके चलते बड़े वाहनों की आवाजाही मैक्लोडगंज के लिए नहीं हो पा रही है। ऐसे में देश के विभिन्न राज्यों से बसों में घूमने आए पर्यटकों को टैक्सियां हायर करके धर्मशाला की वादियां निहारनी पड़ रही हैं। यही नहीं जिन बसों में पर्यटक आ रहे हैं, उन बसों को पार्क करने तक ही जगह शहर में उपलब्ध नहीं है, जिसके चलते कई पर्यटक धर्मशाला को जोड़ने वाले सड़क मार्गों के किनारे खड़ी देखी जा सकती हैं। मैक्लोडगंज के पर्यटन उद्यमियों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि पर्यटन नगरी की कनेक्टिविटी को बहाल करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाए, जिससे पर्यटकों के बड़े वाहन भी आ जा सकें और पर्यटन को पंख लगें। इस बार बरसात ने जहां समय से पहले दस्तक दी थी, वहीं बारिश का क्रम अभी तक जारी है। उधर, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला के अध्यक्ष राहुल धीमान का कहना है कि मैक्लोडगंज की कनेक्टिविटी को बहाल करने का कार्य प्रशासन द्वारा युद्धस्तर पर किया जाए। पर्यटन सीजन से पहले सड़कों की दशा को सुधारा जाए, जिससे कि पर्यटन उद्यमी मंदी की मार से उबर सकें। पर्यटकों की आमद शुरू हो चुकी है, उम्मीद है सड़कें बहाल होने पर पर्यटकों की संख्या में और इजाफा होगा।

**वीकेंड पर शुरू हुआ क्रम, आगे जारी रहने की उम्मीद**

## बरसात से बिजली बोर्ड को एक करोड़ का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बरसात में बिजली बोर्ड धर्मशाला मंडल के तहत करीब एक करोड़ रुपए का नुकसान आंका गया है। इस बार बरसात भी काफी लंबी रही है। एक्सईएन बिजली बोर्ड विकास ठाकुर ने बताया कि बरसात से पहले बिजली बोर्ड ने कई नेटवर्क बनाए थे और एलटी केबल भी डाली थी। एलटी पार्ट में बोर्ड को बहुत कम नुकसान हुआ है, क्योंकि उसमें जो केबलस डाली थी, उसके तहत धर्मशाला की सप्लाई रिंग मैन सिस्टम में रखी गई है। बरसात में जो नुकसान हुआ था, उसमें टेंपरेरी रिस्टोरेशन तो सारी कर दी गई थी, लेकिन परमानेंट रिस्टोरेशन का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि बरसात में कई जगह जहां भूस्खलन हुए थे, ऐसी जगहों पर 4 से 5 पोल एक साथ ढह गए थे, उनका परमानेंट रिस्टोरेशन किया जा रहा है। कई जगह पर लाइन रूट भी बदलने पड़े हैं। नुकसान की रिपोर्ट तैयार करके उच्च अधिकारियों को भी साथ-साथ भेजी जा रही है। वहीं परमानेंट रिस्टोरेशन कार्य को युद्धस्तर पर किया जा रहा है।

## ‘सैंज में हुई आत्महत्या तथा हत्या की घटनाओं के लिए स्वर्ण समाज को दोषी ठहराना सही नहीं’

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

**राजपूत** कल्याण सभा ट्रस्ट कांगड़ा ने कम्युनिस्ट पार्टी (सीटू) द्वारा गांधी चौक, हमीरपुर में आयोजित धरना व सभा की कड़ी निंदा की है। सभा अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, मुख्य संरक्षक टेक चंद राणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा व महासचिव विजय ने संयुक्त बयान में कहा कि रोहड़ू और सैंज की घटनाओं को जातिगत रंग देकर स्वर्ण समाज को दोषी ठहराना समाज में जातीय वैमनस्य फैलाने का प्रयास है, जो अत्यंत निंदनीय व दुर्भाग्यपूर्ण है।

सभा ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में ऐसी बयानबाजी दोहराई गई, तो उसका कड़ा विरोध किया जाएगा और कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजपूत कल्याण सभा एक गैर-राजनीतिक संस्था है जो सभी जातियों का सम्मान करती है और समाज के समग्र हित के लिए कार्य करती है। सभा ने कहा कि अपराध को जाति से जोड़ना सरासर गलत है। दोषी चाहे किसी भी जाति से हो, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। सभा ने सामान्य वर्ग से अपील की कि ऐसे जातिगत राजनीतिक एजेंडों का बहिष्कार करें और एकजुट होकर विरोध दर्ज कराएं।

## पोती संग घर लौट रहे बुजुर्ग पर बैल ने किया हमला, टांडा में भर्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** टंग स्थित भगवान शिव मंदिर के बाहर विश्वजीत सिंह अपनी गोद में पोती को लेकर घर लौट रहे थे, तभी एक बेसहारा बैल ने अचानक उन पर हमला कर दिया। यह हमला पूरी तरह से बिना किसी उकसावे के हुआ। बैल ने दोनों को जोरदार तरीके से टक्कर मारी, जिससे वे जमीन पर गिर गए। घटना स्थल पर मौजूद संगम शर्मा ने घायलों को टांडा मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने आपातकालीन विभाग में दोनों का तुरंत उपचार किया। बच्ची के कंधे में फ्रैक्चर पाया गया और दो दिन बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जबकि विश्वजीत सिंह अभी भी टांडा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती हैं।

पंचायत प्रधान संतोष कुमार ने बताया कि इस संबंध में कई बार जिला प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। उन्होंने प्रशासन से इस संबंध में ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# भाटनाला गांव के जवान कर्ण का निधन सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा** जिले के भाटनाला गांव में उस समय शोक की लहर दौड़ गई जब गांव के 32 वर्षीय आर्मी जवान कर्ण की असमय मृत्यु की खबर मिली। कर्ण को शनिवार रात अचानक सीने में दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद उन्हें चंडीगढ़ स्थित कमांड अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन रविवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। कर्ण की मृत्यु से गांव में गहरा दुख छा गया है। ग्रामीणों सहित उनके माता-पिता और पत्नी गम में डूबे हुए हैं। जैसे ही यह खबर गांव में फैली, लोग बड़ी संख्या में उनके घर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त करने लगे। मंगलवार को जब कर्ण का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचा, तो पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।



इस दौरान यूनिट के जवानों ने उन्हें सलामी दी और नम आंखों से अंतिम विदाई दी। कर्ण ने मात्र 18 वर्ष की आयु में भारतीय सेना ज्वाइन की थी और बीते 14 वर्षों से देश की सेवा में समर्पित थे। स्थानीय पंचायत प्रधान केवल चौधरी ने कहा कि इस दुख की घड़ी में हम शोकाकुल परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

## ढाई किलो चरस मामले में चार लोग गिरफ्तार

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ छेड़े गए अभियान के तहत बीते दिन सोमवार को पकड़ी गई ढाई किलो चरस के मामले में पिता-पुत्र सहित दो अन्य आरोपियों को ज्वाली से गिरफ्तार कर लिया है। इससे पूर्व बीते दिन पकड़े गए मंडी जिला के तस्कर से कड़ी पूछताछ के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन दोनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक के चरस की खेप को इन दोनों को देने जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में वांछित आरोपी रमेश कुमार उर्फ मेशी पुत्र मगंत राम व उसके बेटे अंकित पुत्र रमेश चंद दोनों निवासी ज्वाली को बीती रात ही गिरफ्तार कर लिया था। एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### जम्मू के किसानों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# कृषि विविधीकरण और आय सृजन को बढ़ावा देने पर जोर



किसानों के लिए सगंध और उच्च मूल्ययुक्त फसलों पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**सीएसआईआर**-हिमालय जैव संपदा प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर-आईएचबीटी), पालमपुर द्वारा जम्मू क्षेत्र के किसानों के लिए सगंध और उच्च मूल्ययुक्त फसलों पर दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सगंध, औषधीय एवं उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती के माध्यम से कृषि विविधीकरण और आय सृजन को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम में जम्मू क्षेत्र के 30 से अधिक किसानों ने भाग लिया। ये किसान पारंपरिक रूप से गेहूं, मक्का, हल्दी, तिल और बाजरा जैसी फसलें अपने गुजर-बसर के लिए उगाते हैं, लेकिन इन्हें बंदरों, मोरों और जंगली सूअरों द्वारा नुकसान के साथ-साथ वर्षा पर निर्भर कृषि जैसी प्रमुख चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिससे उनकी फसल उत्पादकता और आय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सीएसआईआर-आईएचबीटी के निदेशक डॉ. सुदेश कुमार यादव ने कहा कि संस्थान उत्तर-पश्चिमी हिमालय में सगंध और उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों को वैज्ञानिक एवं तकनीकी सहयोग का आश्वासन दिया, ताकि वे इन फसलों की खेती और मूल्य संवर्धन के माध्यम से आजीविका के अवसर बढ़ा सकें। मुख्य वैज्ञानिक एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. राकेश कुमार ने जम्मू क्षेत्र के लिए उपयुक्त प्रमुख सगंध फसलों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

## दुराना में आरएसएस का भगवा ध्वज लहराया

**अनंत ज्ञान, कोटला।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जिला कांगड़ा के लंज खंड अंतर्गत दुराना में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आरएसएस का भगवा ध्वज फहराया गया और संघ गीत के साथ वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया। रजिस्ट्रार एकेडमिक डीन जगदेव सिंह राणा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला संघ कार्यवाह सुधीर, मुख्य वक्ता रक्षपाल शास्त्री, खंड चालक नीरज, खंड कार्यवाह सूरज व अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता ने संघ के इतिहास, त्योहारों और शस्त्र पूजन की परंपरा पर प्रकाश डाला। स्वयंसेवकों ने शस्त्र पूजन के उपरांत दुराना पैलेस से खैरियां तक भव्य पथ संचलन किया। मार्ग में मातृशक्ति ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस आयोजन में 130 स्वयंसेवक और 80 माताएं-बहनें सम्मिलित हुईं। विजयदशमी के अवसर पर सभी स्वयंसेवक नए गणवेश में दिखे, जिससे माहौल अनुशासन और गौरव से भर गया।

# सिने प्रेमियों को रोमांचित करेगा धर्मशाला फिल्म फेस्टिवल

## फिल्मों के चयन की प्रक्रिया जारी, तीस अक्तूबर से एक नवंबर तक किया जाएगा आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सिने प्रेमियों को रोमांचित करने धर्मशाला इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आगाज इस माह के अंत में होगा। जिसके लिए फिल्मों के चयन की प्रक्रिया जारी है। फेस्टिवल का आयोजन 30 अक्तूबर से 2 नवंबर तक मैक्लोडगंज के नड्डी के तिब्बती चिल्ड्रन्स विलेज में आयोजित किया जाएगा। फेस्टिवल में देश-विदेश के फिल्म निर्माता व निर्देशक शिरकत करेंगे। धर्मशाला के लुभावने पहाड़ी परिदृश्यों के बीच चार दिनों तक प्रभावशाली कहानियों, फिल्म निर्माताओं के साथ प्रेरक बातचीत और जीवन व कला के एक नए दृष्टिकोण देखने को मिलेंगे। डीआईआईएफ के आयोजक रीतू सरीन व तेजिंग सोनम ने बताया कि फिल्मों का चयन किया जा रहा है। चयनित फिल्मों में विक्टोरिया, रूहरंगी, एक पहाड़ी सर्प का रहस्य, 1 पीबी नामक गांव में संगीत, कुआं, एक परिवार का संक्षिप्त इतिहास, मोला सहित अन्य फिल्में शामिल हैं।

### युवा ब्यूटीशियन की कहानी है विक्टोरिया

**विक्टोरिया** फिल्म एक उपनगरीय ब्यूटी पार्लर में काम करने वाली युवा ब्यूटीशियन विक्टोरिया, अपने रूढ़िवादी कैथोलिक माता-पिता के साथ तीखी बहस के बाद अपने हिंदू प्रेमी के साथ भागने का फैसला करती है। रूहरंगी फिल्म सपनों, अभिलेखों और जीवंत इतिहास की भूलभुलैया में एक विचित्र यात्रा, रूहरंगी वास्तविकता और कल्पना के बीच की यात्रा कराती है। एक पहाड़ी सर्प का रहस्य फिल्म कारगिल युद्ध के दौरान एक सुदूर हिमालयी कस्बे में स्थापित, एक पहाड़ी सर्प का रहस्य बरखा की अंतरंग कहानी कहता है, जो एक स्कूल शिक्षिका है जिसका पति सीमा पर है। पीबी नामक गांव में संगीत फिल्म बदलती रेत के परिदृश्य में, बिना नाम, सिर्फ एक संख्या वाले जालों में घिरा एक समुदाय, भारत-पाकिस्तान सीमा के भारतीय हिस्से में, थार रेगिस्तान में एक बिंदु, 1 पीबी जैसे गांवों में अपने संगीत का अभ्यास करता है।

**देश-विदेश के फिल्म निर्माता व निर्देशक करेंगे शिरकत**

### पानी के लिए आदिवासियों के संघर्ष की कहानी है कुआं

**कुआं** फिल्म पूर्वी और पश्चिमी घाटों के संगम पर सोलागनाई नामक एक आदिवासी गांव है, जहां सोलागर नदियों के उद्गम स्थल में रहने के बावजूद पीने के पानी के लिए संघर्ष करते हैं। एक परिवार का संक्षिप्त इतिहास फिल्म हाई स्कूल में हुई एक घटना के बाद, मध्यमवर्गीय परिवार का मिलनसार इकलौता बेटा वेई और उसका शांत, समझदार सहपाठी शुओ, किसी रहस्यमयी ऊर्जा के जरिए एक-दूसरे से जुड़ जाते हैं जो उन्हें एक-दूसरे के जीवन में गहराई से खींचती है।

### एक तिब्बती कहानी है ‘मोला’

**मोला** फिल्म प्रेम और क्षति की एक तिब्बती कहानी है, लगभग 60 वर्षों के निर्वासन के बाद, 100 वर्षीय तिब्बती नन कुनसांग वांगमो जिन्हें मोला (दादी) के नाम से जाना जाता है, तिब्बत में मरने के लिए घर लौटने का सपना देखती हैं।

## घर न गिराएं, चाहे जमीन के बदले जमीन ले सरकार : अतुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता अतुल भारद्वाज ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि वह पुश्तैनी कब्जाधारियों के लिए राहतकारी पॉलिसी बनाए। उन्होंने कहा कि कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए भी ऐसे लोगों को राहत दी जा सकती है। उन्होंने सुझाव दिया कि कब्जाधारियों से जमीन के बदले जमीन ली जाए या जिस भूमि पर वे वर्षों से रह रहे हैं, उसे ही अलॉट किया जाए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में करीब 1.67 लाख ऐसे परिवार हैं, जिन्होंने अपने कब्जों को नियमित करने का आवेदन किया था, लेकिन कब्जे नियमित होना तो दूर की बात है, अब उन्हें उजड़ने का डर सता रहा है। हमीरपुर जिले के 74 वर्षीय जंबा ने बताया कि उनके घर में शादी है, लेकिन उन्हें घर गिराए जाने की चिंता अधिक है। उन्होंने कहा कि सात पुश्तों से वे वहीं रह रहे हैं, और अब उजड़ने का खतरा है। अतुल भारद्वाज ने सरकार से नीति बनाकर राहत देने की मांग की है।

**कार्यक्रम** | सीयू में आयोजित कजाखस्तान डांस कार्यक्रम में बोले कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल

# संस्कृत का मूल आधार ही भारतीय ज्ञान परंपरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर कल्चरल टूरिज्म की ओर से कजाखस्तान डांस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने शिरकत की। वहीं, अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार और कुलसचिव प्रो. नरेंद्र सांख्यान मौजूद रहे। कुलपति ने कहा कि दुनिया का हर जागरूक एवं विकसित देश अपनी सभ्यता, संस्कृति, ज्ञान-परंपरा एवं विरासत को सहेजने का प्रयत्न करता है। फिर भारत तो एक ऐसा देश है, जिसकी सभ्यता, संस्कृति, परंपरा आदि में दुनिया को दिशा देने वाली मौलिक, किंतु सार्वभौमिक विशेषताएं देखने को मिलती हैं। भारतीय संस्कृति एवं संस्कृत का मूल आधार ही भारतीय ज्ञान परंपरा है। भारतीय ज्ञान परंपरा भारतवर्ष में प्राचीनकाल से चली आ रही शिक्षा प्रणाली है। इसके चलते वेद, वेदांग, उपनिषद, श्रुति, स्मृति से लेकर विभिन्न प्रकार के दर्शनशास्त्र, धर्मशास्त्र, अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, नाट्यशास्त्र, प्रबंधन एवं विज्ञान विद्याशाखा इत्यादि के अथाह ज्ञान भंडार हैं।



सीयू के सेंटर फॉर कल्चरल टूरिज्म की ओर से कजाखस्तान डांस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### भारत की संस्कृति है काफी पुरानी दूसरे देश जानने के इच्छुक : डॉ. भूपेन

**अल्माटी,** कजाखस्तान से आने वाली टीम में अकमारल काइनजारोवा, मरिना शिलेंकोवा, पोलीना अकुलेन्को, इलोना कोवा, आय्यम झनात, अस्सेल कालिबेकोवा, ऐशा बाजारकुलोवा, वेरोनिका बुराबायेका, भूपने डाडवाल शामिल हैं। पेशे से चिकित्सक डॉ. भूपने डाडवाल के अनुसार भारत की संस्कृति काफी पुरानी है। दूसरे देशों के लोग यहां के बारे में जानने के काफी इच्छुक रहते हैं। इस तरह के आयोजन काफी महत्वपूर्ण रहते हैं। इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों में कजाख लोक नृत्य, भारतीय शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम, दुर्गा देवी पर, भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक, उत्तराखंड का पहाड़ी लोक नृत्य, भारतीय शास्त्रीय नृत्य और भारतीय शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम और फ्यूजन की प्रस्तुति प्रमुख रही।

## कजाकिस्तान से आई टीम ने प्रस्तुत की नृत्यों की शृंखला

सेंटर फॉर कल्चरल टूरिज्म के निदेशक प्रो. संदीप कुलश्रेष्ठ के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा गत वर्ष कजाकिस्तान की राजधानी अलमाटी में उन्होंने केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ एक एमओयू भी साइन किया। इकसे तहत विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र एवं अलमाटी के सेंटर फॉर इंडियन कल्चर एंड योगा के बीच सामजस्य के तहत वहां से एक टीम विशेष रूप से अलमाटी, कजाकिस्तान से आई है, जिसने भारतीय परंपरा में नृत्यों की शृंखला को प्रस्तुत की। यह बात महत्वपूर्ण है कि आज भारतीय संस्कृति को केवल देश में ही नहीं, अपितु विदेशों में भी माना जा रहा है और इसी के अंतर्गत 8 नृत्यांगनाएं अलमाटी से आई हैं, जो इंडियन क्लासिकल नृत्यों की प्रस्तुति देंगी, जिसमें भरतनाटयम और अन्य विधाएं शामिल हैं उनका प्रस्तुतिकरण करेंगी और एक महत्वपूर्ण बात यह है की इस तरह से विश्वविद्यालय वो केंद्र हैं, जो विद्यार्थियों को केवल अकादमिक चीजें ही नहीं बल्कि परफॉर्मिंग आर्ट्स के बारे में भी जानकारी देते हैं।

# पठानकोट गोलीकांड मामले में आरोपी सचिन हथियार, कारतूस और हेरोइन के साथ गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** पठानकोट शहर के उच्ची पुली साइड हुए कुछ दिन पहले हुए गोलीकांड मामले में आरोपियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

पुलिस ने हमलावरों के हथियार को अपने पास रखने वाले 12वें आरोपी सचिन पुत्र दिलबाग सिंह निवासी बहरामपुर जिला गुरदासपुर को पठानकोट की थाना डिवीजन नंबर-2 की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक 32 बोर पिस्टल, 3 जिंदा कारतूस और 20 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

डीएसपी सिटी सुमेर सिंह मान ने कहा कि आरोपी सचिन मुकदमा नंबर-170, जिसमें मानव व दलबीर ने एक युवक पर फायरिंग की थी और वारदात के बाद आरोपी दलबीर ने 32 बोर पिस्टल और कुछ जिंदा कारतूस सचिन को छिपाने के लिए दे दिए।

इसी मामले में पुलिस ने टीमें बनाकर आरोपी को सचिन को 32 बोर पिस्टल, 3 जिंदा कारतूस और 20 ग्राम हेरोइन समेत काबू किया है। आरोपी सचिन खिलाफ नया मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने अब तक इस मामले में 12 आरोपी पकड़ लिए हैं, जबकि आरोपियों का 13वां साथी अभी पुलिस गिरफ्त से फरार है, जिसकी पुलिस को तलाश है।



पठानकोट शहर में हुए गोलीकांड मामले में गिरफ्तार आरोपी पुलिस टीम के साथ।

## न्यूज ब्रीफ

### स्टूडेंट्स ने की स्कूल परिसर की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, नैना देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक श्री नयना देवी जी में चल रहे राष्ट्रीय सेवा शिविर के चौथे दिन छात्रों ने विभिन्न गतिविधियां शुरू करते हुए सुबह की शुरुआत प्रभातफेरी से की। मां श्री नयना देवी जी का आशीर्वाद लेकर छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की। उसके बाद योग अभ्यास एवं व्यायाम किया। इस दौरान स्त्रोत व्यक्ति विभागीय जानकारी भी प्रदान कर रहे हैं। इस शिविर में छात्र-छात्राओं को अध्यापकों द्वारा शैक्षणिक ज्ञान तथा रात्रि में भजन कीर्तन नृत्य गीत नाटक आदि की गतिविधियां भी करवाई जा रही है।

### पंजगाई में सहकारी सभा समिति के कार्यालय का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मानव विकास संस्थान द्वारा नाबार्ड एवं अडानी फाउंडेशन के आर्थिक सहयोग से संचालित धौंकोठी पंजगाई जलागम विकास परियोजना के अंतर्गत पंजगाई में पंजीकृत दि पांडव भूमि किसान उत्पादक सहकारी सभा सीमित के कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक नरेश कुमार तथा अडानी फाउंडेशन से हितेंद्र कपूर उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने दीप प्रज्वलन, पूजा-अर्चना एवं रिबन काट कर कार्यालय का शुभारंभ किया। समारोह में धौंकोठी, पंजगाई, बैरी और बरमाना ग्राम पंचायतों से लगभग 50 किसान शामिल हुए। दि पांडव भूमि किसान उत्पादक सहकारी सभा सीमित में सुरेंद्र कुमार ठाकुर शास्त्री को प्रधान बनाया गया। इसके उपरांत समिति में सदस्यों की नियुक्ति की जाएगी। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे कृषि क्षेत्र के लिए एक सराहनीय पहल बताई। मानव विकास संस्थान के परियोजना प्रबंधक विनोद कुमार ने बताया कि यह सहकारी सभा किसानों को उचित दामों पर उच्च गुणवत्ता का बीज एवं खाद उपलब्ध करवाएगी।

### जन चेतना कला मंच ने किया लोगों को जागरूक

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सौजन्य से विकास खंड नैना देवी में सरकार द्वारा चलाई जा रही अनुसूचित जाति जन जाति के लोगों को जानकारी दी गई इस अवसर पर जन चेतना कला मंच झंडूता के अध्यक्ष मच्छेंद्र भारती के नेतृत्व में ग्राम पंचायत भाखड़ा व सलोवा में गीत संगीत नुक्कड़ नाटक व समूह गीत के माध्यम से उपस्थित ग्राम वासियों को जागरूक किया। कलाकारों ने मुख्यमंत्री विधवा, एकल नारी योजना महर्षि वाल्मीकि, कामगार आवास योजना आदि योजनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर भाखड़ा पंचायत प्रधान , सुमन देवी, उपप्रधान प्रभात, सचिव सोडी राम आदि उपस्थित रहे।

### महिलाओं को दिए पोषण योजनाओं के टिप्स

**अनंत ज्ञान, बरमाना।** आंगनबाड़ी केंद्र पंजगाई वार्ड नंबर 3 में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएम एससी अध्यक्ष राजीव कुमार ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गीत गायन की रस्म निभाई गई। पोषण दिवस के अवसर पर बच्चों की प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजनों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को पोषण योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यह बताया गया कि संतुलित आहार में किस प्रकार के भोजन को शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रूमा शर्मा, रत्नी देवी,इंद्रा देवी, व जमुना शर्मा द्वारा पोषण पर आधारित गीत प्रस्तुत किया गया।

### यशवंत बने विद्युत बोर्ड कर्मचारी यूनियन के प्रधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड कर्मचारी यूनियन की बिलासपुर इकाई की कमान एक बार फिर से यशवंत चौहान बिट्टू को सौंपी गई है। विद्युत विश्राम गृह में यूनियन के प्रदेश महासचिव हीरालाल वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न चुनाव में उन्हें लगातार पांचवीं बार जिला अध्यक्ष चुना गया। बैठक के दौरान विद्युत बोर्ड के कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के साथ ही 15-16 अक्टूबर को शिमला में प्रस्तावित राज्य स्तरीय अधिवेशन और प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव में भागीदारी को लेकर रूपरेखा भी तैयार की गई। विद्युत बोर्ड कर्मचारी यूनियन की बिलासपुर इकाई के चुनाव में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में कर्मचारी विद्युत रेस्ट हाउस में एकत्रित हुए। हीरालाल वर्मा की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई। अध्यक्ष पद के लिए सभी कर्मचारियों ने एक बार फिर से यशवंत चौहान के नाम पर स्वीकृति की मोहर लगाई। उन्हें पांचवीं बार अध्यक्ष चुना गया। वहीं, जोगेंद्र सिंह डोगरा चौथी बार सचिव चुने गए।

### जरूरतमंदों को मिले आरक्षण : बालक राम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भारतीय जवान किसान पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन बालक राम शर्मा ने पत्रकार वार्ता में कहा कि आरक्षण की व्यवस्था का लाभ केवल वास्तव में जरूरतमंद और अंतिम पायदान पर खड़े परिवारों को मिलना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में आरक्षण को राजनैतिक हथियार बनाकर कुछ संपन्न और प्रभावशाली लोग अनुचित लाभ उठा रहे हैं, जबकि असली पात्र वंचित रह जाते हैं। शर्मा ने कहा कि आरक्षण के नाम पर भ्रष्टाचार बढ़ रहा है और यह व्यवस्था समाज के विकास में बाधा बन रही है। उन्होंने मांग की कि आरक्षण नीति की पुनर्समीक्षा की जाए और इसे केवल आर्थिक व सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों तक सीमित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो इस विषय को गंभीरता से लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। समाज के सच्चे विकास के लिए ईमानदारी और न्यायपूर्ण व्यवस्था जरूरी है।

### दधोल स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

**बलवंत कमल, अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, दधोल में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ आज हुआ। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में पवन शर्मा सचिव नेहा मानव सेवा सोसाइटी एवं सामाजिक कार्यकर्ता ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश भारद्वाज ने की। मुख्यातिथि को पाठशाला प्राधानाचार्य एवम एन एस एस अधिकारी दीना नाथ शर्मा ने टोपी पहना कर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इस अवसर एनएसएस महिला अधिकारी श्रीमती सुनीता देवी भी साथ रही। मुख्यातिथि पवन शर्मा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों व स्वयंसेवकों को समाज सेवा के महत्त्व पर प्रकाश डाला और एनएसएस के माध्यम से जनहित में सक्रिय रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि युवा अगर समर्पित मन से सेवा करें तो समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर एसएमसी कार्यकारिणी के सदस्यगण, विद्यालय स्टाफ तथा एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

### पेंशनरों की मांगों को लेकर बिलासपुर में हुई बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन सदर खंड और शहरी इकाई की संयुक्त बैठक परिधि गृह, चंगर सेक्टर बिलासपुर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता शहरी इकाई के प्रधान रविंद्र नाथ भट्टा ने की। प्रारंभ में दिवंगत पेंशनरों को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में कुबेर ठाकुर, रमेश मिन्हास, कर्म सिंह चंदेल, सुशील पुंडीर, संत राम कश्यप सहित अनेक सदस्यों ने भाग लिया। वक्ताओं ने सरकार से मांग की कि 1 जनवरी 2016 से 1 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों के वेतन निर्धारण, लीव इनकैशमेंट और लंबित महंगाई भत्ते की किश्तों को शीघ्र जारी किया जाए। सदस्यों ने प्रदेश कार्यकारिणी में चल रही गुटबाजी को न मानते हुए, रजिस्ट्रार कोऑपरेटिव सोसाइटीज की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी के चुनाव की मांग की। बैठक के अंत में सचिव राम प्रकाश वर्मा ने सभी का आभार जताया।

### इग्नू ने बढ़ाई परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में चल रहे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि इच्छुक आवेदक इग्नू के माध्यम से अपने-अपने घर द्वार के आसपास स्नातक या स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेकर अपनी पढ़ाई को पूरा करने के सपनों को साकार कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इग्नू में विभिन्न पाठ्यक्रमों में दो बार दाखिला होता है, पहला सत्र जनवरी में शुरू होता है और दूसरा सत्र जुलाई से आरंभ होता है। इस समय जुलाई 2025 से शुरू हुए सत्र में इग्नू से शिक्षा ग्रहण करने वाले इच्छुक आवेदक या वह सभी विद्यार्थी जो इग्नू में पहले से ही पढ़ रहे हैं और जिन्होंने अपने वर्ष में पुनः पंजीकरण नहीं करवाया है, उन सभी आवेदकों, विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय ने अंडर ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री व डिप्लोमा (सर्टिफिकेट व सेमेस्टर के पाठ्यक्रमों को छोड़कर) पाठ्यक्रमों में दाखिले की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 15 अक्टूबर 2025 कर दिया है। दिसंबर 2025 में होने वाले परीक्षाओं के लिए बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फॉर्म को भरने की अंतिम तिथि को भी बढ़ाकर 20 अक्टूबर कर दिया है। विद्यार्थी जो इग्नू के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं या पूर्व में इग्नू से पढ़ाई कर रहे हैं वह अभी भी अपने नए, अगले सत्र में इग्नू की वेबसाइट पर जाकर आवेदन व परीक्षा फॉर्म को भर सकते हैं। इग्नू के माध्यम से पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों को अपने विषयों से संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए प्रश्न पत्रों के अनुसार असाइनमेंट लिखकर जमा करने पड़ते हैं उससे संबंधित इन असाइनमेंट को जमा करने की अंतिम तिथि जो पहले 30 सितंबर थी वह भी विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अंतिम तिथि को बढ़कर 31 अक्टूबर कर दिया है। डॉ. सुरेंद्र सिंह एसोसिएट प्रोफेसर ने बताया यदि किसी भी इच्छुक विद्यार्थी, व्यक्ति को विभिन्न पाठ्यक्रमों से संबंधित अधिक जानकारी लेनी है या असाइनमेंट जमा करनी है तो वह राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में चल रहे इग्नू अध्ययन केंद्र 1113 में किसी भी दिन आकर प्रातः 10 बजे से एक बजे के बीच जमा करवा सकते हैं या जानकारी ले सकते हैं।

# खेलों से बनती हैं नेतृत्व क्षमता और बढ़ता है आत्मविश्वास : राजेश धर्माणी

## हटवाड़ में खेलकूद महाकुंभ का तकनीकी शिक्षा मंत्री ने किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, दधोल**


हटवाड़ स्कूल में स्टूडेंट्स को संबोधित करते तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी।

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि खेल व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का सबसे सशक्त माध्यम हैं। खेलों से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि टीम भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास जैसे गुणों का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि जीत और हार जीवन के दो महत्वपूर्ण अनुभव हैं, जो व्यक्ति को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

राजेश धर्माणी मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटवाड़ में आयोजित तीन दिवसीय अंडर-14 जिला स्तरीय छात्र खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस प्रतियोगिता में जिला के पांच जोन तथा 39 डायरेक्ट पार्टिसिपेशन स्कूलों के कुल 468 छात्र भाग ले रहे हैं, जो कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, हॉकी और फुटबॉल जैसे खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। धर्माणी ने कहा कि हिमाचल सरकार खेलों के समग्र विकास को ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार ने स्पोर्ट्स नीति में व्यापक सुधार करते हुए खेल कोटे के अंतर्गत सरकारी नौकरियों में और अधिक खेलों को शामिल किया जा रहा है।

राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के हटवाड़ में भी एक अत्याधुनिक डे बोर्डिंग स्कूल का निर्माण किया जा रहा है, जिसके लिए लगभग 5 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है, ताकि यहां स्मार्ट क्लासरूम, ऑनलाइन लर्निंग सिस्टम, पुस्तकालय, संगीत, कला, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड और एनएसएस जैसी सुविधाओं से युक्त संस्थान स्थापित किया जा सके। इससे पहले स्थानीय स्कूल के प्रधानाचार्य ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा खेल प्रभारी एडीपीओ बग्गा राम ने खेल प्रतियोगिता के आयोजन संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

# कुठेड़ा में आग से घर जलकर राख

## शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, करीब दो लाख का नुकसान

**विनोद चड्ढा, अनंत ज्ञान**


आग से जलकर राख हुआ घर का सामान।

**कुठेड़ा (बिलासपुर)।** घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत आने वाले गांव कुठेड़ा में सोमवार देर शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब गांव के निवासी प्रवीण कुमार पुत्र कांशी राम, जो कि कुठेड़ा-तल्याणा सड़क पर कॉस्मेटिक की दुकान चलाते हैं, के घर में अचानक आग लग गई।

घटना के समय घर में कोई भी परिवार का सदस्य मौजूद नहीं था। बताया जाता है कि आग सबसे पहले पास के घरवालों ने देखी और उन्होंने तुरंत प्रवीण कुमार को इसकी सूचना दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शॉर्ट सर्किट के कारण आग भड़की और कुछ ही मिनटों में पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया।

बताया गया कि घर में दो कमरे और एक रसोई में रखा सारा सामान भी जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि आग गैस सिलेंडर तक नहीं पहुंची, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

पीड़ित परिवार के अनुसार, आग लगने के दौरान घर के अंदर रखे दो बड़े बॉक्स, कूलर, लैपटॉप, एलईडी टीवी, कपड़े, गर्म वस्त्र और लगभग 30 हजार रुपए नकद पूरी तरह से जल गए। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इस हादसे में करीब दो लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना मिलते ही गांव के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना आग बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने बाल्टियों में पानी डालकर और मिट्टी फेंककर आग पर काबू पाया, लेकिन सारा सामान नष्ट हो चुका था।

गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान को नुकसान नहीं हुआ, अन्यथा यह एक बड़ी त्रासदी बन सकती थी। ग्राम पंचायत प्रधान ज्योति प्रकाश और वार्ड सदस्य अशोक महाजन ने मौके का जायजा लेकर नुकसान का आकलन किया और घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी।

# महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएं आज भी हैं मार्गदर्शक: त्रिलोक जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**


हवन यज्ञ में भाग लेते विधायक त्रिलोक जमवाल

सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की रचनाओं में भगवान राम की जीवनगाथा के वर्णन के साथ ही भक्ति, सत्य और धर्म की शिक्षा भी मिलती है। रामायण की रचना करने वाले महर्षि वाल्मीकि को संस्कृत साहित्य का प्रथम कवि माना गया है। उनके द्वारा लिखी गई भगवान राम की जीवनगाथा सदियों से पढ़ी और सुनी जा रही है। उनकी जीवन यात्रा यह संदेश भी देती है कि किसी व्यक्ति का अतीत चाहे कितना ही दोषपूर्ण रहा हो, लेकिन भक्ति और सही मार्गदर्शन से वह महान आत्मा में परिवर्तित हो सकता है।

मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती पर शहर के डियारा सेक्टर स्थित वाल्मीकि मंदिर में विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करने और हवन यज्ञ में आहुतियां डालने के बाद अपने संबोधन में त्रिलोक जमवाल ने कहा कि उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। उनके विचार सदियों से इंसान को सही राह दिखा रहे हैं। उनका कहना था कि सुख और दुख धूप-छांव की तरह होते हैं। जीवन में उनका आना-जाना लगा रहता है। किसी भी व्यक्ति के जीवन में हमेशा सुख का होना बेहद मुश्किल है।

लिहाजा इंसान को किसी भी तरह के दुख और आपदा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। महर्षि वाल्मीकि ने समाज को सत्य, करुणा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। उन्होंने रामायण के माध्यम से मानवीय मूल्यों और आदर्श जीवन की अमर गाथा भी प्रस्तुत की है। उनके बताए मार्ग पर चलना और उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करना बेहद जरूरी है।

# कांग्रेस पार्टी का वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान फ्लॉप : भाजपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल जिला महामंत्री नवीन कुमार व प्यारेलाल चौधरी तथा मुख्य प्रवक्ता विकास भारद्वाज ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि वोट चोर गद्दी छोड़ का एक फ्लॉप अभियान कांग्रेस पार्टी द्वारा हिमाचल प्रदेश में शुरू किया गया है।

इस अभियान को शुरू करने के लिए कांग्रेस पार्टी ने जो एक लाख हस्ताक्षरों का लक्ष्य रखा है उससे सत्ता में होने के बावजूद कांग्रेस पार्टी की लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। हिमाचल प्रदेश में 56 लाख से अधिक मतदाता हैं और 68 विधानसभा क्षेत्र हैं। इस प्रकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में औसत 80 से 82 हजार मतदाता हैं और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में औसतन 1470 मतदाताओं के हस्ताक्षर प्राप्त होंगे जो की विधानसभा के मतदाताओं की संख्या का 2 प्रतिशत से भी कम है। अगर इसी हस्ताक्षर अभियान को हिमाचल प्रदेश की जनसंख्या की दृष्टि से देखा जाए जो की 75 लाख से ज्यादा है तो यह सवा प्रतिशत होता है इससे यह सिद्ध होता है कि कांग्रेस पार्टी का यह अभियान एक फ्लॉप अभियान है। इस अभियान के निर्धारित लक्ष्य से ही निर्धारित हो रहा है कि कांग्रेस पार्टी ने जो धोखे से जन समर्थन प्राप्त किया था वह भी अब कांग्रेस पार्टी के पास नहीं है अत: कांग्रेस पार्टी की सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है और इस अभियान के द्वारा कांग्रेस पार्टी और सरकार सेल्फ गोल कर रहे हैं। लोकराज, लोकलाज से चलता है और जैसे ही कांग्रेस पार्टी ने अपने इस अभियान की घोषणा की तो हिमाचल की जनता यह सोचने पर मजबूर हो गई है कि जिन लोगों ने झूठे वादे कर के और झूठी गारंटियां देकर हिमाचल की जनता का वोट चुराया है उनका सही में अब गद्दी छोड़ने का समय आ चुका है। सारा हिमाचल प्रदेश अब भगवान भरोसे चल रहा है, ऐसे में सही समय आ गया है कि हिमाचल के वोट चोर स्वयं अपनी गद्दी छोड़ दें ताकि हिमाचल की जनता चैन की सांस ले सके।

# बिलासपुर में सीपीआर प्रशिक्षण की मुहिम तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अंतरराष्ट्रीय जोखिम न्यूनीकरण माह 2025 के उपलक्ष्य में भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से 13 से 17 अक्तूबर तक पूरे देश में सीपीआर जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा।

इस राष्ट्रीय अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों, विद्यार्थियों, स्वास्थ्य कर्मियों, सुरक्षा बलों के कर्मचारियों तथा अन्य हितधारकों में कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन जैसी जीवनरक्षक तकनीक के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, ताकि लोग आपातकालीन परिस्थितियों में किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में सक्षम हो सकें।

अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर ओमकांत ठाकुर (भाप्रसे) ने बताया कि हृदयाघात आज असमय मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। कई लोग साइलेंट हार्ट अटैक जैसी स्थिति के कारण समय पर सहायता न मिलने से अपनी जान गंवा देते हैं। यदि अधिक से अधिक लोग सीपीआर तकनीक में निपुण हों, तो इस तरह की घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है।

इसी उद्देश्य से, जिला बिलासपुर में सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी कार्यालयों, तकनीकी एवं शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य केंद्रों और सामाजिक संगठनों में सीपीआर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान प्रत्येक संस्था अपने स्तर पर प्रतिभागियों को सीपीआर की विधियां सिखाएगी तथा आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान करने के उपायों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण देगी। यह पहल जनहित में एक सराहनीय कदम है, जो नागरिकों को अधिक संवेदनशील, सक्षम और जिम्मेदार बनाते हुए जीवन रक्षा की संस्कृति को सशक्त बनाएगी।

# एनएसएस शिविर में युवाओं को मिला लोकतांत्रिक मार्गदर्शन


दधोल स्कूल में स्टूडेंट्स को संबोधित करते पंचायत निरीक्षक संजय शर्मा।

**अनंत ज्ञान, दधोल**

दधोल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दधोल में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के दूसरे दिन संजय शर्मा, पंचायत निरीक्षक, ने बतौर रिसोर्स पर्सन भाग लिया। लगभग एक घंटे तक चले अपने प्रेरणास्पद संवाद में शर्मा ने पंचायत प्रणाली की कार्यप्रणाली तथा युवाओं की चुनावी प्रक्रिया में भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों को लोकतांत्रिक मूल्यों, ग्राम विकास में युवाओं की भूमिका तथा सशक्त नागरिक बनने के लिए आवश्यक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुरेश भारद्वाज, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री दीनानाथ शर्मा (लेक्चरर, भूगोल) एवं सह-प्रभारी सुनीता देवी की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं ने विषय से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका शर्मा ने संतोषजनक उत्तर दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ. भारद्वाज ने शर्मा का आभार प्रकट किया तथा स्वयंसेवकों से इस प्रकार की जानकारी को व्यवहार में लाने का आग्रह किया।

# राजपूत महासभा ने की रोहड़ू-सैंज में हुई घटनाओं की निष्पक्ष जांच की मांग

**अनंत ज्ञान, घुमारवी।** राजपूत महासभा हिमाचल के प्रदेश अध्यक्ष इं. केएस जम्वाल, प्रदेश महासचिव विजय चंदेल और युवा मोर्चा अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने संयुक्त बयान में रोहड़ू और सैंज में हुई आत्महत्या व हत्या की घटनाओं की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन निर्दोषों को दबाव में आकर प्रताड़ित नहीं किया जाना चाहिए।

महासभा ने हमीरपुर के गांधी चौक और रोहड़ू में कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा आयोजित रैलियों में हिंदू धर्म और सवर्ण समाज, विशेष रूप से ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ की गई टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ नेता बच्चों की मौत पर राजनीति कर रहे हैं और समाज में जातिगत वैमनस्य फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। महासभा ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में सवर्ण या राजपूत समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं, तो विरोध के साथ-साथ संबंधित नेताओं का घेराव किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन गैर-राजनीतिक है और सर्व समाज, विशेषकर राजपूत समाज के हित में कार्य करता रहेगा।

# बिलासपुर में महर्षि वाल्मीकि के प्रकाश पर्व पर निकाली भव्य शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**


सुंदर झांकी निकालते वाल्मीकि समाज के लोग।

बिलासपुर में आदि कवि तथा रामायण के रचयिता भगवान वाल्मीकि जी का प्रकाश पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर डियारा सेक्टर स्थित महर्षि वाल्मीकि जी मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया था।

जिला वाल्मीकि सभा बिलासपुर के तत्वावधान में विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें धर्म प्रेमियों के अलावा विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह शोभायात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर मुख्य बाजार, कालेज चैक, रौड़ा सेक्टर, नगर की परिक्रमा करते हुए वापस मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में बनाई गई सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

इन झांकियों मे वीर हनुमान जी को लव-कुश द्वारा पकड़ना और बंदी बनाना, अयोध्या नरेश श्रीराम जी के अश्वमेघ यज्ञ के घोड़े को लव-कुश द्वारा पकड़ना तथा लव-कुश द्वारा भगवान की स्तुतिगान करते हुए दिखाया गया था। इसके अलावा महर्षि वाल्मीकि आश्रम में माता सीता के साथ सुंदर लव कुछ की जोड़ी की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। जिला वाल्मीकि सभा के प्रधान अशोक कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम दो दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रभातफेरी का आयोजन किया जाएगा, जबकि 11 बजे धर्म ध्वजारोहण कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि हवन-यज्ञ के बाद विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शाम को तीन बजे से अटूट भंडारे का आयोजन शुरू हो जाएगा। उन्होंने सभी धर्म प्रेमियों से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

# रामलाल ठाकुर बोले- विपिन परमार के आरोप बेबुनियाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्य समन्वय समिति के सदस्य रामलाल ठाकुर ने भाजपा के वरिष्ठ नेता विपिन सिंह परमार के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जिसमें उन्होंने एक पत्रकार वार्ता में कहा था कि कांग्रेस पार्टी 10 झूठी गारंटियां देकर सत्ता में आई है और वह असली वोट चोर है।

रामलाल ने कहा कि यह हैरानी की बात है कि विधानसभा के इतने ऊंचे पद पर रहे व्यक्ति को यह जानकारी तक नहीं है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने कोई भी झूठी गारंटी नहीं दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने चुनावों के दौरान जनता से किए वादों को निभाते हुए पिछले तीन वर्षों में छह गारंटियां पूरी कर दी हैं, जबकि शेष चार गारंटियों पर कार्यवाही जारी है, जिन्हें शीघ्र ही पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि झूठी गारंटियों की परंपरा कांग्रेस की नहीं बल्कि भाजपा की रही है। भाजपा ने 100 दिन में महंगाई कम करने, युवाओं को हर वर्ष 2 करोड़ नौकरियां देने और सत्ता में आने पर प्रत्येक परिवार के खाते में 15 लाख रुपए जमा करने जैसी घोषणाएं की थीं। लेकिन, सत्ता में आने के बाद उन्होंने इन वादों को जुमला बताकर अपना पल्ला झाड़ लिया। उन्होंने कहा कि जब से राहुल गांधी ने प्रमाणों सहित विभिन्न राज्यों में वोट चोरी के मामलों को उजागर करना शुरू किया है, तब से भाजपा नेता बेचैनी और घबराहट में हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा को अब यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि सत्ता में उसके दिन गिने-चुने रह गए हैं, क्योंकि जनता अब उसकी झूठी घोषणाओं और वादों पर विश्वास नहीं करती।

**महंगाई का महाविस्फोट** सोना 1.22 लाख प्रति दस ग्राम, चांदी 1.52 लाख प्रति किलो के पार

# गरीबों की पहुंच से दूर हुई सोने-चांदी की चमक

**अरुण डोगरा 'रीतू', अनंत ज्ञान ब्यूरो**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

> आम आदमी के सपनों से फिसलता जा रहा है सोने का उजाला

**बिलासपुर।** देश में महंगाई अब उस मुकाम पर पहुंच चुकी है, जहां सोना-चांदी की चमक सिर्फ अमीरों के गले और तिजोरियों तक सिमट गई है। कभी हर घर की शान कहे जाने वाले गहने अब आम आदमी के अरमानों से बहुत दूर निकल चुके हैं। सोने के दामों ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सोना अब 1,22,300 रुपए प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। जेवराती सोना 1,14,100 रुपए प्रति 10 ग्राम, जबकि चांदी 1.52 लाख रुपए प्रति किलो के पार जा चुकी है। पिछले साल 31 दिसंबर 2024 को बिलासपुर में शुद्ध सोना 78,300 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 88,400 रुपए प्रति किलो थी। यानी मात्र नौ महीनों में सोना 44 हजार रुपये और चांदी 64 हजार रुपए प्रति किलो महंगी हो चुकी है।

विशेषज्ञों के अनुसार, यह उछाल अंतरराष्ट्रीय बाजार की तेजी, डॉलर के मुकाबले रुपए की गिरावट और सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की बढ़ती मांग का नतीजा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना फिलहाल सेफ हेवन यानी सुरक्षित ठिकाना माना जा रहा है, इसलिए दामों में गिरावट की उम्मीद नगण्य है। दीवाली और धनतेरस जैसे त्योहारों पर जहां पहले बाजारों में रौनक रहती थी, इस बार सोने की दुकानों में सन्नाटा और निराशा झलक रही है। जहां पहले मध्यमवर्गीय परिवार सोने के गहनों की खरीद को शुभ मानते थे, अब वे सिर्फ चांदी के सिक्कों या प्रतीकात्मक खरीद तक सीमित हो गए हैं।

## बिलासपुर के लोगों की आवाज

**कुलदीप ठाकुर** (नम्होल, बिलासपुर) कहते हैं कि पहले हर साल त्योहारों में पत्नी के लिए छोटा गहना खरीद लेता था, पर अब तो भाव सुनते ही दिल बैठ जाता है। घर चलाना ही मुश्किल हो गया है, गहने तो सपना बन गए।

**मीनाक्षी शर्मा** (मेन मार्केट) का कहना है कि हमारी बेटियों के लिए थोड़ा-थोड़ा सोना जोड़ने की आदत थी, पर अब एक चेन खरीदना भी मुश्किल है। हर महीने भाव बढ़ते जा रहे हैं।

**हीरा ज्वेलर** के मालिक शिवम हांडा (डिआरा सेक्टर बस स्टैंड ) बताते हैं कि लोग अब दुकान पर आते हैं, दाम पूछते हैं और लौट जाते हैं। बिक्री आधी रह गई है। चांदी के सिक्के ही सबसे ज़्यादा बिक रहे हैं।

**रवि कुमार** (युवा ग्राहक) कहते हैं कि हमारी पीढ़ी के लिए अब सोना निवेश नहीं, बस दिखावे की चीज़ बन गया है। ई एम आई और रोजमर्रा का खर्च पहले ही बहुत बढ़ चुका है।

## निकट भविष्य में किसी राहत की संभावना नहीं

**विशेषज्ञों** का कहना है कि निकट भविष्य में किसी राहत की संभावना नहीं, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियाँ अभी भी अनिश्चित हैं।सोने को निवेशक सेफ रिटर्न के रूप में देख रहे हैं, इसलिए कीमतें और ऊपर जाने की संभावना बनी हुई है। कहां जा सकता है कि त्योहारों की रौनक अब महंगाई के बोझ तले दब गई है। अब सवाल यह है क्या सोना-चांदी की चमक सचमुच गरीबों के सपनों से हमेशा के लिए छिन जाएगी, क्या आने वाली पीढ़ी के लिए गहने सिर्फ कहानियों और फोटो एल्बमों तक सीमित रह जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में बुझ गया घर का चिराग

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल अंब की पंचायत दियाड़ा के गांव दिलबां में सोमवार को हुए सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। गांव का 45 वर्षीय संदीप कुमार, जो किसी कार्य से मरवाड़ी की ओर अपनी बाइक पर जा रहा था, पीछे से आ रही थार कार की जोरदार टक्कर का शिकार हो गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल संदीप की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया, जिसके बाद मंगलवार को गांव दिलबां में संदीप का अंतिम संस्कार किया गया। गांव में जैसे ही सोमवार शाम संदीप का पार्थिव शरीर पहुंचा, चारों ओर मातम छा गया। घर में कोहराम मच गया–संदीप की पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों के साथ-साथ हर ग्रामीण की आंखें नम हो गईं। अंतिम संस्कार के दौरान भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। संदीप के 13 वर्षीय बेटे ने अपने पिता को मुखाग्नि दी, यह दृश्य देखकर हर किसी की आंखें भर आईं। अंतिम संस्कार में पंचायत दियाड़ा के ग्रामीण, रिश्तेदार व स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे और उन्होंने दुखी परिवार को ढांढस बंधाया।

### बैंकिंग से संबंधित विषयों पर जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टकोली में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत सोमवार को प्रभात फेरी से हुई। यह प्रभात फेरी विद्यालय परिसर से आरंभ होकर स्थानीय मंदिर तक निकाली गई। मंदिर पहुंचकर छात्रों ने भजन-कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रातः कालीन सत्र में यूको बैंक के मैनेजर ने छात्रों को बैंकिंग से संबंधित विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया, डिजिटल लेन-देन, बचत की आदत और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। दोपहर के सत्र में छात्रों ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया और श्रमदान की भावना को अपनाया। सायंकालीन सत्र में अंब ब्लॉक के एनएसएस सब-को-ऑर्डिनेटर वीरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन के उद्देश्य को पहचानने और उसे प्राप्त करने के लिए सही दिशा में निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

### मतदाता सूची में सुधार के लिए दिशा-निर्देश

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** पंचायत चुनावों को लेकर नगर पंचायत अंब पूरी तरह सक्रिय हो गई है। इसी के चलते मतदाता सूचियों के निरीक्षण के संबंध में एक विशेष बैठक का आयोजन नगर पंचायत अंब की अध्यक्ष इंदु धीमान, उपाध्यक्ष उपदेश कुमार व सचिव हर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। इसमें सभी पार्षदों के साथ सभी कार्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में 8 से 17 अक्तू बर तक मतदाता सूचि के प्रारूप प्रकाशन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नगर पंचायत अध्यक्ष इंदु धीमान और सचिव हर्ष गुप्ता ने अंब के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वह नगर पंचायत, तहसीलदार और एसडीएम कार्यालय अंब में जाकर मतदाता सूचियों का निरीक्षण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है, वह अपनी फोटो, आधार कार्ड, पेन कार्ड और जन्मतिथि का प्रमाण पत्र सहित फॉर्म नंबर चार भर कर रिवाईजिंग आफिसर के पास जमा करवाकर अपना मत बनवा सकते हैं। नाम पर आपत्ति के लिए फार्म पांच और त्रुटियों की दुरुस्ती के लिए फार्म-छह भरकर आठ से 17 अक्तूबर तक रिवाईजिंग आफिसर के पास में जमा करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है और लोकतंत्र की मजबूती के लिए मत का अधिकार इस्तेमाल अति आवश्यक है, यह तभी संभव है जब सभी नागरिकों का वैध मत बना हो और समय रहते उसमें आई त्रुटियों का सुधार करवा लिया गया हो।

### लाठियानी क्लब को विधायक ने दिए एक लाख

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लाठियानी गांव में आज एक प्रेरणादायक पल देखने को मिला, जब कुटलैहड़ क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने शहीद भगत सिंह मेमोरियल यूथ क्लब, लाठियानी को एक लाख रुपए का अनुदान प्रदान किया। इस सहयोग के लिए यूथ क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों ने विधायक विवेक शर्मा का तहे दिल से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान यूथ क्लब के अध्यक्ष ने कहा कि विधायक विवेक शर्मा ने जो वादा जनता से किया था, उसे उन्होंने निभाकर साबित किया है कि वे वचन के पक्के और कर्मठ जनसेवक हैं। उन्होंने बताया कि यूथ क्लब लंबे समय से सामाजिक कार्यों, युवाओं के विकास, और खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इस आर्थिक सहयोग से क्लब के मैदान के रखरखाव, खेल सामग्री की खरीद और सामाजिक कार्यक्रमों को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि शहीद भगत सिंह मेमोरियल यूथ क्लब लाठियानी समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है और युवाओं को एक सकारात्मक दिशा प्रदान कर रहा है।

### राजकीय सम्मान के साथ दी जवान को अंतिम विदाई

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** जिला कांगड़ा की दुर्गम छोटाभंगाल घाटी के धरमान पंचायत निवासी और भारतीय सेना में तैनात जवान दलीप कुमार की एक सड़क हादसे में मौत हो गई। इस दुखद समाचार से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। दलीप कुमार का पार्थिव शरीर जब सैनिक जवानों की मौजूदगी में घाटी के मुल्थान बाजार पहुंचा तो चीख-पुकार मच गई। गांव में मातम पसरा रहा और हर आंख नम हो गई। जवान के राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें छोटाभंगाल व चौहार घाटी से सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। पंचायत प्रधान रेखा देवी और पूर्व प्रधान संजय ठाकुर ने इस घटना को अपूरणीय क्षति बताया। स्वर्गीय दलीप कुमार अविवाहित थे और परिवार के दो पुत्रों में बड़े थे। उनके किसान माता-पिता का एकमात्र सहारा भी वही थे।

### पुलिस ने स्वारघाट से दबोचा चोरी का आरोपी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल में चोरी की एक वारदात को अंजाम देकर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने महज एक दिन के भीतर धर दबोचा है। दिनांक 6 अक्तूबर को राजेंद्र शर्मा पुत्र बदरी दत्त शर्मा, निवासी गांव सरकाघाट, जिला मंडी, ने पुलिस थाना सरकाघाट में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी स्कूटी को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चुरा लिया है। शिकायत पर त्वरित से कार्रवाई करते हुए सरकाघाट पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपी रमन कुमार पुत्र श्री प्रकाश चंद, निवासी तहसील धर्मपुर, जिला मंडी, को स्वारघाट से गिरफ्तार कर लिया, साथ ही चोरी की गई स्कूटी भी सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। जांच के दौरान यह भी खुलासा हुआ है कि आरोपी ने उसी रात पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) सरकाघाट में सेंधमारी करने की भी कोशिश की थी, जिसमें वह सफल नहीं हो सका। आरोपी को आज न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है और मामले की आगे की जांच जारी है।

### जुलाहकड़ी के पास एनएच जलमग्न, बढ़ी परेशानी

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे जुलाहकड़ी के पास हुआ जल मग्न बढ़ी परेशानी, पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते जहां ऊंची पहाड़ियों पर बर्फबारी हो रही है वहीं निचले क्षेत्रों में भारी बारिश रिकार्ड की जा रही है। राष्ट्रीय उच्च मार्ग (154 ए) जुलाकडी के पास भारी बारिश के चलते तालाब का रूप धारण कर लिया है जिससे राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नालियां ब्लॉक होने से सारा पानी रोड पर आ गया है जिससे यहां दोपहिया वाहनों का गुजरना वह पैदल चल रहे लोगों के लिए भारी परेशानी का सामना यहां करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि रोड तंग होने से यहां जाम लगना भी आम बात है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां नालियों की साफ सफाई की व्यवस्था ठीक ढंग से की जाए ताकि इस तरह रोड पर पानी तालाब का रूप धारण न करे ताकि राहगीरों को भी किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

### मतदाता सूचियों पर दावे व आपत्तियां 17 तक

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नगर परिषद नादौन के मतदाता पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम नादौन का कार्यभार देख रहे एडीसी अभिषेक गर्ग ने बताया कि परिषद के विभिन्न वार्डों की मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशित करके इन्हें आम जनता के निरीक्षण के लिए एसडीएम कार्यालय नादौन, नगर परिषद कार्यालय और तहसीलदार कार्यालय नादौन में 17 अक्तूबर तक उपलब्ध करवा दिया गया है।

उन्होंने बताया कि अगर कोई पात्र व्यक्ति इन सूचियों में अपना नाम शामिल करने का दावा या किसी अन्य के नाम इसमें शामिल होने पर अपनी आपत्ति दर्ज करवाना चाहता है तो वह 17 अक्तूबर तक अपने दावे या आपत्तियां पुनरीक्षण अधिकारी एवं तहसीलदार नादौन के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

### भोरंज के मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** एसडीएम एवं नगर पंचायत भोरंज के प्रशासक शशिपाल शर्मा ने बताया कि नगर पंचायत के सभी सात वार्डों की मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशित करके इन्हें आम जनता के निरीक्षण के लिए 17 अक्तूबर तक उपलब्ध करवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि अगर कोई पात्र व्यक्ति इन सूचियों में अपना नाम शामिल करने का दावा या किसी अन्य के नाम इसमें शामिल होने पर अपनी आपत्ति दर्ज करवाना चाहता है तो वह 17 अक्तूबर तक अपने दावे या आपत्तियां पुनरीक्षण अधिकारी एवं तहसीलदार भोरंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। पुनरीक्षण अधिकारी 27 अक्तूबर तक सभी दावों और आपत्तियों का निपटारा करेंगे।

# पीड़ित लड़की से शादी करेंगे एसडीएम, हाईकोर्ट से मिली जमानत

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में चल रहे हाईप्रोफाइल रेप मामले में नया मोड़ सामने आया है।

आरोपी एसडीएम विश्व मोहन देव चौहान पिछले 11 दिनों से फरार है, लेकिन अब जानकारी मिली है कि पीड़िता ने उनके साथ समझौता कर लिया है और दोनों शादी करने के लिए तैयार हैं। यह जानकारी सोमवार को हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान दी गई। हाईकोर्ट के जस्टिस राकेश कैंथला की अदालत में पीड़िता स्वयं पेश हुई और बताया कि दोनों पक्षों के बीच पारिवारिक सहमति से शादी करने पर सहमति बन चुकी है। इसके कारण वह अब मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहतीं। वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कोछर ने भी अदालत को बताया कि पीड़िता की ओर से दिया गया बयान सही है। कोर्ट ने आरोपी एसडीएम को अग्रिम जमानत दे दी है, लेकिन उन्हें पुलिस जांच में शामिल होने के निर्देश भी दिए गए हैं। अदालत ने एसडीएम को 25,000 रुपए की मुचलके पर अंतरिम जमानत दी है। मामले की अगली सुनवाई 16 अक्तूबर को होगी, जब पुलिस अपनी जांच की स्टेटस रिपोर्ट अदालत में प्रस्तुत करेगी। इससे पहले, हाईकोर्ट ने पहली सुनवाई में एसडीएम की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। तब से आरोपी फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। पुलिस ने कई जगह दबिश दी, लेकिन अभी तक गिरफ्तारी संभव नहीं हो सकी है। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि एसडीएम ने सोशल मीडिया पर दोस्ती के बाद शादी का भरोसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। अगस्त माह में दो अलग-अलग मौकों पर जबरदस्ती संबंध बनाने के साथ-साथ उनके वीडियो बनाकर ब्लैकमेल भी किया।

पीड़िता ने कहा कि जब उसने शादी का दबाव डाला तो आरोपी ने साफ कहा कि उसकी सगाई हो चुकी है और वह ऊना का शासक है, इसलिए कोई उसे नुकसान नहीं पहुंचा सकता। इसके अलावा उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। हालांकि अब अदालत को बताया गया है कि पीड़िता और आरोपी के बीच समझौता हो गया है, लेकिन इसकी पुष्टि राज्य सरकार की स्टेटस रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी।

कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि रेप जैसे गंभीर मामले में समझौते का दावा जांच प्रक्रिया और न्यायिक कार्यवाही को नया मोड़ दे सकता है। फिलहाल केस की अगली सुनवाई 16 अक्तूबर को होगी, जिसमें अदालत पुलिस की जांच रिपोर्ट पर आगे की कार्रवाई तय करेगी। शिकायत के अनुसार, जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया, तो अधिकारी ने साफ कहा कि उसकी पहले ही सगाई हो चुकी है और वह ऊना का शासक है, इसलिए उसका कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता। इसके साथ ही पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस बीच अब अदालत को बताया गया है कि पीड़िता और आरोपी के बीच समझौता हो गया है।

## जिला स्तरीय अंडर-19 छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

# बारिश ने रोकी रफ्तार, ताइक्वांडो में दिखाया दमखम

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**



**लठियानी।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लठियानी के प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-19 छात्राओं की बहुप्रतीक्षित खेलकूद प्रतियोगिता प्राकृतिक आपदाओं की चुनौतियों के बावजूद सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

तेज बारिश और ठंडी हवाओं ने कबड्डी, वॉलीबॉल और हैंडबॉल जैसे आउटडोर खेलों पर ब्रेक लगा दिया, लेकिन इनडोर खेल ताइक्वांडो ने छात्राओं के हौसले और मेहनत की सच्ची मिसाल पेश की। बारिश के कारण मैदान जलमग्न हो गए, जिससे आउटडोर खेल आयोजित करना असंभव हो गया। अधिकांश समय खिलाड़ियों को अपने-अपने कमरों में ही रहना पड़ा। अक्तूबर माह में ऐसा लगा जैसे सर्दियों ने जल्दी दस्तक दे दी हो। इसके बावजूद आयोजन समिति ने हार नहीं मानी और इंडोर खेलों को प्राथमिकता दी। ताइक्वांडो केवल एक खेल नहीं, बल्कि आत्म-रक्षा, आत्मनियंत्रण और मानसिक दृढ़ता का प्रतीक है। यह कोरियाई मार्शल आर्ट युवाओं को शारीरिक रूप से फिट बनाने के साथ-साथ उनमें अनुशासन और आत्मबल का विकास करता है। डॉ. मनीष राणा की देखरेख में हुए मुकाबलों में छात्राओं ने उत्साह और कौशल का बेहतरीन परिचय दिया। डॉ. राणा ने कहा, ताइक्वांडो न केवल प्रतिस्पर्धात्मक खेल है, बल्कि लड़कियों के लिए आत्मरक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम भी है। विभिन्न भार वर्गों में विजेताओं में करिपश (संतोषगढ़), सुहानी (बसोली), शीतल (बसोली), नैंसी (संतोषगढ़), संजना (संतोषगढ़), जसवी ठाकुर (करलूही), पायल (संतोषगढ़), कनिका (संतोषगढ़), रितु चौधरी (संतोषगढ़), हरमन कौर (संतोषगढ़) और तनु (बसोली) शामिल हैं। टीम रैंकिंग में संतोषगढ़ ने 19 अंकों के साथ प्रथम स्थान और बसोली ने 17 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ. मनीष राणा के नेतृत्व के साथ अशोक धीमान, भूपेंद्र सिंह, विजय कुमार, राजीव कुमार, अमन ठाकुर और अन्य स्थानीय नागरिकों व खेल प्रेमियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। डॉ. राणा ने कहा, बारिश भले ही मैदानों को रोक सकती है, लेकिन खिलाड़ियों के जज्बे को नहीं। हमारी बेटियों ने कठिन परिस्थितियों में भी अपनी प्रतिबद्धता साबित की, जहां एक ओर बारिश ने अन्य खेलों में बाधा डाली, वहीं ताइक्वांडो ने इस प्रतियोगिता को गौरवपूर्ण बना दिया। प्रतिभागी छात्राओं ने न केवल पदक जीते, बल्कि खेल भावना, आत्मविश्वास और अनुशासन का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

## गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक से दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल सरकार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र परिवारों को पक्का मकान बनाने के लिए स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत 1.50 लाख रुपए की आर्थिक मदद प्रदान कर रही है।

यह सहायता उन्हीं लोगों को दी जाती है, जिनके नाम पर भूमि पंजीकृत हो और जिनकी वार्षिक आय 50 हजार रुपए से अधिक न हो। लाभार्थियों को अपने आवेदन तहसील कल्याण अधिकारी के कार्यालय में सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करवाने होते हैं। यह जानकारी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध नाट्यदल पूर्वी कलामंच जलग्रां टब्बा ने दी। नाट्य दल ने जागरूकता अभियान के दूसरे चरण में बंगाणा उपमंडल के तहत बल्ह खोली और तनोह गांवों में गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के जरिए ग्रामीणों को विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया।

कलाकारों ने बताया कि स्वर्ण जयंती आश्रय योजना उन गरीब परिवारों के सपनों को साकार कर रही है, जिनके पास खुद की जमीन तो है, लेकिन सीमित संसाधनों के कारण वे पक्का मकान नहीं बना पाते। इसके साथ ही ग्रामीणों को मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, इंदिरा गांधी सुख सुरक्षा योजना और नशा निवारण जैसे विषयों पर भी जानकारी दी गई। कलाकारों ने नशे को एक गंभीर सामाजिक बुराई बताते हुए लोगों से नशे से दूर रहने और समाज को भी इससे मुक्त रखने में सहयोग करने की अपील की। अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम चला रही है।

# एनडीआरएफ 14वीं बटालियन का अभ्यास शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना**



एनडीआरएफ की टीम अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर से भेंट करती हुई।

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 14वीं बटालियन की टीम ने जिला ऊना में एरिया फैमिलियराइजेशन अभ्यास के तहत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर से औपचारिक भेंट की।

इस अभ्यास का उद्देश्य आपदा संभावित क्षेत्रों की पहचान, जागरूकता व आपदा से निपटने की प्रशासनिक एवं सामुदायिक क्षमता को मजबूत करना है। बैठक के दौरान एडीसी ने एनडीआरएफ टीम को जिला आपदा प्रबंधन योजना, महत्वपूर्ण स्थलों की जानकारी और जिले की विस्तृत प्रोफाइल प्रदान की। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह अभ्यास आपदा प्रबंधन व्यवस्था को सशक्त बनाएगा और भविष्य में प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से बेहतर ढंग से निपटने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अभ्यास से प्राप्त निष्कर्ष जिला प्रशासन के साथ साझा किए जाएं। एनडीआरएफ की टीम 6 से 18 अक्तूबर तक जिले के विभिन्न संवेदनशील व आपदा संभावित क्षेत्रों में जाकर अभ्यास करेगी, मैदानी निरीक्षण के साथ-साथ आमजन व छात्रों के लिए जागरूकता एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। 8 अक्तूबर को आईटीआई भद्रकाली (गगरेट) में सुबह 9:30 बजे जागरूकता कार्यक्रम। 9 अक्तूबर को बंगाणा उपमंडल के घरवास, परोइयां कलां और रायपुर में भूस्खलन संभावित स्थलों का निरीक्षण। 10 अक्तूबर को भरमौती मंदिर और हंडोला पुल के डूबने संभावित स्थलों का सर्वेक्षण। 11 अक्तूबर को माता चिंतपूर्णी मंदिर (अंब) में संवेदनशील क्षेत्रों की जानकारी एकत्र की जाएगी। 13 अक्तूबर को महाराणा प्रताप राजकीय डिग्री कॉलेज, अंब में सुबह 9 बजे जागरूकता कार्यक्रम। 14 को राजकीय डिग्री कॉलेज, खड्ड में कार्यक्रम। 15 को आईटीआई पंडोगा में जागरूकता सत्र। 16 को एसबीएसडी पीजी कॉलेज, भटोली में सुबह 9 बजे कार्यक्रम। 17 को हिम गौरव आईटीआई, ऊना में जागरूकता कार्यक्रम। 18 को इंडेन बोटलिंग प्लांट रायपुर सहोड़ा व आईओसीएल पेखूबेला में समापन बैठक। इस अवसर पर एनडीआरएफ 14वीं बटालियन नूरपुर (जिला कांगड़ा) के टीम लीडर निरीक्षक संदीप, उपनिरीक्षक हरदीप व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना के प्रभारी धीरज और राजन भी उपस्थित रहे।

## राकेश कालिया की कार्यप्रणाली की हो रही सराहना

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गगरेट के विधायक राकेश कालिया के निर्देशानुसार सड़कों की स्थिति में सुधार हुआ है, जहां पर भारी बारिश के कारण पेयजल व्यवस्था बाधित हुई थी, उससे राहत का कार्य भी जोरों पर चल रहा है। संपर्क रास्ते जो क्षतिग्रस्त हुए थे, उनकी मरम्मत का कार्य भी जोरों पर हो रहा है। इलाके के आम लोगों द्वारा विधायक राकेश कालिया की कार्यप्रणाली की हर जगह से सराहना की जा रही है। गगरेट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रधान सुरेंद्र ठाकुर, गोंदपुर बनेहड़ा लो पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा, पंचायतों के प्रतिनिधियों का कहना है विधायक राकेश कालिया इलाके के विकास के लिए प्रयासरत रहते हैं और क्षेत्र में अनेक विकास कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विधायक राकेश कालिया समय-समय पर गांव-गांव के दौरे तो कर ही रहे हैं और साथ ही अपने निवास स्थान पर भी लोगों के लिए उपलब्ध रहते हैं, लोगों की समस्या सुनते हैं और काफी समस्याओं को मौके पर भी सुलझाते हैं, जो अनुकरणीय है।

# चंबा के पांगी में भारी बर्फबारी से संपर्क पूरी तरह टूटा



**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**पांगी** में पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बर्फबारी के कारण तहसील का बाहरी दुनिया से संपर्क पूरी तरह कट गया है। यहां छह इंच तक बर्फ गिर चुकी है, जिससे रोड और बागवानी गई है और लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। ऊंचाई वाले इलाकों में बिजली और पानी की आपूर्ति भी बाधित हो गई है। प्रशासन ने जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलने की अपील की है। पांगी को चंबा से जोड़ने वाली सभी सड़कें फिलहाल बंद हैं, वहीं कुल्लू मनाली के रोहतांग पास, चंबा के साच पास और जम्मू कश्मीर को जोड़ने वाले पदरी जोत में भी बर्फबारी जारी है।

भरमौर क्षेत्र में लगातार बारिश के चलते पारा नीचे गिर गया है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के बीच निचले इलाकों में बारिश हो रही है, जिससे बाजार सूने पड़े हैं और कई संपर्क मार्ग बंद हो गए हैं। डलहौजी और खजियार जैसे पर्यटन स्थलों में भी लगातार बारिश के कारण पर्यटकों की आवाजाही प्रभावित हुई है। पूरे क्षेत्र में कड़कड़ाती ठंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

## खड़ामुख-होली स्टेट हाईवे पर जमीन धंसी, सभी वाहनों की आवाजाही ठप

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** खड़ामुख-होली स्टेट हाईवे पर होली हेलीपैड के पास लगातार बारिश के चलते जमीन धंसने से सड़क का लगभग 20 मीटर हिस्सा पूरी तरह बह गया है। इसके कारण बीते दो दिनों से इस मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

यह सड़क चंबा जिला को कांगड़ा के बडाभंगाल और बैजनाथ के उत्तराला से जोड़ती है और भेड़पालकों की आवाजाही के लिए भी यह एक महत्वपूर्ण मार्ग है। सड़क बंद हो जाने से कई छोटे-बड़े वाहन दोनों ओर फंस गए हैं और लोगों को कई किलोमीटर पैदल सफर करना पड़ रहा है।

अधिशाषी अभियंता भरमौर भालचंद ने बताया कि सड़क बहाली के प्रयास युद्धस्तर पर जारी हैं। लगातार हो रही बारिश व लैंडस्लाइड के कारण दिक्कतें जरूर हैं, लेकिन अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं कि मार्ग को शीघ्र खोला जाए। लोगों से भी अपील की गई है कि मौसम सामान्य होने तक यात्रा से परहेज करें।



**भारी बारिश से 20 मीटर सड़क बह गई, पैदल आवाजाही भी मुश्किल**

## चकोली-डियूर सड़क की बहाली का कार्य शुरू, विधायक ने लिया जायजा



चकोली-डियूर सड़क की बहाली के कार्य का जायजा लेते विधायक डीएस ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डी.एस. ठाकुर ने मंगलवार को डियूर क्षेत्र में भारी बारिश से क्षतिग्रस्त चकोली-डियूर सड़क मार्ग का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण यह मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया था, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विधायक ठाकुर ने संबंधित विभाग को तत्काल बहाली कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। जेसीबी मशीन की मदद से सड़क की सफाई और मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सड़क को जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

विधायक डीएस ठाकुर ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे खराब मौसम में अनावश्यक यात्रा से बचें और प्रशासन द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों का पालन करें ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## कटिंडी चोरी कांड: मंडी पुलिस ने 7 दिन में सुलझाया मामला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी के थाना पधर के अंतर्गत कटिंडी गांव में 29 सितंबर 2025 को हुई एक बड़ी चोरी की वारदात को मंडी पुलिस ने मात्र सात दिनों के भीतर सुलझा लिया है। इस घटना में शिकायतकर्ता के घर से लगभग 11 लाख मूल्य के सोने और चांदी के आभूषण चोरी हो गए थे, जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना पधर में मामला दर्ज किया और पुलिस अधीक्षक मंडी द्वारा एक विशेष जांच दल का गठन किया गया। यह जांच दल उपमंडलीय पुलिस अधिकारी पधर देवराज के पर्यवेक्षण में गठित किया गया, जिसमें एसआई शौरभ ठाकुर, थाना प्रभारी पधर व एएसआई गजेंद्र पाल, प्रभारी पुलिस चौकी गवाली कमांद को शामिल किया गया। पुलिस ने जांच के दौरान 6 अक्तूबर को दो आरोपियों घनश्याम निवासी डाकघर एवं तहसील बल्ह, जिला मंडी व चेतन शर्मा निवासी तहसील पधर को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, औजार व एक सोने का मंगलसूत्र समेत अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य जब्त किए। दोनों आरोपियों को उसी दिन माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से चार दिन की पुलिस हिरासत मंजूर की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि चोरी किए गए। आभूषण परवीन कुमार उर्फ विक्की, निवासी गांव एवं डाकघर ओलिंडा, तहसील नयना देवी को सौंपे गए थे। इसके पश्चात 7 अक्तूबर को पुलिस ने परवीन के निवास स्थान पर दबिश दी और वहां से एक सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी सोने के झुमके, एक गोल्ड प्लेटेड नेकलेस, तीन जोड़ी चांदी की पायल व एक जोड़ी चांदी की बिछू बरामद की।

# विद्यार्थियों ने दिया सुरक्षित निर्माण का संदेश

## जिला स्तरीय सुरक्षित निर्माण की तकनीकों पर मॉडल प्रतियोगिता आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा**



उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मुकेश मॉडलों का अवलोकन करते हुए।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण चंबा द्वारा आयोजित समर्थ-2025 कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को सुरक्षित निर्माण की तकनीकों पर मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मुकेश रेपसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न स्कूलों, राजकीय बहुतकनीकी संस्थान (पॉलिटेक्निक) तथा आईटीआई के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों का बारीकी से अवलोकन किया और विद्यार्थियों की रचनात्मकता, परिश्रम एवं नवाचार भावना की सराहना की।

उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सुरक्षित निर्माण पद्धतियों की समझ विकसित करना तथा आपदा जोखिम न्यूनीकरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। उपायुक्त ने विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए मॉडल भविष्य के सुरक्षित निर्माण की झलक प्रस्तुत करते हैं। यह देखकर संतोष होता है कि हमारी नई पीढ़ी आपदा जोखिम न्यूनीकरण और सुरक्षित निर्माण की दिशा में गंभीरता से सोच रही है।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाते हैं बल्कि समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तकनीकी समझ को भी सशक्त बनाते हैं। यह प्रतियोगिता जिला स्तर पर आयोजित की गई थी, जिसके विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। वहीं वे अपने मॉडल प्रस्तुत करेंगे और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा। प्रतियोगिता को तीन वर्गों में विभाजित किया गया था जिसमें कॉलेज स्तर पर विजेता राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई),चंबा वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर विजेता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरमौर और उच्च स्तर का विजेता राजकीय उच्च विद्यालय टापर रहा। प्रतियोगिता के विजेता 8 अक्तूबर को शिमला में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी रविंद्र चिनौरिया, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अध्यापकगण, आईटीआई व पॉलिटेक्निक संस्थानों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किलोड में आसमानी बिजली गिरने से 7 भेड़ें, गाय व बैल की मौत

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विकासखंड सलूनी की ग्राम पंचायत किलोड में मंगलवार सुबह करीब 5 बजे आसमानी बिजली गिरने से भारी नुकसान हुआ। पवन कुमार के अधवारी डिब्री में सात भेड़ें, एक बैल और एक गाय मौत के मुंह में चली गईं। इसी दौरान उनकी 20 वर्षीय पुत्री भारती बेसुध होकर गिर पड़ी, जिसे ग्रामीणों ने तुरंत नागरिक अस्पताल किहार पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर स्थिति में चंबा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। बीएमओ किहार डॉक्टर सुनील कक्कड़ ने बताया कि भारती की बाजू सुन्न हो चुकी है और उसकी स्थिति गंभीर है। इसी घटना में कंठ पुत्र लरजा के दो बैल भी मर गए। इस दुखद घटना के बाद ग्राम पंचायत के प्रधान मंजू बाला, उप प्रधान संजय कुमार, वार्ड सदस्य नरेश, बीडीसी अमर सिंह, पशुपालन विभाग और राजस्व विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और जांच की। डॉ. मोनिका ने बताया कि फार्मासिस्ट सुभाष कुमार से प्राप्त जानकारी के आधार पर रिपोर्ट स्थल सलूनी और उप निदेशक पशुपालन चंबा को भेजी जा चुकी है। तहसीलदार अभिराये सिंह ठाकुर ने भी कहा कि मौके पर पटवारी भेजा गया है और रिपोर्ट के बाद मुआवजा राशि दी जाएगी। मुआवजे में प्रति भेड़ 6 हजार रुपये और गाय के लिए 20 से 30 हजार रुपये तक का भुगतान किया जाएगा। उपचाराधीन लड़की भारती के लिए भी फौरी राहत देने की बात कही गई है। उप प्रधान संजय कुमार शर्मा ने सरकार से अपील की है कि कंधेलिया भारती एक गरीब परिवार से है और पशुपालक परिवार से संबंधित है, इसलिए आर्थिक सहायता जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए ताकि परिवार को राहत मिल सके।

दिल और दिमाग के टकराव में दिल की सुनो।
-स्वामी विवेकानंद

## संपादकीय

# हरियाली ही जीवन

हिमाचल प्रदेश सदैव प्राकृतिक सौंदर्य, हरियाली, साफ-सुथरी वादियों और पर्वतीय वनों के लिए प्रसिद्ध रहा है। इस राज्य की पहचान ही इसके जंगल, ताल, नदियां और बर्फ से लदे पहाड़ हैं, इसलिए हिमाचल प्रदेश के लिए पर्यावरण संरक्षण सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि जीवन का मूल सिद्धांत है। राज्य सरकार, स्थानीय लोगों और विभिन्न संगठनों ने मिलकर वर्षों से निरंतर प्रयास किए हैं कि हिमाचल की हरित छटा बनी रहे और प्राकृतिक संसाधनों को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखा जाए।

पर्यटन हिमाचल की आर्थिक धुरी है। हिमाचल की सुहावनी वादियों, किले, मंदिरों, ट्रैकिंग रूटों और प्रकृति के सौंदर्यों को देखने के लिए देश-विदेश से पर्यटक सालभर यहां आते रहते हैं। वे यहां आकर शांति महसूस करते हैं। कुछ पर्यटक तो हिमाचल की शुद्ध हवा, हरियाली और स्वच्छ वातावरण से इतने प्रभावित होते हैं कि यहां अपने जीवन का ठिकाना गढ़ लेना चाहते हैं, लेकिन ये ख्वाहिश उनकी पूरी नहीं हो पाती, क्योंकि हिमाचल में धारा 118 जैसी कानूनी बंदिशें हैं, जिनकी वजह से बाहरी राज्यों के लोगों के लिए जमीन खरीदना बहुत जटिल हो जाता है। धारा 118 के अंतर्गत जमीन खरीदने की अनुमति के लिए नियम और प्रक्रिया बहुत कड़ाई से रखी गई है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बाहरी राज्य के निवासियों का अंधाधुंध प्रवेश हिमाचल के प्राकृतिक संसाधनों पर अनियंत्रित दबाव न डाले। यह कानून भले ही कुछ के लिए असुविधा का कारण हो, लेकिन यह हिमाचल की पर्यावरणीय सुरक्षा की एक महत्वपूर्ण ढाल भी बनी हुई है।

हाल ही में हिमाचल प्रदेश को एक बड़ी सफलता मिली है। राज्य के वन क्षेत्र में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। भारतीय वन सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2003 में हिमाचल का वन क्षेत्र लगभग 14,353 वर्ग किलोमीटर था, जो अब वर्ष 2023 में बढ़कर लगभग 15,580.4 वर्ग किलोमीटर हो गया है। इस तरह कुल वन क्षेत्र का अनुपात 25.73 प्रतिशत से बढ़कर 28 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यह हिमाचल की दृढ़ निश्चयी नीति, सतत प्रयास और सामाजिक सहभागिता का स्पष्ट प्रमाण है।

इस वृद्धि के पीछे राज्य सरकार की योजनाबद्ध रणनीति है। उन्होंने न सिर्फ बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया, बल्कि इस बात पर विशेष ध्यान दिया कि पौधे टिकें, उनका संरक्षण हो और उन्हें बढ़ने का पर्याप्त समय मिले। वनस्पति की वृद्धि को सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय लोगों को सम्मिलित किया गया, स्वयं सहायता समूहों, ग्रामोद्योगों और वन सहकारी समितियों को जिम्मेदार बनाया गया। सरकार ने यह निर्णय लिया कि प्रत्येक संगठन 5 हेक्टेयर तक की बंजर या क्षतिग्रस्त वनभूमि को विकसित करने की जिम्मेदारी लेगा और इसके एवज में प्रति हेक्टेयर एक निश्चित प्रोत्साहन राशि 1.20 लाख रुपए प्रदान करेगी। यह नीति न केवल पुनरुद्धार को तेज करती है, बल्कि आर्थिक प्रोत्साहन भी देती है।

यह योजना जनभागीदारी और स्थानीय स्वामित्व की एक कुशल मिसाल है। जब स्थानीय स्तर पर लोग अपना योगदान देंगे और उनका आर्थिक हित जुड़ा होगा, तब वे वन की रक्षा और संरक्षण में स्वेच्छा से जुटेंगे। साथ ही सरकार ने निगरानी तंत्र कड़ा किया है, जिससे अवैध कटाई और वन माफिया की गतिविधियों को नियंत्रित किया जा सके। वन माफिया समस्या हिमाचल में एक संकट बनकर उभरी है। अवैध रूप से लकड़ी की कटाई, पशु चराई और मानव हस्तक्षेप ने कई वर्षों से वनों को नुकसान पहुंचाया है। इसकी रोकथाम के लिए सरकार को और अधिक सक्रिय कदम उठाने होंगे। अवैध गतिविधि की सूचना देने वालों के नाम को गोपनीय रखना चाहिए, ताकि उन्हें किसी प्रकार का खतरा न हो। साथ ही, वन विभाग को जल्द कार्रवाई करने में सक्षम और सशक्त बनना चाहिए। इससे संदेश जाएगा कि राज्य व वन समाज दोनों ही अराजक क्रियाओं को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

सरकार को आगे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वन क्षेत्र की वृद्धि सिर्फ संख्याओं तक सीमित न रहे, बल्कि वनों की गुणवत्ता भी उत्तम बनी रहे। विविधता, जंगली जीवों का आवास और पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। मौजूदा जंगलों में पुनरुत्थान और प्राकृतिक बीज प्रसार को बढ़ावा देना चाहिए। वन क्षेत्र की वृद्धि इस बात का प्रतीक है कि यदि नीति, योजना और लोक भागीदारी मिल जाए, तो असंभव को संभव बनाया जा सकता है। हालांकि, चुनौतियां अभी बाकी हैं-वन माफिया, भू-उपयोग दबाव और अवैध गतिविधियां, लेकिन दृढ़ निर्णय, सख्त व्यवस्था और जनसहयोग से हिमाचल एक बार फिर देश के सबसे हरित राज्यों में से एक बन सकता है। यह एक लंबी यात्रा है, जिसमें सबकी भूमिका अहम होगी। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत की साहसी महिला पहलवान


दिव्या काकरन
जन्म : 8 अक्तूबर, 1998

**दिव्या** काकरन भारत की प्रसिद्ध फ्रीस्टाइल महिला पहलवान हैं, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों को मात देकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है। उनका जन्म 8 अक्तूबर 1998 को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के पुरबालीयान गांव में हुआ था। उनका परिवार आर्थिक रूप से कमजोर था। उनके पिता सुरजवीर काकरन लंगोट बेचने का कार्य करते थे और मां संयोगिता काकरन घर पर सिलाई करती थीं। दिव्या ने बहुत कम उम्र से ही कुश्ती की दुनिया में कदम रखा। उन्होंने मिट्टी के दंगलों से शुरुआत की और लड़कों से कुश्ती लड़कर खुद को साबित किया। उनकी मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि उन्होंने दिल्ली राज्य चैंपियनशिप में 60 से अधिक पदक जीते, जिसमें 17 स्वर्ण पदक शामिल हैं। वह 14 बार 'भारत केसरी' का खिताब भी जीत चुकी हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने एशियाई खेलों 2018 में कांस्य पदक और 2022 के बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में 68 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता। उन्होंने केवल 30 सेकेंड में अपनी प्रतिद्वंद्वी को चित कर दिया था। दिव्या आज भारतीय रेलवे में वरिष्ठ टिकट परीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। वह लाखों लड़कियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। ■



कविता

### जनजीवन का साथ प्रकृति

डॉ. कौमार्या मनोज

जहां प्रकृति वहीं प्रगति, ऐसा हमने माना है।
ईश्वर का अनुदान प्रकृति, ऐसा सबने जाना है।।
हे मानव यह फर्ज है तेरा, तुझको इसे बचाना है।
जितने होंगे पेड़ पौधे,उतनी खुशहाली आना है।।
देख इन्हें दिल खुश हो जाता,पक्षियों का वास इसी में।
कंद मूल फल इससे आता, ऑक्सीजन का वास इसी में।।
फूल फल हवा सुगंध सब, धरा को ये धर जाते हैं।
रंग बिरंगे फूल खिलाकर, सबका मन बहलाते हैं।।
जन जीवन के साथ प्रकृति, खुशियों की सौगात है ये।
हरियाली है तो जीवन इससे, खुशियों की बारात है ये।।
जीव निर्जीव के ये संरक्षक, ऐसा सबने जाना है।
हे मानव यह फर्ज है तेरा, तुझको इसे बचाना है।।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# न्याय पर हमला, संविधान पर चोट- मौन क्यों है भारत ?



अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक
हि.प्र कृ.वि.वि., पालमपुर

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की घटना हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों, न्यायिक स्वतंत्रता और सामाजिक ढांचे पर सवालिया निशान छोड़ती है। किसी भी संवैधानिक व्यवस्था में सर्वोच्च न्यायालय केवल न्याय देने का स्थान नहीं होता, बल्कि वह उन मूल्यों का संरक्षक भी होता है जिन पर राष्ट्र ने अपनी पहचान बनाई है। इसलिए जब किसी अदालती कक्ष में, एक वकील द्वारा इस तरह का कृत्य होता है तो यह सीधे तौर पर संविधान और न्यायिक मर्यादा पर हमला है।

इस घटना को 'न्यायिक मर्यादा का अपमान' कहें या 'संवैधानिक गरिमा पर हमले'। निश्चित रूप से यह कृत्य अपमानजनक, असम्मानजनक और खतरनाक है। यह घटना किसी एक व्यक्ति की मनोवैज्ञानिक अस्वस्थता से जोड़कर कमतर आंकना भी जोखिम भरा है। यदि यह केवल एक मानसिक रूप से अस्थिर वकील की एक उन्मत्त हरकत थी तो भी प्रश्न उठता है कि अदालतों के भीतर सुरक्षा व्यवस्था कहां थी, ऐसा कृत्य करने वाला व्यक्ति कैसे आसानी से मुख्य न्यायाधीश के इतने करीब पहुंच गया और तत्काल प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हुई, परंतु अगर यह कृत्य संगठित विचारधारा, राजनीतिक संरक्षण या किसी समुचित समर्थन की उपज है, तो मामला और गंभीर हो जाता है, क्योंकि तब यह केवल एक अपराध नहीं, बल्कि एक नीयत से किया गया प्रायोजित अपमान बन जाता है। यह घटना एक चेतावनी है। यह भी देखना पड़ेगा कि सत्ता, मीडिया और समाज की प्रतिक्रिया क्या रही? लोकतंत्र में स्वतंत्र मीडिया और सक्रिय नागरिक समाज वही हैं जो शासन और संस्थाओं से जवाबदेही मांगते हैं, परंतु यदि सत्ता मौन है, मीडिया मौन है और समाज उत्तेजना के आगे सहम गया है, तो इसका नतीजा भय और असहिष्णुता का वातावरण होगा। जब सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह विडंबना दिखे कि असभ्यता और धमकी को प्राथमिकता दी जा रही है, तब न्याय की पहुंच लोगों तक कैसे बनी रहेगी?

यदि केवल सत्ता से जुड़े या उसी विचारधारा के लोग सुरक्षित रहें और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने पर आम नागरिक दंडित हों, तो न्याय का सिद्धांत ही धक्का खा जाएगा। यही कारण है कि इस घटना के बाद न्यायपालिका के भीतर स्वत: सक्रिय होकर, साफ और शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा की जाती है – निश्चय ही दोषी पर कार्रवाई और यह सुनिश्चित करना कि आगे से ऐसी घटनाएं न हों। यदि सुप्रीम कोर्ट या अन्य संवैधानिक संस्थाएं मौन रहकर यह संदेश दें कि कानून-व्यवस्था केवल कुछ विशेष तबकों के लिए लागू है, तो यह लोकतंत्र के लिए घातक होगा।

इस विवाद के साथ एक और संवेदनशील पहलू जुड़ा हुआ है- सामाजिक-राजनीतिक विचारधाराएं और जातीय-सांस्कृतिक विभाजन। जिस तरह से 'सनातन' और दलित, अनुसूचित जाति आदि के संदर्भ में प्रश्न उठाए गए हैं, वह इस देश की जटिल सामाजिक सच्चाइयों की झलक है। किसी भी समाज में विभाजन पैदा करने वाले बयान, घृणा फैलाने वाले वाक्य, और अलगाववादी रटें लंबे समय में हिंसा और अन्याय को जन्म देती हैं। जब सत्ता में बैठे लोग या प्रभावशाली नेता ऐसे तर्कहीन और विभाजनकारी भाषण करते हैं या उनका संरक्षण करते हैं, तो समाज की कमजोर परतें अधिक असुरक्षित महसूस करती हैं। यदि न्यायालय समय पर और स्पष्ट रूप से इन अपराधों का विरोध न करे, तो समाज में यही संदेश जाएगा कि कुछ समूहों के खिलाफ भेदभाव सहन किया जाएगा। यह स्थिति न्याय के मूल सिद्धांत के विपरीत है, क्योंकि न्याय का तंत्र सभी नागरिकों को समान सुरक्षा और समान अधिकार देने के लिए होता है न कि किसी विचारधारा या जाति के पक्ष में खड़ा रहने के लिए। भारत का संविधान समानता, मौलिक अधिकार और कानून के समक्ष सबकी समानता का वादा करता है। जब यह वादा खतरे में पड़ता है, नागरिकों का विश्वास संस्थाओं से उठने लगता है।

इसलिए इस घटना पर यह आवश्यक है कि न्यायपालिका स्वतंत्र और निर्भीकता के साथ प्रथम दृष्टया कार्रवाई करे, दोष की पहचान कर सार्वजनिक रूप से उसका निपटारा करे और सुरक्षा प्रणालियों की समीक्षा कर सुधार लागू करे। साथ ही, मीडिया और नागरिक समाज को भी निष्पक्ष और जिम्मेदार रिपोर्टिंग करनी चाहिए। सत्ता को भी यह बताना चाहिए कि वह किसी विचारधारा विशेष का संरक्षक नहीं है, बल्कि सभी नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए जिम्मेदार है।

अब समय है कि सभी न्यायालय, सरकार, मीडिया और नागरिक मिलकर स्पष्ट और ठोस कदम उठाएं। दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई, सुरक्षा प्रोटोकॉल का पुनरीक्षण और सामाजिक संवाद को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसे अपमानजनक कृत्यों के लिए कोई गुंजाइश न रहे और संविधान की गरिमा अक्षुण्ण बनी रहे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**




# करवाचौथ : नारी शक्ति, श्रद्धा और सतीत्व का प्रतीक पर्व



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर
जिला कांगड़ा (हि.प्र)

कहते हैं कि नारी को ऐसा वरदान प्राप्त है कि यदि वह सच्चे मन से तप और भगवान की आराधना करे, तो अपनी इच्छाओं की पूर्ति भी कर सकती है। हिंदू धर्म में नारी शक्ति को देवी का स्वरूप माना गया है। इसी विश्वास और श्रद्धा के प्रतीक स्वरूप भारतीय महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए करवाचौथ पर व्रत रखती हैं।

करवाचौथ व्रत को लेकर हर वर्ष महिलाओं में अत्यंत उत्साह देखा जाता है। भूखे-प्यासे रहकर महिलाएं दिनभर बिना जल ग्रहण किए यह कठिन व्रत करती हैं। यह व्रत केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि प्रेम, त्याग और आत्मबल का प्रतीक भी है। पौराणिक कथाओं में भी इस व्रत का महत्व अनेक उदाहरणों से बताया गया है। कहा जाता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तप किया था। उनकी तपस्या सफल रही और वे अन्य नारियों के लिए आदर्श बनीं। इसी तरह सावित्री ने अपने मृत पति सत्यवान के प्राण यमराज से तपबल के द्वारा वापस लिए। जब यमराज सत्यवान की आत्मा को लेने आए, तो सावित्री ने अन्न-जल का त्याग कर विलाप किया और अपने दृढ़ संकल्प से उन्हें विचलित कर दिया।

यमराज ने उसे कोई अन्य वर मांगने को कहा, तब सावित्री ने संतानों की मां बनने का वर मांग लिया, जिससे यमराज को सत्यवान को जीवन लौटाना पड़ा।

इसी तरह करवा नामक एक पतिव्रता स्त्री की कथा भी प्रसिद्ध है, जिससे इस व्रत का नाम जुड़ा है। करवा का पति एक दिन नदी में स्नान कर रहा था, तभी एक मगरमच्छ ने उसे पकड़ लिया। करवा ने अपने तपोबल से मगरमच्छ को एक सूती धागे से बांध लिया और यमराज के समक्ष प्रस्तुत हो गईं। यमराज ने मगरमच्छ की शेष आयु का हवाला देते हुए उसे मृत्युदंड देने से मना किया, तब करवा ने उन्हें चेतावनी दी कि यदि उन्होंने उसके पति को जीवनदान न दिया तो वह अपने तपोबल से उन्हें नष्ट कर देगी। करवा की सच्ची निष्ठा और शक्ति से यमराज विचलित हो गए और उन्होंने मगरमच्छ को यमलोक भेजकर करवा के पति को चिरायु का वरदान दिया। इसी के बाद से करवा चौथ का व्रत मान्यता प्राप्त पर्व बना। यह व्रत कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को रखा जाता है। महिलाएं सुबह सूर्योदय से पहले 'सरगी' खाती हैं और दिनभर उपवास रखती हैं। शाम को करवा माता की पूजा होती है और चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद ही व्रत खोला जाता है। चंद्रमा का देर से निकलना या मौसम के कारण न दिखना, इस व्रत की कठिनता को और भी बढ़ा देता है, परंतु महिलाएं अगले दिन तक भी व्रत नहीं तोड़तीं। यह उनके त्याग, श्रद्धा और आत्मबल की परीक्षा होती है। आज के समय में यह पर्व कुछ हद तक व्यावसायिकता और दिखावे की चपेट में भी आ गया है। बाजारों में भारी खरीदारी, ज्वैलरी, महंगे कपड़े और सजावट के सामान पर अधिक जोर देखा जाता है। कुछ महिलाएं इस दिन को केवल उपहार या शॉपिंग के अवसर के रूप में देखने लगी हैं, जिससे इस पर्व की मूल भावना कहीं खोती नजर आती है।

कई मध्यमवर्गीय परिवारों में यह आर्थिक दबाव का कारण भी बन जाता है, जो गलत प्रवृत्ति है। करवाचौथ की सच्ची महत्ता केवल बाहरी आडंबर में नहीं, बल्कि उस नि:स्वार्थ प्रेम, त्याग और आत्मबल में है, जो एक स्त्री अपने पति के लिए दिखाती है। यह पर्व उस सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है, जो नारी को शक्ति, करुणा और श्रद्धा का प्रतीक बनाता है। हमें चाहिए कि करवाचौथ पर्व को सादगी, आस्था और पारंपरिक मूल्यों के साथ मनाएं। करवा माता और सावित्री जैसी नारियों से प्रेरणा लेकर हम भी अपने जीवन में प्रेम, समर्पण और आत्मबल को स्थान दें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



# गिरिपार एक अनछुआ स्वर्ग, जिसे चाहिए 'पर्यटन के पंख'



ठाकुर हेमराज राणा
सिरमौर (हि.प्र.)

हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले का गिरिपार क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से समृद्ध इलाका है, जहां पर्यटन की असीम संभावनाएं मौजूद हैं। यह क्षेत्र आज भी अपेक्षाकृत कम विकसित है, लेकिन इसके रमणीय स्थल, देवदारों के घने जंगल, सुंदर घाटियां और तीर्थ स्थल किसी भी पर्यटक को आकर्षित करने की क्षमता रखते हैं।

यहां की चानपुरधार की वादियां, हरीपुरधार, गाताधार का देवदार वन, रेणुका जी जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध तीर्थस्थल, सुईनल का रमणीय क्षेत्र, गिरनल, हाबबन और निगाली जैसे कई स्थान ऐसे हैं, जहां यदि पर्यटन बुनियादी ढांचा विकसित किया जाए-जैसे सड़कें, आवासीय सुविधाएं, होम-स्टे, ट्रैकिंग मार्ग, ईको-टूरिज्म केंद्र, तो यह क्षेत्र देश और विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकता है। सरकार ने हाल ही में कुछ पहलें की हैं, जैसे हिमाचल प्रदेश सरकार के उद्योग मंत्री व स्थानीय विधायक द्वारा चानपुरधार क्षेत्र का दौरा कर पर्यटन के रूप में इसके विकास की संभावनाओं पर विचार करना। यह एक सकारात्मक शुरुआत है, लेकिन केवल एक क्षेत्र विशेष तक सीमित नहीं रहना चाहिए। पूरे गिरिपार क्षेत्र में सुनियोजित और दीर्घकालिक योजना के तहत पर्यटन विकास की आवश्यकता है।

गिरिपार के विकास से न केवल राज्य के पर्यटन राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि यहां के स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। युवाओं को नौकरी के लिए बाहरी राज्यों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। वर्तमान में बड़ी संख्या में युवा शिमला, मनाली, पंजाब, गोवा जैसे पर्यटन स्थलों पर आजीविका की तलाश में पलायन कर रहे हैं। यदि स्थानीय स्तर पर ही रोजगार सृजित हो जाए, तो यह न केवल उनके भविष्य को सुरक्षित करेगा, बल्कि क्षेत्रीय संस्कृति और पारंपरिक जीवनशैली को भी संजो कर रखेगा।

इस दिशा में सरकार के साथ-साथ स्थानीय समाज, जनप्रतिनिधियों और शिक्षित युवाओं की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे राजनीति से ऊपर उठकर गिरिपार क्षेत्र को पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए एकजुट होकर प्रयास करें। क्षेत्र की विशेषताओं, धार्मिक स्थलों, प्राकृतिक धरोहर और सांस्कृतिक विरासत को उजागर करते हुए योजनाएं बनानी चाहिए।

होम-स्टे योजना, ग्रामीण पर्यटन, ट्रैकिंग रूट, लोक संस्कृति आधारित महोत्सव, और जैविक कृषि पर्यटन जैसे नवाचार गिरिपार को राज्य के अन्य पर्यटन स्थलों के समकक्ष लाने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। इसके अलावा, संचार, परिवहन, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ कर पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है।

सरकार यदि गिरिपार क्षेत्र के पर्यटन विकास पर गंभीरता से ध्यान देती है, तो यह क्षेत्र आने वाले वर्षों में हिमाचल के पर्यटन मानचित्र पर एक 'नया और अनोखा आकर्षण केंद्र' बन सकता है। सरकार की नजर-ए-इनायत इस क्षेत्र पर होना बेहद जरूरी है। यहां की शुद्ध हवा, शांत वातावरण, धार्मिक आस्था और अप्रयुक्त सौंदर्य पर्यटकों को निश्चित रूप से आकर्षित करेंगे।

बहरहाल, यह कहना गलत नहीं होगा कि गिरिपार केवल एक भौगोलिक क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पर्यटन और समृद्धि की एक 'संभावनाओं से भरी भूमि' है। हमें मिलकर इस क्षेत्र को विकसित करने के लिए प्रयास करना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां गर्व से कह सकें कि उन्होंने अपने गिरीपार क्षेत्र को उन्नति की राह पर अग्रसर किया।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



# मुख्य न्यायाधीश पर हमला : लोकतंत्र के स्तंभ पर आघात



विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर, सोलन

देश की सर्वोच्च न्यायिक संस्था सुप्रीम कोर्ट में कार्यवाही के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश किशोर ने मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी. आर. गवई पर जूता फेंकने का प्रयास किया, जो बेहद निंदनीय है। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। वकील नारेबाजी कर रहा था, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने त्वरित कार्रवाई कर उसको कोर्ट रूम से बाहर निकाल दिया। यह दिखाता है कि भारतीय न्यायपालिका अपनी मर्यादा और स्थिरता को सर्वोपरि मानती है, जो लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है।

भारत एक संवैधानिक लोकतंत्र है, जहां न्यायपालिका स्वतंत्र और सर्वोच्च स्तंभ मानी जाती है। मुख्य न्यायाधीश न केवल सर्वोच्च न्यायालय के मुखिया होते हैं, बल्कि वे संविधान की रक्षा और नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा के प्रहरी भी हैं। उनके प्रति यह हमला लोकतंत्र की आत्मा पर हमला है। अदालत में अभद्रता न्याय व्यवस्था की गरिमा को ठेस पहुंचाती है और समाज में न्याय के प्रति विश्वास को कमजोर करती है।

इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे संविधान और न्यायपालिका के प्रति अनादर बताते हुए कड़ी निंदा की। कांग्रेस समेत अन्य राजनीतिक दलों ने भी इस कृत्य की निंदा की और न्यायपालिका के प्रति एकजुटता दिखाने की अपील की। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने आरोपी अधिवक्ता की सदस्यता निलंबित कर दी और अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन सहित अन्य अधिवक्ता संगठनों ने भी इस घटना की कड़ी भर्त्सना की। इससे यह स्पष्ट होता है कि न्यायपालिका की प्रतिष्ठा को लेकर देशवासियों में गहरा सम्मान और जिम्मेदारी है। संविधान सभी नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान करता है, लेकिन यह स्वतंत्रता असीमित नहीं है। इसे इस तरह उपयोग नहीं किया जा सकता कि किसी व्यक्ति या संस्था की गरिमा को ठेस पहुंचे या हिंसा का रास्ता अपनाया जाए। अदालत में जूता फेंकना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन और असंवैधानिक आचरण है। लोकतंत्र में असहमति व्यक्त करने के लिए शांतिपूर्ण, कानूनी और सभ्य माध्यम मौजूद हैं, जैसे याचिका, बहस या शांतिपूर्ण प्रदर्शन।

यह घटना अदालत की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाती है। सुप्रीम कोर्ट जैसी संवेदनशील जगह पर इस प्रकार की सुरक्षा चूक स्वीकार्य नहीं है। भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा और कड़ाई आवश्यक है। अधिवक्ताओं सहित सभी के प्रवेश पर कड़े सुरक्षा मानदंड लागू किए जाने चाहिए।

न्यायपालिका की प्रतिष्ठा केवल न्यायाधीशों और वकीलों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। जब नागरिक संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करेंगे, तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्म को भी जिम्मेदाराना और संतुलित रवैया अपनाना होगा, ताकि ऐसी घटनाओं को धार्मिक या राजनीतिक विवाद का रूप न दिया जाए।

मुख्य न्यायाधीश पर हमला लोकतंत्र के स्तंभों पर चोट है, जिसे सहन नहीं किया जा सकता। लोकतंत्र तभी सफल होगा जब सभी संस्थाएं एक-दूसरे का सम्मान करें और नागरिक कानून व मर्यादाओं का पालन करें। सभी-राजनीतिक दल, अधिवक्ता समुदाय और नागरिक समाज-मिलकर सुनिश्चित करें कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। न्यायपालिका की स्वतंत्रता और गरिमा लोकतंत्र की रीढ़ है, और उस पर हमला पूरे देश की गरिमा पर हमला है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### 2.92 ग्राम हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर पुलिस ने बालकरूपी गेट के पास गश्त के दौरान नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को 2.92 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आयुष कुमार (24) निवासी बालकरूपी के रूप में हुई है।थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर पुलिस नशे के कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है।सकीनी कपूर ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को अपने आसपास नशा करने या बेचने वालों की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें या पुलिस हेल्पलाइन पर संपर्क करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

### ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट 9 व 25 अक्तूबर को

**अनंत ज्ञान, महादेव।** सुंदरनगर प्रशासन द्वारा गाड़ियों की पासिंग सहित लाइसेंस टेस्ट की तिथियां तय कर दी गई हैं। एसडीएम (सिविल) अमर नेगी ने बताया कि 9 अक्तूबर व 25 अक्तूबर को ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट करनोडी स्थित बीएसएल परियोजना (बीबीएमबी) स्थली के मॉडल स्कूल के निकट मैदान में लिए जाएंगे। वहीं गाड़ियों की पासिंग भी 8 अक्तूबर व 24 अक्तूबर को की जाएगी।

### तन व मन के लिए जरूरी संतुलित पोषणः गुप्ता

**भीम बसेडू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** कोच रीतु गुप्ता ने सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पौष्टिक आहार शरीर और स्वच्छ मन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि तन और मन का घनिष्ठ संबंध है और दोनों के सही स्वास्थ्य के बिना जीवन अधूरा है। रीतु गुप्ता ने दूषित वातावरण, भागमभाग और तनाव से भरे जीवन का जिक्र करते हुए मोटे और पारंपरिक अनाज खाने का आग्रह किया। मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग, प्राणायाम, नियमित व्यायाम और अच्छा पढ़ाई-लिखाई जरूरी है। बैठक में पीआर ठाकुर ने हर्बालाइफ जैसे पौष्टिक उत्पादों के सेवन की सलाह दी। बीएस चौहान, कृष्ण चंद, नेहा, ममता कुमारी और प्रियंका चौहान भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### आस्था राज का बीएएमएस के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** डीबीपीएस की आस्था राज का चयन आयुर्वेदिक अस्पताल पपरोला में बीएएमएस (आयुर्वेद चिकित्सा एवं शल्य चिकित्सा में स्नातक) के लिए हुआ है। स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश डोगरा ने बताया कि आस्था ने नर्सरी से जमा दो तक की पढ़ाई दयानंद भारतीय पब्लिक स्कूल से पूरी की है।आस्था के पिता प्रदीप कुमार पेशे से फोटोग्राफर और माता गृहिणी हैं। आस्था ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों, अध्यापकों और मित्रों को दिया है। उधर स्कूल के चेयरमैन ओम मरवाह, जनरल सेक्रेटरी विजय जम्वाल, प्रधानाचार्य राजेश डोगरा ने आस्था और उसके परिजनों को बधाई दी है।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती की धूम, किया भजन-कीर्तन

**अनंत ज्ञान, महादेव।** मर्यादा पुरुषोतम श्री राम पर आधारित धार्मिक ग्रंथ रामायण के रचयिता भगवान वाल्मीकि (महर्षि वाल्मीकि) की जयंती तहसील सुंदरनगर के विभिन्न स्थानों में बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धाभाव से मनाई गई। बीएसएल परियोजना (बीबीएमबी) कॉलोनी सलापड़ में भी महर्षि श्रेष्ठ वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर संबंधित मंदिर में दूर-दूर के श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर भजन -कीर्तन किए वहीं मशहूर इस मंदिर से संबद्ध समिति द्वारा आयोजित भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालु लोगों ने शिरकत कर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया।

### नगर पंचायत करसोग की मतदाता सूची जारी

**अनंत ज्ञान, करसोग।** नगर पंचायत करसोग के वार्ड नंबर 1 से 7 के लिए मतदाता सूची तैयार कर ली गई है। एसडीएम एवं मतदाता पंजीकरण अधिकारी गौरव महाजन ने बताया कि यह सूची कार्यालय समय में एसडीएम कार्यालय, नगर पंचायत कार्यालय और तहसीलदार कार्यालय करसोग में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि यदि किसी नागरिक को सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने या प्रविष्टि में संशोधन करवाना हो तो वह 8 से 17 अक्तूबर तक प्रपत्र संख्या 4, 5 या 6 में आवेदन कर सकता है। यह आवेदन तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार (संशोधन अधिकारी) को व्यक्तिगत रूप से, प्रतिनिधि के माध्यम से या पंजीकृत डाक द्वारा भेजा जा सकता है। एसडीएम ने नागरिकों से आग्रह किया कि समय रहते अपना दावा या आपत्ति दर्ज करवाकर मतदाता सूची को अद्यतन बनाने में सहयोग करें।

### मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 13 नवंबर को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** आगामी पंचायतीराज और नगर परिषद चुनावों के दृष्टिगत, राज्य चुनाव आयोग ने अहर्ता तिथि 1 अप्रैल 2025 के आधार पर मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण शुरू कर दिया है। एसडीएम सुरजीत सिंह ने बताया कि जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की पंचायतों की मतदाता सूचियां संबंधित पंचायत और बीडीओ कार्यालयों में, जबकि नगर परिषद की सूची नगर परिषद व एसडीएम कार्यालय में निरीक्षण हेतु उपलब्ध है। 8 से 17 अक्तूबर तक दावे व आपत्तियां दर्ज करवाई जा सकती हैं, जिनका निपटारा 27 अक्तूबर तक होगा। इसके बाद 3 नवंबर तक याचिकाएं दी जा सकती हैं और उनका निपटारा 10 नवंबर तक होगा। अंतिम मतदाता सूची 13 नवंबर 2025 को प्रकाशित होगी। 1 अक्तूबर 2025 तक 18 वर्ष पूर्ण करने वाले पात्र मतदाताओं को शामिल किया जाएगा। एसडीएम ने सभी पात्र नागरिकों से निरीक्षण और सुधार प्रक्रिया में सहयोग की अपील की है।

### भूस्खलन से अप्पर बरोटी की सड़क-रास्ता ध्वस्त

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपतहसील डैहर की ग्राम पंचायत बरोटी के अप्पर बरोटी गांव में हालिया भूस्खलन से ट्रैक्टर सड़क व पैदल रास्ता करीब 100 फीट की लंबाई में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे ग्रामीणों को आवाजाही व दैनिक जरूरतों की आपूर्ति में भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों की अपील पर पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन व संबंधित विभाग से समन्वय कर शीघ्र नया रास्ता और ट्रैक्टर सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। इस मौके पर ग्राम पंचायत प्रधान दमयंती देवी, सूबेदार श्याम लाल, राजकुमार वर्मा, सुभाष चंद सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने शीघ्र समाधान की मांग की है।

### बीबीएमबी कॉलोनी सुंदरनगर का वार्षिक उत्सव शुरू

**अनंत ज्ञान, महादेव।** आर्य समाज बीबीएमबी कॉलोनी सुंदरनगर का 55वां वार्षिक उत्सव आरंभ हो गया है जो 7 अक्तूबर से लेकर 12 अक्तूबर तक चलेगा। इस दौरान प्रातः काल जहां यज्ञ होगा। वहीं विद्वानों द्वारा प्रवचन एवं भजन संध्या आयोजित की जाएगी। आर्य समाज के वेद प्रचार मंत्री श्रवण आर्य ने बताया कि बाहरी राज्यों के जुड़े विद्वान भी शिरकत करेंगे जो अपने मुखारबिंद से आर्य वाणी कर श्रद्धालुओं को निहाल करेंगे।

### सराज के आपदा पीड़ितों को बांटी 400 राशन किट



**अनंत ज्ञान, पंडोह।** पूरी ऑयल मिल्स लिमिटेड (पी मार्क) की सीएसआर शाखा सरफरोश फाउंडेशन द्वारा सराज विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में 400 पीड़ित परिवारों को राशन किट वितरित की गईं। थुनाग, खुनागी, मुरहाग, महोगी, सरोआ, गुनास, टनिपरी, हणोगी, थलौट व अन्य क्षेत्रों में वितरित इन किट्स में चावल, आटा, दालें, नमक, हल्दी और सरसों का तेल जैसी आवश्यक खाद्य सामग्री शामिल थी। इस अवसर पर पी मार्क मंडी के प्रबंधक अनुराग शर्मा ने कहा कि कंपनी न केवल शुद्ध उत्पाद देने में अग्रणी है, बल्कि त्रासदी की घड़ी में भी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि जान-माल की हानि की भरपाई संभव नहीं, परंतु यह छोटा-सा सहयोग कुछ राहत जरूर पहुंचा सकता है।' इससे पहले कंबल व तिरपाल वितरित किए गए थे। वितरण में समाजसेवी बीआर भाटिया (पंडोह) और लीलाधर चौहान (थुनाग) का सहयोग सराहनीय रहा।

# बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त सड़कें बंद होने का मंडराया खतरा

## किसानों की फसल हो रही बर्बाद व पशुओं के लिए घास की कमी से पशुपालक चिंतित

**बालक राम, अनंत ज्ञान**



बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त।

**पंडोह।** बरसात है कि रूकने का नाम ही नहीं ले रही है। पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बरसात अब फिर से डराने लगी है। खास कर सड़कों के लिए यह बरसात बहुत नुकसान पहुंचा सकती है। जो हाल ही में बड़ी मशक्कत के बाद वाहनों के लिए सुचारू हो पाई थीं। इनमें ग्रामीण सड़कों के साथ-साथ चंडीगढ़-मनाली-मंडी से झलोगी तक सड़क मार्ग भी शामिल हैं।

इसके ब्लैक प्वाइंट जहां लैंडस्लाइड हुआ है और अभी भी वन-वे सड़क मार्ग है। उन प्वाइंट पर बंद होने का खतरा मंडराने लगा है। सबसे बड़ी समस्या पशु धन की हो रही है। घास तैयार है। बहुत से किसानों एवं पशुपालकों द्वारा घास काट भी लिया है,जो इस बारिश ने तबाह कर दिया है। जो काटने को है वह भी सड रहा है। किसान देव राज, जागर के बलदेव ठाकुर, पंडोह के रोशन लाल और सोझा के देवी राम कौंडल ने बताया कि इस बारिश से फिर से डर लगने लगा है। इंसान अपने लिए तो अनाज खरीद कर भी ले लेता है मगर पशुओं के लिए खरीद कर भी घास नहीं मिलेगा। बहुत से खेतों में अभी मक्खी की फसल निकालने को है वह भी खराब हो रही है। इस बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बता दें कि अभी मौसम विभाग का एलर्ट अभी आज बुधवार तक है। यदि बारिश नहीं रूकती है तो किसानों और पशुपालकों की समस्याएं और बढ़ सकती है।

# जोगिंद्रनगर में दलित अत्याचारों के खिलाफ माकपा का हल्ला बोल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

प्रदेश में दलित समुदाय पर बढ़ते अत्याचारों के विरोध में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की जोगिंद्रनगर लोकल कमेटी ने आज सुक्काबाग मेला मैदान के सरस्वती मंच पर एक बड़ा धरना प्रदर्शन किया। मूसलाधार बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सरकार से दलितों के लिए न्याय की मांग की।

माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य कुशाल भारद्वाज ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के 78 साल बाद भी, जब हम 21वीं सदी में हैं, मनुवादी मानसिकता वाले लोगों द्वारा दलितों और महिलाओं पर अत्याचार और अमानवीय व्यवहार सभ्य समाज को शर्मसार करता है। उन्होंने हाल की तीन घटनाओं का विशेष उल्लेख किया- कुल्लू की सैंज घाटी में दलित महिला से बलात्कार और शव को क्षत-विक्षत करना, चिड़गांव के जांगला गांव में एक 12 वर्षीय दलित बच्चे सिकंदर को कथित अपमान के कारण आत्महत्या करने पर मजबूर करना, और कुल्लू दशहरा के दौरान एक अधिकारी को अपमानित करना। भारद्वाज ने इन घटनाओं को पाशविक दमन करार दिया और इनकी कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि यदि हमारे अंदर का इंसान जिंदा है, तो हमें इसके खिलाफ आवाज उठानी ही होगी। उन्होंने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं के साथ हुए अभद्र व्यवहार की भी निंदा की, जब वे पीड़ित बच्चे के परिवार से मिलने गए थे, और स्पष्ट किया कि पार्टी सामाजिक न्याय की लड़ाई में ऐसी बाधाओं से डरेगी नहीं। माकपा ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि वह सभी पीड़ितों को तत्काल न्याय प्रदान करे, संवैधानिक बाध्यताओं का पालन करते हुए अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। इस अवसर पर जिला कमेटी सदस्य संजय व लोकल कमेटी सदस्य सुदर्शन ने भी जातिगत भेदभाव व छुआछूत के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# अब बच्चियों पर मुकदमे दर्ज करने पर उतारु सुक्खू सरकार : जयराम ठाकुर

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**



प्रेसवार्ता करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

**मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सुक्खू सरकार को एफआईआर करने की सनक सवार हो गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री होते हुए भी वह छोटे दिलवाले छुटभैया नेताओं के चंगुल में फंसकर वैसी ही हरकतें कर रहे हैं। उनकी नाकामी के खिलाफ जहां से भी कोई आवाज उठती है, सीधे मुकदमा कर दो, जेल में भेज दो, परिवार का बिजनेस है तो तबाह कर दो, परिजनों को परेशान करो यही नीति सरकार चला रही है।

बीते कल इस सरकार ने बच्चियों पर भी एफआईआर दर्ज कर दी। कारण केवल इतना था कि उन्होंने खाना न मिलने की शिकायत की थी। कार्यक्रम में बच्चों को बुलाया गया, किसी तंत्र से भोजन का प्रबंध भी करवाया गया और बच्चियों को खाने के नाम पर घंटों धूप में बैठाया गया। जब उन्होंने विरोध किया तो उनके ऊपर मुकदमा दर्ज कर दिया गया। कोई पत्रकार कुछ बोले तो उसके खिलाफ एफआईआर, कोई नेता बोले तो उसके खिलाफ मुकदमा ताकि सरकार की नाकामी के खिलाफ कोई आवाज ही न उठ सके। जिनके खिलाफ मुकदमा न कर पाओ, उनके खिलाफ करोड़ों रुपए खर्च कर सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करते हुए घटिया भाषा में सोशल मीडिया पर अभियान चलाओ, और फिर भी उस पर कोई कार्रवाई न करवाओ। निकम्मापन और तानाशाही का शासन चल रहा है।

जयराम ने कहा कि मुख्यमंत्री चाहे जितनी तानाशाही कर लें, लेकिन उन्हें यह याद रखना चाहिए कि तानाशाहों का अंत हमेशा बुरा होता है। उनकी हर कारगुजारी का पूरा हिसाब रखा जाएगा। ऐसे अधिकारी जो सरकार के टूल बनकर काम कर रहे हैं, उन्हें भी यह याद रखना चाहिए कि उनके हर फैसले की समीक्षा कभी भी हो सकती है। तब ऐसे लोग अपनी जान बचाते फिरेंगे कोई आपके काम नहीं आएगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री इस समय कई संदिग्ध व्यक्तित्व वाले अधिकारियों की मदद लेकर उनके चंगुल में फंस चुके हैं, जिससे निकलना उनके लिए बहुत मुश्किल हो गया है। यह बेहद खतरनाक स्थिति है।

# करसोग-परलोग-शिमला सड़क निर्माण कार्य जल्द हो शुरूः शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** करसोग-परलोग-शिमला सड़क निर्माण को जल्द शुरू करने को लेकर सामाजिक कल्याण संस्था ने आवाज बुलंद की है। संस्था के चेयरमैन एवं समाजसेवी एचवाई शर्मा ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को पत्र लिखकर सड़क निर्माण को लेकर आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि सुन्नी मेले के दौरान लोक निर्माण मंत्री ने बसंतपुर-बड़मैन मार्ग के लिए 7 करोड़ की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की थी जो एक सराहनीय कार्य है। इससे सुन्नी क्षेत्र की जनता को लाभ होगा व किसी व्यक्ति के बीमार पड़ने पर आपातकालीन स्थिति में शिमला पहुंचने के लिए बस का किराया और समय बचेगा। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा चैरा स्थित मूल मांहुनाग मंदिर से परलोग पुल तक लगभग 5 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाता है तो इससे लोगों के समय व बस किराए की बचत होगी व आपातकालीन स्थिति में मरीज को परलोग बसंतपुर होते हुए शिमला ले जाने में करसोग से करीब लगभग 50 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी। शर्मा ने कहा कि करसोग से शिमला बाया परलोग सड़क मार्ग की अधिसूचना 1971 में ही हो गई थी, लेकिन अभी तक इसका निर्माण नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि करसोग परलोग रोड के निर्माण हेतु 1971 में हिमाचल सरकार द्वारा घोषणा की गई थी परंतु आज तक उक्त सड़क निर्माण केवल मूल माहूंनाग मंदिर चैरा तक ही हो पाया है। श्री मूल माहूंनाग मंदिर से आगे केवल 4 से 5 किलोमीटर का फासला बाकी सतलुज नदी पर बने बस योग्य पुल तक निर्माण सरकार द्वारा नहीं किया जा रहा है।

# अभिलाषी विश्वविद्यालय में एसेंशियल ऑफ फार्माकोलॉजी वॉल्यूम-1 पुस्तक का विमोचन



एसेंशियल ऑफ फार्माकोलॉजी वॉल्यूम-1 पुस्तक का विमोचन करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अभिलाषी विश्वविद्यालय में फार्मास्यूटिकल शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई। विवि के फार्मेसी विभाग के प्रोफेसरों द्वारा इस पुस्तक एसेंशियल ऑफ फार्माकोलॉजी वॉल्यूम-1 को लिखा गया है। जिसमें की डॉ. देव प्रकाश दहिया, डॉ. सुनीता देवी, डॉ. पुनीत, डॉ. शालिनी व प्रदीप शामिल हैं।

यह पुस्तक औषधि विज्ञान की मूलभूत अवधारणाओं, उनकी क्रियाविधि, प्रभावों और चिकित्सीय अनुप्रयोगों पर आधारित एक व्यापक शैक्षणिक सामग्री है। इसका उद्देश्य छात्रों को फार्माकोलॉजी में सुदृढ़ वैचारिक आधार प्रदान करना है, जिससे वे आगे चलकर उन्नत विषयों की गहरी समझ विकसित कर सकें। इस पुस्तक का विमोचन अभिलाषी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, डीन स्कूल ऑफ फार्मेसी डॉ. देव प्रकाश दहिया सहित सभी लेखकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। वहीं इस विमोचन पर माननीय कुलाधिपति डॉ. आर.के. अभिलाषी, प्रति कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी, कुलपति डॉ. एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, डॉ. नर्वदा अभिलाषी, डॉ. प्रोमिला अभिलाषी व सचिव नरेंद्र कुमार ने लेखकों को हार्दिक बधाई दी।

# विधायक चंद्रशेखर ने सिद्धपुर में खेलकूद स्पर्धा का किया शुभारंभ



मुख्यातिथि विधायक चंद्रशेखर को सम्मानित करता विद्यालय प्रबंधन।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिद्धपुर में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को धर्मपुर विधायक चंद्रशेखर ने किया। प्रतियोगिता में जिला के 12 खंडों के करीब 1000 छात्र विभिन्न स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं।

विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों से अनुशासन, नेतृत्व और सहयोग की भावना का विकास होता है तथा ये मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी हैं। उन्होंने शिक्षा और खेल को सरकार की प्राथमिकताओं में बताते हुए कई घोषणाएं कीं। इनमें सिद्धपुर स्कूल के लिए 10 लाख का बहुउद्देशीय हॉल, बहरी में बैडमिंटन स्टेडियम, सन्धोल व बहरी में पुस्तकालय, बनेहरड़ी और भराड़ी में खेल मैट्स, सिद्धपुर में बैडमिंटन कोर्ट और सड़क निर्माण शामिल हैं।

**जिला के 1000 खिलाड़ी छात्र दिखाएंगे दमखम**

इसके साथ ही क्षेत्र के 14 स्कूलों की मरम्मत हेतु 44 लाख और संधोल स्कूल के लिए 18.61 लाख का बजट भी स्वीकृत किया गया है।

## धर्मपुर एफपीओ के प्रोसेसिंग सेंटर करेंगे 20 लाख का कारोबार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एफपीओ धर्मपुर द्वारा स्थापित प्रोसेसिंग सेंटरों की बैठक प्रभारी रजनी सकलानी की अध्यक्षता में भराड़ी में आयोजित की गई। एफपीओ अध्यक्ष सत्तपाल सिंह चौहान ने बताया कि दीपावली से शुरू होकर अगले 5 महीनों में ये सेंटर 20 लाख रुपये से अधिक का कारोबार करेंगे। मिठाइयों, अचार, सेवइयों और अन्य उत्पादों की बिक्री के लिए मोबाइल वैन चलाई जाएगी, जो धर्मपुर, सिद्धपुर, संधोल, टिहरा, सजाओ, बरोटी-मंडप और सरकाघाट में घूमेगी।

**मोबाइल वैन से होगी गांव-गांव मार्केटिंगः चौहान**

बैठक में बताया गया कि सभी छह प्रोसेसिंग सेंटर महिलाओं द्वारा संचालित हैं और खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाइसेंस प्राप्त कर चुके हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. हरदयाल सिंह गुलेरिया ने गुणवत्ता और पैकिंग पर विशेष ध्यान देने को कहा। एफपीओ जल्दी ही भराड़ी में एक लघु उद्योग भी स्थापित करेगा जिससे समस्त कार्य एक छत के नीचे हो सकें।

# कर्म व चरित्र से होती है मनुष्य की पहचानः राकेश जम्वाल



वाल्मीकि मंदिर विकास के लिए विधायक ने दिए 2 लाख , शौचालय का भी होगा निर्माण।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने बीबीएमबी कॉलोनी स्थित वाल्मीकि मंदिर में मंगलवार को आयोजित महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह में भाग लेकर महर्षि बाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की जीवनगाथा समाज में समानता, नैतिकता और आत्मबल का अद्भुत उदाहरण है। राकेश ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने यह सिखाया कि मनुष्य की पहचान उसके कर्म और चरित्र से होती है, न कि उसके जन्म से। कार्यक्रम के दौरान राकेश जम्वाल ने बीबीएमबी वाल्मीकि मंदिर के विकास

**वाल्मीकि मंदिर में श्रद्धांजलि अर्पित कर किया समाज में समरसता का संदेश**

के लिए रसोईघर निर्माण के लिए 2 लाख देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि नप सुंदरनगर के माध्यम से मंदिर परिसर में शौचालय निर्माण भी करवाया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छता और सुविधा सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, जिला महामंत्री ओमप्रकाश, नगर परिषद उपाध्यक्ष रक्षा धीमान, मंडल उपाध्यक्ष पुष्पा, गौरव धीमान, निर्मल वर्मा सहित कई उपस्थित रहे।

## शिव वालिया कांगड़ा चंबा उत्सव में अचीवर अवार्ड से सम्मानित

**अभिषेक, अनंत ज्ञान जोगिंद्रनगर।** कांगड़ा में आयोजित कांगड़ा-चंबा उत्सव 2025 का समापन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सांसद (चंबा-कांगड़ा) डॉ. राजीव भारद्वाज ने शिरकत की और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को अचीवर अवार्ड से सम्मानित किया।इस दौरान जोगिंदरनगर उपमंडल के एहजु निवासी युवा समाजसेवी शिव वालिया को भी उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक पंडित विशाल शर्मा ने बताया कि यह उत्सव हिमाचल की संस्कृति, पारंपरिक पहनावे, युवाओं की समाज में भागीदारी तथा उत्कृष्ट कार्य करने वालों के सम्मान के उद्देश्य से आयोजित किया गया। शिव वालिया पिछले कई वर्षों से नशे के दुष्प्रभावों, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध और सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभावों को लेकर युवाओं को जागरूक कर रहे हैं। वह सरकारी व निजी शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के साथ-साथ आम जनता को भी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

**स्वरोजगार** मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना से अनाथ एवं बेसहारा युवाओं को मिल रहा संबल

# धरलोग के मनीष ने लिखी सफलता की नई इबारत

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत स्वरोजगार के लिए प्रदान की जा रही वित्तीय मदद अनाथ व बेसहारा बच्चों/व्यक्तियों को आत्मनिर्भरता की नई राह दिखा रही है। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को स्वरोजगार शुरू करने के लिए दो लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना 27 वर्ष आयु तक के अनाथ एवं बेसहारा लाभार्थियों को अभिभावक के रूप में प्रश्रय देती है। साथ ही उनकी शिक्षा-दीक्षा से लेकर वित्तीय मदद प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित भी करती है।



खेत में टमाटर की फसल के साथ धरलोग के मनीष कुमार।

### सरकार का आभार व नया विश्वास

**मनीष** कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को दिया है। उनका कहना है कि सुख-आश्रय योजना ने वास्तव में उन्हें अहसास दिलाया कि सरकार ही माता है, सरकार ही पिता है। इस योजना ने मुझे आत्मनिर्भर बनने की दिशा एवं संबल प्रदान किया है। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं। मनीष का यह ज़ज्बा उन सभी के लिए प्रेरणा है, जिन्होंने जीवन में मुश्किलों का सामना किया और अब सरकार की मदद से वे आत्मनिर्भर बनने की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। मनीष जैसे प्रेरक युवा यह साबित कर रहे हैं कि कठिनाइयों से जूझने के बाद भी आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाए जा सकते हैं।

इसी योजना से प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरे हैं गांव धरलोग, पंचायत कटौला के मनीष कुमार। मनीष के जीवन में कई कठिनाइयां थीं, लेकिन सरकार की मदद से उन्होंने न केवल अपनी मुश्किलों से पार पाया, बल्कि स्वरोजगार की दिशा में सफल कदम भी बढ़ाए हैं। मनीष के माता-पिता का निधन तब हो गया था जब वे मात्र चार साल के थे। उनका पालन-पोषण उनके दादा-दादी ने किया। बारहवीं तक की शिक्षा पूरी करने के बाद मनीष ने अपनी लगभग आठ बीघा भूमि पर पारम्परिक खेती शुरू की। सीमित संसाधनों और पारंपरिक खेती के चलते उनकी आय बहुत कम थी। जीवन कठिनाइयों से भरा हुआ था, लेकिन उन्हें आशा की नई किरण दिखाई मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना ने। करीब डेढ़-दो वर्ष पूर्व उन्हें इस योजना की जानकारी मिली।

मनीष ने योजना के तहत स्वरोजगार के लिए वित्तीय मदद हेतु आवेदन किया। उन्हें दो लाख रुपए की सहायता राशि प्राप्त हुई। इससे उन्होंने कृषि उपकरण पावर टिलर, टुल्लू पंप, ग्रास कटर, स्प्रे पंप इत्यादि खरीदे और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए गोभी और टमाटर की खेती शुरू की। मनीष ने अब पारंपरिक खेती छोड़कर कृषि में नवीनतम तकनीकों और प्राकृतिक खेती को अपनाया। यह निर्णय उनके लिए न केवल आर्थिक रूप से फायदेमंद साबित हुआ, बल्कि उनका जीवन भी पूरी तरह से बदल गया। आज मनीष सालाना खर्च निकालकर लगभग दो लाख रुपए की शुद्ध आय अर्जित कर रहे हैं, जो उनके आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# संघ का शताब्दी उत्सव, बारिश में भी डैहर में नहीं थमे स्वयंसेवकों के कदम

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने मंगलवार को डैहर खंड में विजयदशमी एवं स्थापना उत्सव के अंतर्गत उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया। इस वर्ष का विजयदशमी उत्सव इसलिए विशेष रहा क्योंकि इस दिन संघ की स्थापना को 100 वर्ष पूर्ण हो गए। शीतला माता मंदिर प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 160 स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में उपस्थित रहे। खंड प्रचार प्रमुख पवन कुमार ने कहा कि कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी डैहर खंड प्रचार प्रमुख पवन कुमार द्वारा साझा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत संघ परंपरा के अनुसार शस्त्र पूजन से हुई। इसके उपरांत बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। बाद में स्वयंसेवकों ने पूरे शहर में पैदल संचलन किया, जिसका क्षेत्र की जनता ने पुष्पवर्षा और जयघोष के साथ स्वागत किया।

बारिश भी स्वयंसेवकों के जोश को नहीं रोक पाई, सभी स्वयंसेवक अनुशासनबद्ध कदमों से आगे बढ़ते रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चमन कथावाचक ने की। मुख्य वक्ता हिमगिरि क्षेत्र मंत्री लेखराज राणा रहे। इस अवसर पर संघचालक दुर्गा दत्त शर्मा, सह जिला संघचालक खुशहाल, खंड संघचालक रतन, दिलीप, अजय, पवन और विनोद विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि संघ की 100 वर्षों की यात्रा समर्पण, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की गाथा है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को शताब्दी वर्ष की शुभकामनाएं दीं। मुख्य वक्ता लेखराज राणा ने संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य स्वयं को आगे बढ़ाना नहीं, बल्कि समस्त समाज को उत्कृष्ट, समरस और संपन्न बनाना है। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित पांच प्रणों सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, परिवार प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य और स्व के बोध पर विस्तार से चर्चा की और सभी से इनका अनुसरण करने का आह्वान किया। लेखराज राणा ने बताया कि शताब्दी वर्ष के अंतर्गत हर मंडल स्तर पर हिंदू सम्मेलन व व्यापक गृह संपर्क अभियान आयोजित किए जाएंगे।

# देवमहाकुंभ
# अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा

## आभार



हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

कमलेश वर्मा (परी)
प्रभारी कुल्लू एवं लाहुल स्पीति
मो. 97360-75360,86298-97600

with best compliments from :
MRFM BAJAURA
MANALI
ROLLER FLOUR MILLS PVT. LTD.
BAJAURA, DISTT. KULLU (H.P.) - 175125
Ph. : 01902 - 265897, 265098, 266897, M. 9418001197, 9418001297, e-mail : manalimillsbajaura@gmail.com
Manufacturers :-
WHEAT ATTA (SPECIAL), WHEAT ATTA (CHAKKI) SOOJI/Rawa, Atta "Manali Fine" Atta"
MAIDA BAKERY SPECIAL, MAIDA HALWAI (SPECIAL) & WHEAT BRAN (CHOKAR)


BHUPINDER PAL GUPTA
(MANAGING DIRECTOR)
9418003897


PAWAN KUMAR GUPTA
(DIRECTOR)
9418000497

Nominee for Grinding of TPDS Atta







Maa Gujri
Engineering Services Pvt. Ltd.


Naveen Dubb
Director
M: 98162-22772

Fabrication of
Steel Gantries, Pen Stocks for Mini Hydel Projects, Steel Liner and all types of Rock Bolting Materials etc.



Ramvir Dubb (Director)
M: 94180-63360, Offi.: 01902-260172
Factory: Plot No. 38, Ind. Area Shamshi, Distt. Kullu (H.P.)

देव- मानस महामिलन
अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

LALIT
MEDIROMA
INTERNATIONAL

Manufacturer of:
CEDAR WOOD OIL,
HAWAN SAMAGRI,
HERBAL PRODUCTS,
& OTHER ESSENTIAL OILS (NATURAL).



Kamlesh Verma

Plot No. 40, Industrial Area Shamshi,
Distt. Kullu (H.P.)-175126
Phone: +91-9882811000, +91-97364-66000
e-mail: mediromakullu2017@gmail.com



कुल्लू दशहरा उत्सव

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं


श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू
माननीय मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश


श्री मुकेश अग्निहोत्री
माननीय उप-मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश


श्री सुन्दर सिंह ठाकुर
विधायक विधानसभा क्षेत्र कुल्लू एवं अध्यक्ष दशहरा उत्सव समिति

देव महा समागम कुल्लू दशहरा उत्सव के
समापन समारोह अवसर पर

श्री मुकेश अग्निहोत्री
माननीय उप-मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश
के पधारने पर हार्दिक अभिनंदन


डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन, भा.पु.से.
पुलिस अधीक्षक, कुल्लू


सुश्री तोरुल एस. रवीश, भा.प्र.से.
उपायुक्त कुल्लू एवं उपाध्यक्ष
कुल्लू दशहरा उत्सव समिति


गोपाल कृष्ण महंत
अध्यक्ष नगर परिषद, कुल्लू

आयोजक – दशहरा उत्सव समिति, कुल्लू (हि.प्र.)

# देवधुनों से सराबोर हुई अठारह करडू की सौह

## मुहल्ले के दिन रघुनाथ के कैंप में हुआ देवी-देवताओं का महामिलन, भगवान नृसिंह की चनणी में भी देवताओं ने टेके माथे

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**कुल्लू।** देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के छठे दिन मंगलवार को ढालपुर मैदान देवी-देवताओं की ध्वनि लहरियों से गूंज उठा।

हालांकि इस बार कई वर्षों बाद दशहरा उत्सव में बारिश ने खलल मचाया, लेकिन भारी बारिश के बावजूद भी लोगों की श्रद्धा कम नहीं हुई और मुहल्ला में खूब जनसैलाब उमड़ा। देवी हिडिंबा माता के फूलों का गुच्छा जिसे शेश कहा जाता है उसके मिलने के साथ ही मुहल्ला शुरू हुआ। देवी-देवता अपने अस्थायी शिविर से बाहर निकले और ढोल-नगाड़ों की थाप पर भगवान रघुनाथ के कैंप व उसके बाद नृसिंह भगवान की चनणी पहुंचे और साथ ही अस्थायी शिविर के साथ खड़े भगवान रघुनाथ जी के रथ के पास सभी देवी-देवताओं की एंट्री भी की गई। देवी-देवताओं के रथ व गुर और पुजारियों ने वहां पर अपने-अपने देवी-देवता को फूल चढ़ाकर विधिवत रूप से शक्ति का आह्वान किया। दशहरा उत्सव के छठे दिन लंका पर विजय के लिए शक्ति से रक्षा की अपील की जाती है और उसके बाद अगले दिन लंका पर चढ़ाई की जाती है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी मुहल्ले वाले दिन जहां रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर में देवी-देवताओं सहित लोगों का तांता लगा रहा। वहीं, राजा की चनणी के पास भी काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। देर रात को रघुनाथ भगवान के मंदिर में भी देव आयोजन हुआ। बहरहाल, छठे दिन कुल्लू के समस्त देवी-देवता रावण का सफाया करने के लिए मुहल्ला में एकत्र हुए और शक्ति का आह्वान किया।



अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में छठे दिन मुहल्ले के मौके पर भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर में हाजिरी देकर वापस लौटते देवी-देवता।

### रघुनाथ के रजिस्टर में हुई देवी-देवताओं की एंट्री

**छठे** दिन उत्सव में भाग लेने ढालपुर मैदान पहुंचे सभी देवी-देवताओं ने रघुनाथ जी के अस्थायी कैंप में जाकर हाजिरी भरी। यही नहीं सभी देवी-देवताओं का रघुनाथ जी के रजिस्टर में बाकायदा एंट्री होने के बाद अठारह करडू देवी-देवताओं का देव महामिलन भी हुआ। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सबसे पहले हिडिंबा देवी का नाम दर्ज हुआ उसके बाद अन्य देवी-देवताओं ने एंट्री करवाई। देवी-देवताओं ने राजा की चानणी के पास भी हाजिरी दी और नृसिंह जी की गद्दी पर विराजमान भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह के समक्ष पहुंचे और राजपरिवार के सभी सदस्यों को आशीर्वाद दिया।

### लंका पर चढ़ाई के साथ आज होगा रावण का अंत

**अनूठी** परंपराओं के संगम देवमहाकुंभ अंतराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में मंगलवार को लंका पर चढ़ाई की जाएगी और उसके बाद रावण का अंत होने के साथ ही दशहरा उत्सव का भी समापन होगा। देवी-देवताओं के इस महासमागम दशहरा उत्सव में खड़की जाच के बाद देवी-देवताओं के अधिष्ठाता रघुनाथ जी की रथ यात्रा ढालपुर मैदान से लंका बेकर तक जाएगी। गोबर के बने रावण मेघनाथ व कुंभकर्ण को तीर से भेदने के बाद लंका में आग लगाई जाएगी। राजा व राज परिवार के लोगों के रघुनाथ जी के रथ में बैठने के बाद यह रथ यात्रा शुरू होगी, जिसमें हजारों लोग दशहरा उत्सव में आए सैकड़ों देवी-देवता भाग लेगें। लंका बेकर में कोठी सारी के लोगों द्वारा झाड़ियों की लंका सजाई होती है, जहां गोबर से बने रावण परिवार को भेदा जाएगा और उसके बाद लंका जलाई जाएगी। सायंकाल को सभी देवी-देवता रघुनाथ जी के पास हाजिरी देने के बाद घर वापस लौटेंगे, जबकि रघुनाथ जी के मंदिर में सायं काल राम रास होगा। इसमें अठारह करडू की धड़च्छ, देवी हिडिंबा, त्रिपुरी सुंदरी देवता भी भाग लेगें। लिहाजा, सात दिनों तक चलने वाले इस महाकुंभ में सैकड़ों देवी-देवताओं के साथ रघुनाथ जी लंका पर चढ़ाई करके रावण का अंत करेंगें। इस लंका चढ़ाई में होने वाली रथ यात्रा में यहां पहुंचे सभी देवी- देवता भाग लेगें। लंका दहन के साथ ही अंतराष्ट्रीय दशहरा उत्सव का समापन होगा।

## लाव-लश्कर के साथ निकली भगवान नृसिंह की जलेब

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के छठे दिन मंगलवार को भगवान नृसिंह की पारंपरिक अंतिम जलेब लाव लश्कर के साथ निकली। हालांकि, सुबह से ही भारी बारिश का दौर जारी रहा, लेकिन बारिश के बावजूद भी देवता व देवलू जलेब में झूमते-नाचते दिखे। मुहल्ला होने के चलते जलेब करीब 5 बजे चनणी से शुरू हुई और इस दौरान देवी-देवता व देवलुओं ने झुमते हुए परिक्रमा पूरी की। अंतिम दिन जलेब में महाराजा कोठी के कुल सात देवी-देवताओं ने भाग लिया। जलेब में देवी-देवताओं के रथ और सैकड़ों लोग पालकी के आसपास आगे बढ़ते हुए नाच गाकर चनणी से निकलकर, कॉलेज गेट व रथ मैदान, ढालपुर होते हुए वापस चनणी पहुंचे।

देवरथों के साथ चली जलेब में आगे नृसिंह भगवान की घोड़ी और पीछे आठ देवी देवताओं के साथ थिरकते देवताओं के रथ व देवलुओं से पूरा माहौल देवयमय हो उठा। दशहरा उत्सव का छठा दिन होने के चलते मुहल्ला में भारी संख्या में लोग देव मिलन को देखने के लिए ढालपुर पहुंचे थे, जिसके चलते चारों ओर बारिश के चलते भी देवी-देवताओं के साथ ढालपुर मैदान में भारी जनसैलाब उमड़ा। जलेब के दौरान शहर में सड़कों पर ट्रैफिक कंट्रोल करने में पुलिस जवानों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस मौके पर जलेब में महाराजा कोठी पीज के अराध्य देवता जमदग्नि ऋषि, खलयानी के पांचवीर, कमांद के वीर केला, लोट के वीर केला, जोगा के देवता महावीर, पीज के देवता अजय पाल, देवता जोगा हुरगु ने भगवान नृसिंह की जलेब में लाव-लश्कर के साथ भाग लिया। अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के पांचवें दिन सोमवार को बारिश के कारण भगवान नृसिंह जी की शाही जलेब में बारिश बाधा बनी, जिस कारण देवलुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। इसके चलते शाही जलेब को स्थगित करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन मंगलवार को जलेब बारिश में भी पूरे शाही अंदाज में निकली।



भारी बारिश के बावजूद शाही जलेब में नाचते देवी-देवता व देवलू।

### जलेब का इतिहास

**मुगलकाल** और ब्रिटिशकाल में भी जलेब की अनुमति थी, तब से लेकर भगवान नृसिंह की जलेब प्रतीकात्मक रूप से आज भी जारी है, जब राजा जगत सिंह ने दशहरा का आयोजन शुरू किया था, तब उसने रा री सौह जिसे आज ढालपुर व अठारह करडू की सौह कहा जाता है उसका लगभग 108 बीघा भूमि का भाग दशहरा के आयोजन के लिए दिया था। इस भूमि पर पहले धान उगाए जाते थे, तब से लेकर आज तक यह भूमि भगवान रघुनाथ जी और उनके छड़ीबरदारों द्वारा दशहरा के आयोजन को निशुल्क दी जाती है, तब से आज तक दशहरा की सुरक्षा कुल्लू जनपद के सभी देवी-देवताओं के हारियानों को दी गई है और भगवान नृसिंह को इनका मुखिया बनाया गया है।

## न्यूज ब्रीफ



देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में पहुंचे उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भगवान रघुनाथ जी के दरबार में माथा टेकते हुए।

### मेला ग्राउंड के स्टेज पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** जिला कुल्लू के पतलीकूहल थाने के अंतर्गत पतलीकूहल के स्थानीय मेला ग्राउंड के स्टेज पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। पतलीकूहल थाना प्रभारी इंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अज्ञात व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और पुलिस शव की पहचान करने के प्रयास कर रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए कुल्लू अस्पताल भेजा गया है और शव गृह में पहचान के लिए रखा गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है, ताकि शव की पहचान की जा सके।

### दशहरा महोत्सव में रक्तदान शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव के अवसर पर मंगलवार को जिला प्रशासन, जिला परिषद, जिला रेड क्रॉस एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मंडल आयुक्त मंडी डॉ. आरके पुरथी ने किया। इस अवसर पर डीसी तोरुल रविश, जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार, अतिरिक्त उपायुक्त अश्विनी कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नाग राज सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के शुभारंभ पर डॉ. पुरथी ने जिला परिषद को इस मानवता से प्रेरित पुनीत कार्य के आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक ऐसा महादान है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नई जिंदगी मिल सकती है। उन्होंने सभी युवाओं से आग्रह किया कि वे इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने में सहयोग करें।

### आनी में पांच घंटे लगा अघोषित कट

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान, आनी।** मंगलवार को बिजली मंडल आनी के अंतर्गत आने वाले कई क्षेत्रों में बिजली के 5 घंटों के अघोषित शट डाउन ने लोगों की दिनचर्या बिगाड़ दी। सुबह करीब 10 बजे से दोपहर बाद तक करीब पांच घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रहने से आनी, दलाश, शवाड, जलोड़ी, निथर, जाबन सहित साथ लगते मंडी जिले के छतरी क्षेत्र प्रभावित रहे। अघोषित बिजली कटौती से लोगों के कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुए और आम जनता में बिजली विभाग के प्रति रोष पनप गया। बिजली कट की पूर्व सूचना न दिए जाने से आनी, निथर, दलाश और चवाई क्षेत्र के लोकमित्र केंद्र संचालक, व्यापारिक प्रतिष्ठान, टेलरिंग शॉप और भवन निर्माण कार्यों पर असर पड़ा। करवाचौथ, दिवाली और शादी-विवाह के सीजन में टेलरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं कई मजदूरों को भी काम रोकना पड़ा। इस अघोषित कट के कारण क्षेत्र में बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं, जब इस बाबत बिजली मंडल आनी के अधिशाषी अभियंता पीसी हरनोट से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह शटडाउन कोटला स्थित 66 केवी सब-स्टेशन प्रबंधन द्वारा कोटला-नोगली लाइन के जरूरी रखरखाव के चलते लिया गया था। उन्होंने कहा कि इस शटडाउन की कोई पूर्व सूचना उन्हें नहीं दी गई थी, जिसके चलते बिजली मंडल आनी के कई क्षेत्रों की जनता को असुविधा हुई। वहीं, कोटला सब-स्टेशन प्रबंधन का कहना है कि शटडाउन की जानकारी 4 अक्तूबर को ही प्रभावित क्षेत्रों के अधिकारियों को दे दी गई थी।

## तीन माह से दुग्ध उत्पादकों को भुगतान नहीं

**अनंत ज्ञान आनी।** आनी क्षेत्र के दुग्ध उत्पादकों को पिछले तीन महीनों से दूध का भुगतान न मिलने से किसानों में भारी रोष है। किसानों ने इसे उनके साथ अन्याय बताया है। भाजपा हिमाचल प्रदेश के आईटी प्रदेश सहसंयोजक आशीष शर्मा ने कहा कि भाजपा शासनकाल में दूध का भुगतान समय पर किया जाता था, जबकि वर्तमान सरकार में यह व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। उन्होंने कहा कि दूध की आमदनी किसानों की आजीविका का मुख्य साधन है और भुगतान में देरी से उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। आशीष शर्मा ने मिल्क फेडरेशन प्रबंधन से आनी क्षेत्र के दुग्ध उत्पादकों का बकाया भुगतान तुरंत जारी करने की मांग की है, ताकि किसानों को राहत मिल सके।

# कुल्लू व लाहौल-स्पीति में बारिश-बर्फबारी जारी, बढ़ी दुश्वारियां

अनंत ज्ञान, कुल्लू/मनाली

जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति में लगातार तीसरे दिन बारिश और बर्फबारी का क्रम जारी रहा।

इससे दुश्वारियां बढ़ गई हैं। लाहौल-स्पीति सहित कुल्लू में जनजीवन अस्त-व्यस्त है। वहीं, लाहौल में बर्फ ने हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों के पहिए रोक दिए हैं भारी हिमपात के चलते सभी रूट स्थगित कर दिए गए हैं। मंगलवार को भी जहां कुल्लू के निचले क्षेत्रों में सुबह से लेकर रात तक बारिश होती रही। वहीं, ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी भी लगातार जारी रही। रोहतांग सहित कुंजम, शिंकुला व बारालाचा में एक से डेढ़ फिट बर्फबारी हुई है। बर्फबारी के चलते कुंजम दर्रे ने मनाली काजा, बारालाचा दर्रे ने मनाली लेह, जबकि शिंकुला दर्रे ने मनाली जांस्कर मार्ग पर यातायात अवरुद्ध कर दिया है। मनाली लेह मार्ग पर जगह-जगह वाहन चालक फंस गए हैं। जांस्कर से मनाली आने वाले वाहन कर्गेया में, जबकि काजा से मनाली आने वाले वाहन लोसर में फंस गए है। हालांकि, बर्फबारी की रफ्तार धीमी हुई है, लेकिन वाहन चालकों को अभी राहत नहीं मिली है। लेह जाने के लिए लाहौल के दारचा में ही ढाई सौ से अधिक वाहन चालक फंसे हुए है। सुबह के समय लाहौल घाटी में धूप खिली, लेकिन कुछ घंटे बाद फिर से मौसम खराब हो गया। बीआरओ दर्रे को बहाल करने में जुटा गया है, लेकिन मौसम अभी भी बीआरओ की सड़क बहाली में बाधा बना हुआ है। मनाली लेह मार्ग पर बारालाचा दर्रे के बजाए शिंकुला दर्रे के जल्द बहाल होने की उम्मीद है।

शिंकुला दर्रे में टनल का निर्माण कार्य चल रहा है इस कारण शिंकुला दर्रे जल्द बहाल होगा। टनल निर्माण में जुटी कंपनी के कामगार व इंजिनियर दारचा में ही रहते है। टनल निर्माण कार्य को गति देने के लिए शिंकुला जल्द बहाल होगा। कुल्लू मनाली का मशहूर पर्यटन स्थल रोहतांग हिमपात के कारण पर्यटकों के लिए तीसरे दिन भी बंद है। पर्यटक मनाली की ओर गुलाब तक, जबकि लाहौल की ओर कोकसर तक जा रहे है।

डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि रोहतांग दर्रे में तीसरे दिन भी हिमपात का क्रम जारी है। होटल एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि बाहरी राज्यों से मनाली आने वाले पर्यटकों में बढ़ोतरी होने लगी है। बीआरओ कमांडर कर्नल गौरव ने बताया कि दर्रे में भारी हिमपात हुआ है। उन्होंने बताया कि मनाली लेह मार्ग की बहाली प्राथमिकता में की जाएगी।



### पेड़ टूटते देख सेब तोड़ने जुटे बागवान

**बर्फबारी** के कारण लाहौल घाटी के किसानों की चिंता बढ़ गई है। बर्फबारी से बागवानों के पेड़ क्षतिग्रस्त हो रहे है। पेड़ टूटते देख बागवान मजबूरन बर्फ के फाहों के बीच सेब तोड़ने में जुट गए हैं।

## प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने को कृत संकल्प: राजीव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता राजीव किमटा ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने को कृत संकल्प है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने सत्ता में आते ही शिक्षा की गुणात्मक स्तर को बढ़ाने का कार्य किया है। वे यहां सीनियर सेकेंडरी स्कूल काईस में जिला स्तरीय अंडर- 14 छात्र व छात्रा वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे, यहां पहुंचने पर स्कूल स्टाफ व प्रधानाचार्य ने उनका भव्य स्वागत किया और सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में सात ब्लॉक के 430 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने खेलों में डाइट मनी को भी बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि पहले डाइट मनी 120 रुपए होती थी, जिसे अब यह मनी प्रति बच्चा प्रतिदिन 250 रुपए हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रदेश के हर बच्चों से प्यार करते हैं और हर बच्चे को गुणात्मक शिक्षा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। यही कारण है कि शिक्षा में कई सुधार किए हैं और प्रदेश के हर जिला व ब्लॉक स्तर पर डे बोर्डिंग स्कूलिंग की ओर धयान दे रहे हैं और हर जगह डे बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री प्रयास कर रहे हैं कि नई शिक्षा नीति के तहत हर स्कूल को हिंदी के अलावा अंग्रेजी माध्यम भी बनाया जाए और सरकारी स्कूलों में ही नर्सरी व केजी की क्लासें शुरू की जा रही है। यही शिक्षा के प्रति उनकी दूरदर्शिता की सोच है।

**विकास** विधायक अनुराधा ने डेमूल, रामा, लालूंग व डंखर में लोगों की समस्याएं सुनीं

# डेमूल में आंगनबाड़ी केंद्र का किया लोकार्पण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा

विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा ने अपने स्पीति प्रवास के दौरान मंगलवार को विकास खंड काजा के अंतर्गत आने वाले डेमूल पंचायत के डेमूल गांव में 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित आंगनबाडी केंद्र का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस आंगनबाड़ी केंद्र के लोकार्पण से इस गांव के बच्चों और उनके परिवारों को कई लाभ मिलेगा, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास भी सुनिश्चित होगा। इस केंद्र में बच्चों के लिए विभिन्न कार्यक्रम और सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जैसे कि बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन, शिक्षा और बच्चों के माता-पिता के लिए मार्गदर्शन आदि। यह केंद्र बच्चों के लिए पोषण, शिक्षा व स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्रदान भी करेगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका होती हैं, जो बच्चों की उचित देखभाल के साथ-साथ और उनके माता-पिता को सहायता प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और बच्चों के लिए एक सुरक्षित माहौल और सहायक वातावरण प्रदान करते हैं। अनुराधा राणा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश सहित जनजातीय क्षेत्रों की महिलाओं, बच्चियों और गर्भवती महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास कर रही है इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए गांव स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है। विधायक अनुराधा राणा ने डेमूल, रामा, लालूंग और डंखर में लोगों की समस्याएं भी सुनीं। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने उनके समक्ष सामूहिक तथा व्यक्तिगत समस्याएं रखी।

इनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया और शेष समस्याओं को निपटारे के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपा गया। उन्होंने विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की ओर से प्राप्त होने वाली समस्याओं का समय पर निपटारा करना सुनिश्चित करें, ताकि क्षेत्र के लोगों को समस्याओं का सामना न करना पड़े। इस मौके पर कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त काजा शिखा, खंड विकास अधिकारी अंशुल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दोरजे छेरिंग, टीएसी सदस्य सन्नी, प्रधान काजा सोनम डोलमा, पूर्व महासचिव लोबज़ंग, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग संजय शर्मा, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।




विधायक डेमूल में 10 लाख से निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण करती हुईं।

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज
के पूरे परिवार की ओर से अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

Sukhdev Masih
M.D.
नर्सिंग दाखिला
CHRISTIAN NURSING COLLEGE
Near Head P.O. Dhalpur Kullu (H.P.)-175101 Recognized by: HPNRC (Govt. of H.P.)
Indian Nursing Council (I.N.C.) (Govt. of India) & Affiliated by Atal Medical & Research University
B.Sc. Nursing
4 Years Degree Course (10+2 Medical)
50% Course Fee Discount
for SC/ST/OBC/BPL Candidates (T&C Apply)

Limited Seat
G.N.M. Staff Nurse Course (10+2 in any Stream)
Hostel Facility Available
100% Job Placement & Assistance
Note: Scholarships Available For Eligible Candidates.
Mob. 82196-86726, 94180-08888, 70181-89461

एन एच पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
NHPC Limited
(A Government of India Navratna Enterprise)
50 Years
Great Place To Work. Certified

डैम बरशैणी

पावर हाउस सियुण्ड
सौजन्य से : पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण - II (800 मेगावाट)

## न्यूज ब्रीफ

### रास्ता रोककर मारपीट व गाली-गलौज का आरोप

**अनंत ज्ञान, अर्की।** पुलिस स्टेशन अर्की में संतोष कुमारी पत्नि संतराम निवासी वार्ड नं. 7 अर्की ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह अपनी गाय को चराने जा रही थी, तभी राजेंद्र कुमार का बेटा विकास और उसकी पत्नी ममता उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। इतने में राजेंद्र कुमार आया और रास्ता रोककर मारपीट करने लगा। साथ ही मोबाइल छीन कर फेंक दिया। महिला का आरोप है कि राजेंद्र कुमार ने उससे गाली-गलौज की एवं चोरी का इल्जाम लगाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### एसडीएम के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अनुसूचित जाति, जन जाति व अन्य पिछड़ा वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा, मंडल अर्की अध्यक्ष गंगा राम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने रोहडू में बच्चे सिकंदर के साथ हुए जातिवादी प्रताड़ना के विरोध में उपमंडल अधिकारी अर्की निशांत तोमर के माध्यम से मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को ज्ञापन भेजा। इसमें मांग की गई कि इस शर्मनाक कृत्य पर एट्रोसिटी एक्ट के अधीन आरोपी पुष्पा देवी सहित अन्य के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए तथा पीड़ित परिवार को उचित सुरक्षा, न्यायिक और वित्तीय सहायता देने का भी अनुरोध किया गया। प्रतिनिधिमंडल में विशेष रूप से प्रदेश संगठन सचिव सीडी बंसल और प्रदेश संगठन संयुक्त सचिव ओम प्रकाश भाटिया, गंगा राम, मंडलाध्यक्ष सहित मंडल महासचिव शीश राम रघुवंशी, कोषाध्यक्ष करमचंद चंदेल उपस्थित रहे।

### कल नानक विला, बघाट प्लेस में बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 9 अक्तूबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 9 अक्तूबर को प्रातः 8 से प्रातः 8:30 बजे तक तथा सायं 6 से सायं 6.30 बजे तक टैंक रोड, खलिफा लॉज, नानक विला, बघाट प्लेस, शिशु पार्क, राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के समीप, फोरेस्ट रोड व आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि खराब मौसम व किन्ही अपरिहार्य कारणों से उपरोक्त तिथि व समय में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की।

### पुलिस ने छोटा चौक में नशा तस्कर दबोचा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर पुलिस ने नशा तस्करी में लगे कारोबारियों के खिलाफ शिकंजा कसते हुए पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर शहर के प्रमुख बाजार छोटा चौक की एक नामी बिजनेस फैमिली से संबंधित एक चिट्टा तस्कर शिवांशु लोहिया पुत्र सुभाष चंद लोहिया निवासी छोटा चौक नाहन, तहसील नाहन, जिला सिरमौर के कब्जे 26.14 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस ने दबोचे गए आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी चिट्टा/स्मैक बेचने का धंधा कर रहा है। एसपी ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तलाशी के दौरान आरोपी शिवांशु लोहिया के कब्जे से 26.14 ग्राम चिट्टा/स्मैक बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ थाना सदर नाहन में धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले में आगामी अन्वेषण जारी है। नेगी ने बताया कि आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करके 5 दिन की पुलिस रिमांड प्राप्त की गई है तथा यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आरोपी उपरोक्त चिट्टा/स्मैक कहां से लेकर आता था तथा जिले में किन लोगों को बेचता है, ताकि इस पूरे गिरोह को सलाखों के पीछे पहुंचाया जा सके।

### छात्राओं पर दर्ज एफआईआर जल्द निरस्त करे सरकार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने बयान जारी करते हुए कहा कि सोलन जिले के दाड़लाघाट में मुख्यमंत्री सुक्खु के कार्यक्रम के दौरान लंच न मिलने पर आवाज उठाने वाली छात्राओं पर एफआईआर दर्ज करना कांग्रेस सरकार की तानाशाही प्रवृति को दर्शाता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इस कृत्य की कड़ी निंदा करती है। कार्यक्रम में आम जनमानस एवं छात्राओं को आमंत्रित कर, लंबे समय तक भूखा बैठाकर, जब उन्होंने अपनी आवाज उठाई, तो उनके खिलाफ मामला दर्ज कर देना लोकतांत्रिक मर्यादाओं का खुला उल्लंघन है। यह कार्य शिक्षा विरोधी मानसिकता व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रहार का प्रतीक है। प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने कहा कि कहा जा रहा है कि छात्राओं को कार्यक्रम में बुलाया ही नहीं गया था, लेकिन वीडियो में स्पष्ट रूप से वे स्काउट एंड गाइड की ड्रेस में दिख रही हैं और उनके अध्यापक भी मौजूद थे, ऐसे में यह दावा सरासर गलत प्रतीत होता है। सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि यदि उन्हें बुलाया नहीं गया था, तो वे आधिकारिक ड्रेस में वहां कैसे पहुंचीं।

### पानी छोड़ने के कारण नदी किनारों पर जाना खतरनाक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिरमौर ने एक महत्वपूर्ण चेतावनी जारी करते हुए आम जनता को नदी के किनारों और निचले इलाकों से तत्काल दूर रहने का निर्देश दिया है। यह चेतावनी गिरि जटोन बैराज, श्री रेणुका जी से पानी छोड़े जाने की सूचना के बाद जारी की गई है। डीसी कार्यालय, सिरमौर द्वारा जारी सूचना के अनुसार, गिरि बैराज से आज दोपहर 1 बजकर 55 मिनट पर गेट नंबर से पानी छोड़ा जाएगा। बैराज से पानी छोड़े जाने की स्थिति में, इसके अंतर्गत आने वाली नेपाली पंचायतों और सभी मैदानी इलाकों में जलस्तर बढ़ने या बाढ़ जैसी स्थिति पैदा होने की संभावना है। इसके साथ ही, नदी के किनारों पर और आसपास के क्षेत्रों में भूस्खलन जैसी स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने इस दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए स्थानीय जनता से नदी के किनारों और बहते पानी से पूर्ण रूप से परहेज करने का अनुरोध किया है। प्राधिकरण ने सभी ग्राम पंचायत प्रधानों, गैर सरकारी संगठनों, एवं नागरिकों से भी अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। प्राधिकरण ने इस सूचना को ध्यान में रखते हुए सभी से अपने-अपने क्षेत्रों में उच्च सतर्कता बनाए रखने को कहा है।

### कुश्ती प्रतियोगिता में चमन ने जीता स्वर्ण पदक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन की पुरुष कुश्ती टीम ने इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में ओवरऑल तीसरा स्थान हासिल किया। 3-4 अक्तूबर को ऊना में आयोजित इस प्रतियोगिता में चमन ने 97 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। दीपक (57 किग्रा), राहुल (61 किग्रा), रितेश (65 किग्रा) और आजाद (86 किग्रा) ने क्रमशः कांस्य और रजत पदक प्राप्त किए। टीम के लौटने पर प्राचार्य डॉ. मनीषा कोहली, टीम मैनेजर डॉ. रमेश कुमार और कोच परविंदर नेगी ने खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया। कुल 30 महाविद्यालयों के बीच यह उपलब्धि सराहनीय मानी गई।

### राजगढ़ में विजय दशमी उत्सव का आयोजन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजगढ़ खंड द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मंगलवार को सनातन धर्म मंदिर प्रांगण में भव्य विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पद्मश्री डॉ. जगतराम, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र शामिल हुए। कार्यक्रम में पच्छाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रीना कश्यप भी उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता नरेंद्र ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर देशभर में 90 हजार से अधिक स्थानों पर विजयादशमी उत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संघ के कार्यकर्ता समाज को संघ की सौ वर्षों की यात्रा और आगामी योजनाओं से अवगत करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि संघ आने वाले वर्षों में पांच प्रमुख विषयों सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी आधारित जीवन और नागरिक कर्तव्य जागरण पर विशेष कार्य करेगा। मुख्यातिथि पद्मश्री डॉ. जगतराम ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सिद्धांत और योगदान स्पष्ट व सराहनीय हैं।

### बालिका जन्मोत्सव मनाने के महत्व पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** नवगांव पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र द्वारा पंचायत स्तरीय बालिका जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत प्रधान कृष्ण देव गौतम ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में अन्य पंचायत सदस्य, कार्यकर्ता और ग्रामीण महिलाएं भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बालिका जन्मोत्सव मनाने के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला तथा महिलाओं और बालिकाओं से संबंधित विभागीय योजनाओं की जानकारी भी साझा की। प्रधान कृष्ण देव गौतम ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा, समानता और अधिकारों के प्रति समाज को संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे लड़कियों के साथ किसी भी प्रकार के भेदभाव, हिंसा और कुरीतियों का विरोध करें तथा उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दें।

### मंच ने डॉ. भूपेंद्र के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के जाने-माने चिकित्सक डॉ. भूपेंद्र कुमार भारद्वाज के निधन पर सिरमौर कल्याण मंच ने शोक जताया और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। डॉ. भारद्वाज का सोमवार को चंडीगढ़ में निधन हो गया है। वे 73 वर्ष के थे। यहां जारी बयान में मंच के प्रधान प्रदीप मामगाई, महासचिव यशपाल कपूर के अलावा कंवर वीरेंद्र सिंह, बलदेव चौहान, प्रद्युम पुंडीर, जोगेंद्र चौहान, अशोक चौहान, रमेश शर्मा, यशपाल शर्मा,डॉ. डीपी शर्मा, गगन चौहान, डॉ. एसएस परमार,डॉ. लोकेश मंमगाई, डॉ.एसएल वर्मा आदि ने शोक जताया।

# नाहन के प्रवेश द्वार पर श्री वाल्मीकि चौक बनने से वर्षों पुरानी मांग पूरी

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** जिला सिरमौर मुख्यालय नाहन में इस वर्ष श्री वाल्मीकि जयंती बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाई गई। वाल्मीकि समाज के लिए वर्ष 2025 की यह जयंती इसलिए भी खास रही, क्योंकि स्थानीय विधायक अजय सोलंकी ने उनकी दशकों पुरानी मांग पूरी करते हुए शहर के प्रवेश द्वार पर 4 लाख रुपए की लागत से बनाए गए श्री वाल्मीकि चौक का गाजे-बाजे के साथ लोकार्पण किया।



नाहन में वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम में पहुंचे विधायक अजय सोलंकी।

इससे पहले वाल्मीकि नगर पहुंचने पर विधायक सोलंकी का वाल्मीकि सभा द्वारा भव्य स्वागत किया गया। विधायक ने श्री वाल्मीकि मंदिर में आयोजित यज्ञ पूजन में हिस्सा लेते हुए पूर्ण आहुति दी और ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर वाल्मीकि सभा के अध्यक्ष विजय चौरिया, पार्षद योगेश गुप्ता उर्फ सुक्खू भाई, पार्षद राकेश गर्ग उर्फ पपली, कांग्रेस नेता नरेंद्र तोमर, सुमित आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। विधायक सोलंकी ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि वाल्मीकि जी के बताए मार्ग पर चलें और संविधान की रक्षा करें। चौक के लोकार्पण और जयंती समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक अजय सोलंकी ने कहा, आज इस ऐतिहासिक दिन पर मुझे खुशी है कि हम सब मिलकर उस मांग को पूरा कर पाए हैं, जो वर्षों से लंबित थी। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने हमें समानता, ज्ञान और नैतिकता का मार्ग दिखाया है। सोलंकी ने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि हम महर्षि जी के बताए हुए सत्य, करुणा और सेवा के मार्ग पर चलकर एक समरस समाज के निर्माण में योगदान दें। विधायक सोलंकी ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का स्मरण करते हुए केंद्र की मौजूदा सरकार पर कटाक्ष किया। उन्होंने आगे कहा, डॉ. अंबेडकर ने जो संविधान हमें दिया, वह देश के हर गरीब और वंचित को सम्मान और अधिकार देता है। मगर आज कांग्रेस का जो 'संविधान को खतरा' अभियान चल रहा है, वह बताता है कि कुछ शक्तियां आज उस संविधान को खत्म करने का षड्यंत्र कर रही हैं। यह हमारा कर्तव्य है कि हम एकजुट होकर संविधान की रक्षा करें, क्योंकि संविधान की रक्षा ही वाल्मीकि जी और अंबेडकर जी के सपनों की रक्षा है। इस दौरान वाल्मीकि सभा की ओर से विधायक अजय सोलंकी का मंदिर के लिए 10 लाख, धर्मशाला के लिए 2.5 लाख और गलियों के रखरखाव के लिए 4.5 लाख रुपए स्वीकृत करने को लेकर हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। वाल्मीकि चौक के उद्घाटन समारोह और वाल्मीकि जयंती के अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें भारी तादाद में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## यामिनी सिंह को बुनो कहानी और कहो जुबानी प्रतियोगिता में मिला प्रथम स्थान



जिज्ञासा ठाकुर, सान्वी और यामिनी सिंह स्कूल स्टाफ के साथ।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू की तीन छात्राओं, जिज्ञासा ठाकुर, सान्वी और यामिनी सिंह ने 24वीं महाराजा माधवराव सिंधिया स्मृति अंतर-विद्यालयी हिंदी वाद-विवाद और बुनो कहानी और कहो जुबानी प्रतियोगिता में भाग लिया।

हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता तीन चरणों में संपन्न हुआ। इसमें प्रतिभागियों ने अपनी मातृभाषा के प्रति अपने जुनून को दर्शाया। पाइन ग्रोव स्कूल, सुबाथू की मेधावी छात्रा यामिनी सिंह ने हाल ही में आयोजित बुनो कहानी और कहो जुबानी प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सबका मन मोह लिया। अपनी प्रभावशाली वाणी, भावपूर्ण अभिव्यक्ति और रचनात्मक सोच के माध्यम से प्रथम स्थान प्राप्त किया। कहानी में प्रस्तुत भावनाएं, मुहावरे संवाद और संदेश इतने सजीव थे कि श्रोताओं ने स्वयं को उस कहानी का हिस्सा महसूस किया।

हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में टीम को समग्र रूप से तीसरा स्थान मिला, जबकि यामिनी सिंह ने बुनो कहानी, कहो जुबानी प्रतियोगिता में लगातार दो वर्षों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुल मिलाकर, यह प्रतियोगिता एक समृद्ध अनुभव साबित हुई, जिसने छात्राओं में भाषा के प्रति गहरा सम्मान और आदर पैदा किया। इनकी सफलता न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि विद्यालय के लिए भी गर्व का विषय है। हम यामिनी सिंह को इस अद्भुत उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देते हैं और आशा करते हैं कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार अपनी प्रतिभा से विद्यालय का नाम रोशन करती रहे।

## यमुना शरद महोत्सव की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में कंवर ग्रेवाल के गीतों पर झूमे दर्शक

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान**



**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब में चल रहे तीन दिवसीय राज्य स्तरीय यमुना शरद महोत्सव की तीसरी सांस्कृतिक संध्या का विधिवत शुभारंभ उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने किया।

मुख्यातिथि के रूप में पहुंचीं प्रियंका वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत की। इससे पूर्व उन्होंने परिवार सहित यमुना घाट पर यमुना आरती में भाग लिया और पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम पांवटा साहिब गुंजीत सिंह चीमा ने मुख्यातिथि को टोपी, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने यमुना शरद महोत्सव की स्मृतियों को संजोने वाली स्मारिका का विमोचन भी किया। संध्या में प्रसिद्ध सूफी गायक कंवर ग्रेवाल के गीतों ने माहौल को खुशनुमा व ऊर्जावान बना दिया। उनके गीतों पर दर्शक देर तक झूमते और तालियां बजाते नजर आए। इस अवसर पर डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर, तहसीलदार ऋषभ शर्मा, जोगिंद्रा बैंक के निदेशक असगर अली, अवनीत सिंह लांबा, नगर परिषद चेयरपर्सन निर्मल कौर, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश कटारिया, अध्यक्ष हिमोत्कर्ष राजेंद्र तिवारी सहित नगर परिषद के पार्षद व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## बिहार निवासी से अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत एक और बड़ी कार्रवाई की है। बिहार के सीतामढ़ी निवासी एक व्यक्ति से पुलिस ने 10 बोतलें देसी शराब नॉटी नंबर 1 संतरा मार्का बरामद की हैं। आरोपी बिना लाइसेंस के शराब ढो रहा था, जब उसे गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति सफेद बोरू में शराब भरकर पैदल रामपुर जट्टान की ओर जा रहा है। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बोरू की जांच की और उसमें 10 कांच की बोतलें शराब की बरामद कीं। पुलिस ने आरोपी संतोष पासवान निवासी वार्ड नंबर-9, रीगा जिला सीतामढ़ी, बिहार को हिरासत में लेकर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस जांच में जुटी है कि यह शराब कहां से लाई गई थी और इसका वितरण नेटवर्क कितना बड़ा था। पुलिस ने दोहराया कि अवैध शराब कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान भविष्य में और तेजी से जारी रहेगा।

## जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में कोटडी व्यास स्कूल ने जीता खिताब

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**



सिरमौर की अंडर-19 बालिका जिला स्तरीय प्रतियोगिता में राजगढ़ के बडू साहिब में आयोजित शहीद कमल कांत मेमोरियल हैंड बाल प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कोटडी व्यास की छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए सभी टीमों को एकतरफा हराया। सेमीफाइनल मे कांगर धरयार को 21-1 से मात दी व फाइनल में बनोर टीम को 20-3 से एकतरफा हराते हुए जिला सिरमौर विजेता का खिताब अपने नाम किया।

टीम में खिलाड़ी कप्तान स्नेहा, उपकप्तान महक, गोलकीपर अंकिता चौधरी, स्वेता चौधरी, नंदिता महरालू, दीपिका सिपड, स्नेहा पटोल, रितु, कोमल शर्मा, आशु, पायल धीमान, कृतिका आदि ने लगातार अच्छा पर्दशन करते हुए कोटडी व्यास ने जिले के विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं, टीम कोच धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि खिलाड़ियों ने अच्छे प्रदर्शन के बलबूते सभी मैचों मे एकतरफा जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि ये खिलाड़ी लगातार कई वर्षों से हैंडबॉल में अच्छे प्रदर्शन के बलबूते पर जिला सिरमौर के विजेता बने हुए हैं। टीम खिलाड़ी लगातार 2 से 3 घंटे सुबह शाम प्रेक्टिस से लगात्तार 4 वर्षों से मेहनत कर रहे हैं। इसके बलबूते पर जिला विजेता बने हुए हैं। टीम कोच धर्मेंद्र चौधरी व टीम मैनेजर उर्मील शर्मा ने टीम को इस उपलब्धि पर बधाई दी। वहीं, एसएमसी अध्यक्ष मान सिंह, सुमन देवी मुलकराज, राजकुमार, सर्वजीत कौर, पवन कुमार व पंचायत प्रधान सुरेश कुमार ने भी सभी खिलाड़ियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

## शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग प्रदान किया

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** आईडीबीआई बैंक ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है। संस्थापक साहब द्वारा समाजसेवा के लिए पहली बार 75,000 की राशि प्रदान की गई, जिससे जमनीवाला स्कूल को एक कंप्यूटर, एक प्रिंटर और 15 ऑफिस चेयर उपलब्ध करवाई गईं। इस अवसर पर बैंक के शाखा प्रबंधक कुमार प्रदीप चौहान ने विद्यालय में गीता राम जी को आश्वस्त किया कि बैंक शिक्षा और सामाजिक कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहेगा। एलआर कांता मुगला वाला स्कूल तारपुर को भी 75,000 की सहायता से एक कंप्यूटर, प्रोसेसर और 15 कुर्सियां दी गईं। इसके अतिरिक्त पांवटा सिविल अस्पताल को 2,00,000 की सहायता से 100 प्लास्टिक कुर्सियां, 10 स्टील कुर्सियां और एक आरओ वॉटर फिल्टर प्रदान किया गया। डॉ. राघव ने इस सहयोग को जनसेवा के लिए उपयोगी बताया।

## स्कूली बच्चों पर एफआईआर दर्ज करना निंदनीय: शैलेंद्र

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कांग्रेस सरकार ने दाड़लाघाट (अर्की) में आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम-जिसमें मुख्यमंत्री मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे उसके दौरान स्कूली बच्चों पर एफआईआर दर्ज करवाई है। यह कदम पूरी तरह अलोकतांत्रिक और निंदनीय है। सोलन भाजपा शहरी मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि सरकार को इस एफआईआर को तुरंत वापस लेना चाहिए और बच्चों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ये सभी बच्चे सरकार के निमंत्रण पर कार्यक्रम में शामिल होने आए थे, लेकिन उन्हें घंटों भूखा-प्यासा रखा गया, जब उन्होंने केवल भोजन की मांग की, तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करना बेहद शर्मनाक व असंवेदनशील निर्णय है, जब किसी लोकतांत्रिक सरकार में संवेदनशीलता समाप्त हो जाती है, तो वही लोकतंत्र धीरे-धीरे तानाशाही में बदल जाता है।

## अनुभवात्मक शिक्षा से सांस्कृतिक आदान-प्रदान को मिला बढ़ावा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



अनुभवात्मक शिक्षा की अवधारणा के माध्यम से विभिन्न राज्यों के लोगों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा संचालित एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नवगांव में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग और ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गईं, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों ने एकता, सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकात्मता के विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इसी क्रम में केरल व हिमाचल प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। विद्यालय की छात्राओं ने घर से तैयार किए गए विभिन्न व्यंजनों को दोपहर के भोजन के समय प्रदर्शित किया, जिससे विद्यार्थियों को देश के विभिन्न हिस्सों की सांस्कृतिक व खानपान परंपराओं की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक, सामाजिक और भाषाई एकता को सुदृढ़ करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे इस भावना को जीवन में आत्मसात करें और राष्ट्र की एकता व अखंडता में योगदान दें।

## आरएसएस ने धूमधाम से मनाया शताब्दी समारोह

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने अपना 100वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया।



शताब्दी समारोह में पहुंचे स्वयंसेवक।

सोलन नगर में आयोजित विजयदशमी उत्सव के अंतर्गत शताब्दी वर्ष के इस पावन अवसर पर भव्य शस्त्र पूजन व पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10:30 बजे ठोडो ग्राउंड, सोलन में हुआ, जहां नगर की सभी शाखाओं के स्वयंसेवक गणवेश में एकत्रित हुए। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में लेफ्टिनेंट कर्नल उमंग कोहली (भारतीय थल सेना) और मुख्य वक्ता के रूप में संजय, प्रांत प्रचारक (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अस्त्र-शस्त्र पूजन से हुई। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने संघगीत व घोष के साथ मैदान में अनुशासित प्रदर्शन किया। तत्पश्चात पथ संचलन निकाला गया जो ठोडो ग्राउंड से शुरू होकर मॉल रोड, मुख्य बाजार से होते हुए पुनः ठोडो ग्राउंड में संपन्न हुआ।

पथ संचलन के दौरान आम नागरिकों ने जगह-जगह फूलों की वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। लेफ्टिनेंट कर्नल उमंग कोहली ने कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी समाप्त नहीं हुआ है, और समय आने पर पाकिस्तान को फिर करारा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा, धारा 370 हटाना देश की अखंडता की दिशा में पहला बड़ा कदम था। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को वापस लेना हमारा मौलिक अधिकार है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को देश की रीढ़ की हड्डी बताते हुए इसकी 100 वर्षों की सेवा को अकल्पनीय और अनुकरणीय करार दिया। प्रांत प्रचारक संजय ने इस अवसर पर कहा कि संघ अब शताब्दी वर्ष पूर्ण कर चुका है और इस विजयदशमी से सात नए कार्यक्रमों की शुरुआत हो रही है, जो अगले वर्ष 2026 की विजयदशमी तक जारी रहेंगे। इनमें व्यापक गृह संपर्क अभियान, हिंदू सम्मेलन, सामाजिक सद्भाव बैठकें, प्रमुख जन संगोष्ठियां, युवाओं के लिए प्रेरक कार्यक्रम शामिल हैं।

**चर्चा** जन कल्याण समिति मांजू पलोग राहु की बैठक में जनसमस्याओं पर मंथन

## रात्रि बस सेवा बहाल करने की मांग

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** जन कल्याण समिति मांजू पलोग राहु की त्रैमासिक बैठक राहु के सामुदायिक भवन में समिति के प्रधान जियालाल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।



जन कल्याण समिति मांजू पलोग राहु की बैठक में उपस्थित जन कल्याण समिति के सदस्य।

बैठक में क्षेत्र की जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। समिति के महासचिव केसी शर्मा ने बताया कि बैठक के दौरान सबसे प्रमुख मुद्दा शिमला से मांजू के लिए लगभग 33 वर्षों से लगातार चल रही रात्रि बस सेवा का सुचारू रूप से न चलना रहा। सदस्यों ने कहा कि इस बस सेवा के बंद होने से तीन पंचायतों रोहांज-जलाना, पलोग(मांजू) और खनलग के हजारों लोगों को भारी असुविधा हो रही है। उपस्थित सदस्यों ने परिवहन विभाग पर जानबूझकर रूट को फेल करने का आरोप लगाया और विभाग से बस सेवा को तत्काल बहाल करने की मांग की। समिति ने यह भी सुझाव दिया कि इस बस को आईएसबीटी टूटीकंडी के बजाय पुराने बस अड्डे से चलाया जाए, ताकि अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। इस संबंध में स्थानीय विधायक संजय अवस्थी से भी बस सेवा को सुचारू करवाने की अपील की गई।

बैठक में पेयजल आपूर्ति की समस्या पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। सदस्यों ने कहा कि राहु, पलोग, बतिवां, ब्युली, नेर और कावली में आठ-दस दिन के अंतराल पर जल आपूर्ति हो रही है, जबकि क्षेत्र में दो उठाऊ पेयजल योजनाएं मौजूद हैं। इस मामले में विभाग के प्रति रोष जताते हुए समिति ने जल्द समाधान की मांग की। इसके साथ ही बैठक में अर्की-मांजू सड़क मार्ग पर पड़े गड्ढों की मरम्मत व झाड़ियों की कटाई करवाने की आवश्यकता जताई गई।

राहु में बने मिट्टी के डैम से हो रहे भूमि कटाव को रोकने के लिए डीएफओ कुनिहार को मौके पर बुलाकर निरीक्षण करने का आग्रह किया गया। साथ ही पलोग से राहु सड़क मार्ग के संकरे स्थानों को चौड़ा करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में जियालाल शर्मा, कृष्णचंद शर्मा, यशपाल, गोपाल सिंह, मेहरचंद कौशल, कर्मसिंह, रतिराम वर्मा, संतराम पाल, मनोहर लाल, रामलाल शर्मा, पदम देव पाठक समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि पंचायतीराज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों के आगामी निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूची) के प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए मतदाता की पात्रता निर्धारित करने के लिए प्रथम अक्तूबर को अर्हता तिथि निर्धारित किया गया है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि मतदाता सूची का प्रारूप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) कार्यालय के साथ-साथ ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के कार्यालयों में निरीक्षण के लिए 8 से 17 अक्तूबर तक उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि मतदाता द्वारा दावे व आपत्तियां व्यक्तिगत रूप से, पंजीकृत डाक या लिखित रूप में सम्बन्धित खंड विकास अधिकारी एवं पुनरीक्षण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सामुहिक आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। एक परिवार के सदस्यों के दावे एवं आपत्तियां परिवार के एक सदस्य द्वारा ही प्रस्तुत की जा सकती हैं।

## भाषण प्रतियोगिता में दीक्षिता पेटिंग में दिव्या रही अव्वल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नेशनल युवान सेवा फैलोशिप के तहत नेशनल यूथ प्रोजेक्ट (एनवाईपी) हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में देशभर में चल रहे सेवा सप्ताह के तहत सोलन के सीनियर सेकेंडरी स्कूल भोज आंजी में नशा निवारण विषय पर भाषण प्रतियोगिता और स्वच्छता विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता बढ़ाना और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना था। भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने नशे के सामाजिक, मानसिक और शारीरिक दुष्प्रभावों पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए, जबकि चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत मिशन की भावना को रंगों के माध्यम से जीवंत किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त (हिमाचल प्रशासनिक सेवा अधिकारी) व सारथी वेल्फेयर सोसायटी के अध्यक्ष सुभाष सकलानी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी व वरिष्ठ उपाध्यक्ष सारथी वेल्फेयर सोसायटी डॉ. जीआर साहिबी ने की। इस मौके पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में रूकूल के 16 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें 15 छात्राएं शामिल थी, जो महिला सशक्तिकरण का प्रमाण है। भाषण प्रतियोगिता में दीक्षिता ने पहला, अनामिका ने दूसरा और अनीता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार स्वच्छता विषय पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में जमा एक की छात्रा दिव्या ने पहला स्थान, जमा एक की छात्रा वंशिका ने दूसरा, जबकि दसवीं कक्षा की वंशिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में स्कूल के 50 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। स्कूल की प्रिंसिपल कल्पना परमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और नेशनल युवान सेवा फेलोशिप के तहत नेशनल यूथ प्रोजेक्ट हिमाचल द्वारा उनके स्कूल का चयन करने के लिए आभार जताया। इस मौके पर मुख्यातिथि सुभाष सकलानी ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर समाज निर्माण में सकारात्मक योगदान देना चाहिए।




### मुख्यमंत्री सैनी ने जापान में आयोजित वर्ल्ड एक्सपो में हरियाणा पवेलियन का किया उद्घाटन

# भारत के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जापान के ओसाका में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो-2025 में आज हरियाणा पवेलियन के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के समग्र विकास में हरियाणा की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस समय जब देश संसार की बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पांच ट्रिलियन अर्थव्यवस्था का लक्ष्य रखा है, तो हरियाणा इसमें अपना अधिकतम योगदान कर रहा है। सैनी ने कहा कि हरियाणा देश के क्षेत्रफल का मात्र 1.34 प्रतिशत और जनसंख्या का 2.09 प्रतिशत है। लेकिन इसके बावजूद हमारा छोटा सा राज्य भारत के आर्थिक विकास का एक प्रमुख इंजन साबित हो रहा है। हरियाणा उद्योगों को लॉजिस्टिक सुविधा देने में देश में दूसरे तथा उत्तर भारत में पहले स्थान पर है। विश्व की 400 फॉर्च्यून कंपनियों के कार्यालय हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित हैं। उन्होंने कहा कि आज देश की सड़कों पर दौड़ने वाली हर दूसरी कार हरियाणा में बनती है। देश के 52 प्रतिशत ट्रैक्टरों का निर्माण भी यहीं पर होता है। केंद्रीय खाद्यान्न भण्डार में योगदान देने में हरियाणा का दूसरा स्थान है।

ओलंपिक व अन्य अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में हरियाणा सर्वाधिक पदक जीतने वाला राज्य है। उन्होंने कहा कि हरियाणा आशाओं और अवसरों की धरा है। इसकी गिनती देश के संपन्न राज्यों में होती है। यह ऑटोमोबाइल, आईटी और अन्य उद्योगों का बड़ा केंद्र है। यहां संचार सुविधाओं, विकसित औद्योगिक संपदाओं, चौड़े राजमार्गों, एक्सप्रेसवे, रेल मार्गों व मैट्रो रेल का जाल बिछ चुका है। प्रदेश का हर जिला किसी न किसी राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ा हुआ है।

## जापान में दिखा हरियाणा संस्कृति का जलवा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारत के हरियाणा राज्य की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और तकनीकी प्रगति का अद्भुत संगम इस समय जापान के ओसाका शहर में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो-2025 में देखने को मिल रहा है। यहां स्थापित भारत मंडपम में हरियाणा पवेलियन न केवल भारतीय प्रवासियों के लिए गर्व का विषय बना हुआ है, बल्कि जापान और दुनिया के अन्य देशों से आए आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र भी बना हुआ है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा से वैश्विक औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जापान के दौरे पर गए उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार कोवर्ल्ड एक्सपो-2025 में हरियाणा पवेलियन का भ्रमण किया। सर्वप्रथम, मुख्यमंत्री ने हरियाणा पवेलियन का उद्घाटन किया। पवेलियन में पहुंचने पर कलाकारों ने हरियाणा वेशभूषा और परंपरागत वाद्य यंत्रों से मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

प्रतिनिधिमंडल में हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, विदेश सहयोग विभाग की आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी. कुमार, उद्योग व वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल, एचएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक डॉ. यश गर्ग और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

राज्य का हर गांव बिजली की रोशनी से जगमगा रहा है। पेयजल और सिंचाई के लिए पर्याप्त नहरें व अन्य साधन उपलब्ध हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में भी यहां आधुनिक शिक्षा के हर संकाय और विषय की शिक्षा देने के लिए अनेक विश्व स्तरीय शिक्षण संस्थान खुल चुके हैं। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार औद्योगिक विकास को गति देने के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का एक इको-सिस्टम तैयार किया है। इससे उद्यमियों में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। सरकार स्टार्टअप और एमएसएमई को बढ़ावा दे रहे हैं।

## प्रदेश में पराली जलाने का एक भी केस न हो, प्रदेश सरकार गंभीर: कृषि मंत्री

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा सरकार धान की फसल के अवशेष (पराली) न जलाए जाएं और उसका प्रबंधन ठीक से हो सके इसको लेकर गंभीर है।

किसान पराली न जला सकें इसके लिए 9036 नोडल अधिकारी लगाए गए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा पराली प्रबंधन के लिए किसानों को प्रति एकड़ 1200 रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाती है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि हरियाणा में फसल अवशेष जलाने का एक भी केस न हो। कृषि मंत्री आज केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा एनसीआर से लगते राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ नई दिल्ली से कृषि भवन से वर्चुअल माध्यम से पराली प्रबंधन को लेकर किए संवाद के दौरान जानकारी दे रहे थे। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने जानकारी दी कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को धान की सीधी बिजाई के लिए 8000 रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से अनुदान दिया गया है। सीधी बिजाई वाली धान की फसल में बीमारी का प्रकोप भी कम है और इस फसल के अवशेष का प्रबंधन भी ठीक से होता। इस दौरान केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने धान की फसल के अवशेष प्रबंधन की अच्छी व्यवस्था करने के लिए हरियाणा सरकार और कृषि मंत्री श्री श्याम सिंह राणा को बधाई दी और अन्य प्रदेशों को भी हरियाणा मॉडल का अनुसरण करने की सलाह दी।



वर्चुअल माध्यम से संवाद करने के बाद कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने चंडीगढ़ में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ भी फसल अवशेष (पराली) प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक की। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं पर नियंत्रण पाएं और किसानों को फसल अवशेष के प्रबंधन के लिए समय पर मशीनरी उपलब्ध कराई जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि कुल 14,088 सब्सिडी वाली मशीनों में से 7,781 मशीनों के बिल पोर्टल पर अपलोड किए जा चुके हैं। जल्द ही पात्र किसानों को सब्सिडी राशि प्रदान की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी, चंडीगढ़ प्रदेश कार्यालय कमलम में भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा, प्रदेश महामंत्री रामवीर भट्टी एवं संजीव राणा, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमित खैरवाल, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, मोर्चा के पदाधिकारी तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने भगवान वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान भगवान वाल्मीकि जी के जीवन दर्शन, उनके आदिकाव्य रामायण के महत्व और उनकी शिक्षाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

### धूमधाम से मनाई महर्षि वाल्मीकि की जयंती

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज के सबसे वंचित वर्ग के उत्थान के लिए अनेक कदम उठाए हैं। महर्षि वाल्मीकि ऐसे ही त्रिकालदर्शी ऋषि थे, जिन्होंने अपने तप और ज्ञान से अंधकार में प्रकाश फैलाया। उन्होंने कहा कि रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन का मार्गदर्शन है। प्रदेष सरकार महर्षि वाल्मीकि, संत कबीर दास, संत रविदास और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी जैसे महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए राज्य स्तर पर जयंती समारोह धूमधाम से मना रही है। हरियाणा के विकास, पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने पानीपत में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि न केवल आदि कवि थे, बल्कि उन्होंने भारत की आत्मा को शब्दों में पिरोया। रामायण जैसे कालजयी महाकाव्य के रचयिता महर्षि वाल्मीकि ने मानवता, करुणा और समरसता का संदेश दिया, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

### पराली जलाने की घटनाओं में 95 प्रतिशत की कमी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार के सख्त प्रवर्तन, जागरूकता और वैकल्पिक उपायों के कारण इस वर्ष पराली जलाने की घटनाओं में 95 फीसदी की गिरावट आई है। 2024-25 में 150 मामलों की तुलना में 2025 में अब तक सिर्फ 7 मामले सामने आए हैं। राज्य में 9,036 नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं, जो रियल-टाइम निगरानी कर रहे हैं। किसानों को 51,526 सीआरएम मशीनें उपलब्ध करवाई गई हैं। पराली खरीद के लिए आईओसीएल के साथ साझेदारी भी की गई है।

## चंडीगढ़ के एलांते मॉल में एशिया किचन बाय मेनलैंड चाइना की नई शुरुआत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



30 वर्षों से अधिक समय से चाइनीज कूजीन प्रेमियों का दिल जीतने के बाद, मेनलैंड चाइना ने अब चंडीगढ़ में एशिया किचन के नए कॉन्सेप्ट के साथ वापसी की है।

यह नया अवतार थाईलैंड, जापान, मलेशिया, बर्मा और सिंगापुर जैसे देशों के प्रामाणिक स्वादों को एक ही जगह पेश करता है। यहां ट्रफल एवोकैडो एडमैम मोनोमाकी, प्रॉन टेंपुरा रोल, 5-स्पाइस ग्रिल्ड लैंब चॉप और जनरल त्सो चिकन जैसे खास व्यंजन मिलेंगे। चंडीगढ़ में पहली बार क्रिस्पी चेउंग फन की पेशकश की गई है। मिठाइयों में लेमनग्रास चीज़केक और पाम जैगरी आइसक्रीम भी शामिल हैं। एलांते मॉल स्थित यह रेस्टोरेंट खुली रसोई, हाई-एनर्जी बार और कंटेम्प्ररी डिजाइन के साथ युवाओं के लिए एक परफेक्ट डाइनिंग डेस्टिनेशन है। लॉन्च पर स्पेशियलिटी रेस्टोरेंट्स लिमिटेड के चेयरमैन अंजन चटर्जी ने चंडीगढ़ को इस फॉर्मेट के लिए आदर्श बताया।

## बाढ़ प्रभावित लड़कियों के लिए आगे आई समाजसेवी डॉक्टर पूजा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ के कारण कई परिवार बुरी तरह प्रभावित हुए हैं और अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं, ऐसे कठिन समय में, समाजसेवी डॉक्टर पूजा सिंह 500 लड़कियों के सहारे के रूप में आगे आई हैं। इस मुफ्त कोर्स योजना के तहत, पंजाब के किसी भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की हर लड़की को 50,000 तक का ब्यूटी कोर्स पूरी तरह निशुल्क दिया जाएगा। ईशान सिंह ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य उन लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाना है जो अपने भविष्य को लेकर परेशान हैं और उन्हें एक नया जीवन मार्ग देना है। गौरतलब है कि डॉ. पूजा सिंह हमेशा से ही लड़कियों के सशक्तिकरण और शिक्षा के लिए कार्य करती रही हैं।

## कुरुक्षेत्र का महर्षि वाल्मीकि मंदिर बनेगा वाल्मीकि समाज की अंतरराष्ट्रीय राजधानी: कृष्ण कुमार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि कुरुक्षेत्र का महर्षि वाल्मीकि मंदिर वाल्मीकि समाज की अंतरराष्ट्रीय राजधानी बनेगा। करोड़ों वर्ष पहले भगवान वाल्मीकि ने महाकाव्य रामायण की रचना कर दुनिया के नागरिकों को जीवन दर्शन दिखाया।

महर्षि वाल्मीकि दुनिया की सबसे बड़ी समरसता को लिखने वाले महापुरुष हैं। इतना ही नहीं अब महापुरुषों के नाम पर शिक्षण संस्थान स्थापित किए जा रहे हैं। कृष्ण कुमार बेदी आज कुरुक्षेत्र की वाल्मीकि धर्मशाला में महापुरुष सम्मान व विचार योजना के तहत आयोजित जिला स्तरीय महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हमारे महापुरुषों ने देश और समाज को आगे बढ़ाने के लिए अपनी शिक्षाओं को किताबों में समझाया था।

उन शिक्षाओं को हमारे समाज के कुछ महापुरुषों ने आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब सुनहरा कालखंड शुरू हो चुका है। फिर भी पूर्ण सनातन भारत बनाने में बहुत लंबा समय लगेगा और इस लंबे समय को कम करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रयास करके कम करना होगा। कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि कुरुक्षेत्र में महर्षि वाल्मीकि मंदिर अभी स्वरूप ले रहा है, जिसको पूरे देश के वाल्मीकि समाज की अंतरराष्ट्रीय राजधानी बनाएंगे। देश के किसी भी हिस्से से यदि वाल्मीकि समाज के लोग ब्रह्मसरोवर पर आएंगे तो वह एक बार इस मंदिर में जरूर पधारेंगे।

## 1503 मामलों का किया निपटारा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के सहयोग से पूरे भारत में 90 दिनों तक राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान चलाया गया है और इसी के तहत हरियाणा के जिला न्यायालयों में लंबित विभिन्न श्रेणियों के 1503 मामलों का निपटारा किया गया। इसके अतिरिक्त प्रदेश के पुलिस थानों, बिजली निगमों, वाणिज्यिक विवादों आदि के 3880 मामलों का निपटारा मुकदमे-पूर्व चरण में मध्यस्थता के माध्यम से किया गया है। इस अभियान में वादियों, अधिवक्ताओं, मध्यस्थों और आम जनता की उल्लेखनीय भागीदारी होनी है। इस पहल को पूरे भारत में सभी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों और जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के समन्वय से क्रियान्वित किया गया है।

# देश-विदेश

## रायबरेली में इंसान नहीं, संविधान की हत्या भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण: राहुल गांधी

**एजेंसी, रायबरेली**

रायबरेली में मॉब लिंचिंग को लेकर राहुल गांधी ने कहा दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या केवल एक इंसान की नहीं, बल्कि इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। देश में नफरत, हिंसा और भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है।



राहुल ने मंगलवार को एक्स पर लिखा- संविधान की जगह बुलडोजर ने ले ली है, इंसाफ की जगह डर ने, लेकिन यह देश संविधान से चलेगा, भीड़ की सनक से नहीं। भारत का भविष्य समानता और मानवता पर टिका है। मैं परिवार के साथ खड़ा हूं। उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। दरअसल, 2 अक्तूबर को हरिओम पासवान की हत्या हुई थी। शुरू में कहा गया था कि युवक ड्रोन चोर था। उसी दिन युवक को पीटने और उसकी लाश के वीडियो भी सामने आए थे। इसके बाद 4 अक्टूबर को एक और वीडियो सामने आया, जिसमें मार खाते हुए युवक राहुल गांधी का नाम लेता है। इस पर भीड़ में से एक शख्स कहता है, यहां सब 'बाबा' वाले हैं। इस मामले में लापरवाही करने पर ऊंचाहार थाना अध्यक्ष संजय कुमार समेत 6 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं, 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। रविवार रात राहुल ने परिवार से फोन पर बात की थी। कहा था- परेशान मत होइए, कांग्रेस परिवार आपके साथ है। (अनंत ज्ञान)

## केजरीवाल को दिल्ली में मिला नया बंगला

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आखिर नया बंगला अलॉट हो गया है। केजरीवाल को मुख्यमंत्री आवास छोड़े करीब एक साल हो गया है। अब कोर्ट के आदेश पर उन्हें नया बंगला अलॉट किया गया है। दरअसल, वह एक राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष हैं इसलिए उन्हें आवास मिलना चाहिए। इसे लेकर आम आदमी पार्टी अदालत गई थी। अदालत के आदेश पर केजरीवाल को यह बंगला उपलब्ध कराया गया है। एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को 95, लोधी एस्टेट स्थित टाइप 7 बंगला अलॉट किया गया है। अब केजरीवाल इसे बंगले में परिवार के साथ रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

## पाकिस्तान के क्वेटा में जाफर एक्सप्रेस में बम धमाका, पटरी से उतरी ट्रेन, 7 यात्री घायल

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के क्वेटा में जाफर एक्सप्रेस को एक बार फिर निशाना बनाया गया।

ट्रेन को टारगेट करते हुए बम धमाका किया गया है। धमाके की वजह से ट्रेन पटरी से उतर गई, जिसमें 7 लोग घायल हुए हैं। बम धमाके की जिम्मेदारी बलूच विद्रोही समूह बलूच रिपब्लिकन गार्ड्स ने जिम्मेदारी ली है, जिस वक्त ट्रेन को निशाना बनाया गया उस वक्त वह पेशावर की ओर जा रही थी। जाफर एक्सप्रेस को इससे पहले भी निशाना बनाया गया था और इस ट्रेन को हाईजैक कर लिया गया था। बलूच रिपब्लिकन गार्ड्स के प्रवक्ता ने एक प्रेस रिलीज जारी कर कहा , हम शिकारपुर-बीआरजी में जाफर एक्सप्रेस पर हुए



विस्फोट की जिम्मेदारी लेते हैं। आज, बलूच रिपब्लिकन गार्ड्स के स्वतंत्रता सेनानियों ने शिकारपुर और जैकोबाबाद के बीच स्थित सुल्तान कोट में रिमोट-कंट्रोल आईडी विस्फोट के साथ जाफर एक्सप्रेस को निशाना बनाया। ट्रेन पर उस समय हमला किया गया जब कब्जा करने वाली पाकिस्तानी सेना के जवान उसमें यात्रा कर रहे थे। (अनंत ज्ञान)

## ईडी की दिल्ली-मुंबई समेत 15 ठिकानों पर छापेमारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ईडी ने टेक सपोर्ट स्कैम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, हरियाणा और मुंबई में स्थित 15 परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत यह जांच दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज कई एफआईआर के आधार पर शुरू की गई थी। जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने दिल्ली के रोहिणी, पश्चिम विहार और राजौरी गार्डन में कई फर्जी कॉल सेंटर संचालित कर रखे थे। इन कॉल सेंटरों से ठग खुद को चार्ल्स श्वाब फाइनेंशियल सर्विसेज, माइक्रोसॉफ्ट और एप्पल जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के ग्राहक सहायता प्रतिनिधि या फिर पुलिस व जांच अधिकारी बताकर विदेशी नागरिकों को निशाना बनाते थे। वे लोगों को गिरफ्तारी की धमकी देकर उनकी आर्थिक संपत्तियां ठगते और वसूलते थे। (अनंत ज्ञान)

## नेपाल में आम चुनाव के कार्यक्रम को दी मंजूरी

**अनंत ज्ञान, काठमांडू।** नेपाल के शीर्ष निर्वाचन निकाय ने सोमवार को प्रतिनिधि सभा के पांच मार्च को होने वाले चुनाव के कार्यक्रम को मंजूरी दे दी। एक बयान में, चुनाव आयोग ने कहा कि स्वीकृत समय-सारिणी में पंजीकरण, मतदान और मतगणना सहित सभी प्रमुख प्रक्रियाओं का उल्लेख है। कार्यक्रम के अनुसार, राजनीतिक दलों को 16 से 26 नवंबर तक चुनाव के लिए पंजीकरण कराना होगा। यदि कोई नया राजनीतिक दल चुनाव में भाग लेना चाहता है, तो उसे 15 नवंबर तक पंजीकरण कराना होगा। राजनीतिक दलों को 15 फरवरी से दो मार्च तक 15 दिनों की अवधि के लिए अपना चुनाव प्रचार अभियान चलाने की अनुमति होगी। इसमें कहा गया है कि पार्टियों को आनुपातिक चुनाव के लिए दो और तीन जनवरी, 2026 को अपनी सूची प्रस्तुत करनी होगी। मतदान पांच मार्च, 2026 को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। मतपेटियों को एकत्र करने के बाद उसी दिन मतगणना की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## मैक्रों पर राजनीतिक गतिरोध खत्म करने का दबाव बढ़ा

**एजेंसी, पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पर प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू के इस्तीफा देने के बाद से उत्पन्न राजनीतिक संकट को समाप्त करने के लिए दबाव बढ़ गया है। निर्वतमान प्रधानमंत्री लेकोर्नू ने इस संकट के समाधान के लिए विभिन्न दलों के सदस्यों के साथ मंगलवार से दो दिनों की बातचीत शुरू कर दी है। यह फ्रांस का अबतक का सबसे गहरा राजनीतिक संकट माना जा रहा है। सोमवार को लेकोर्नू और उनके सहयोगियों का इस्तीफा उस समय आया जब सहयोगी दलों के साथ विरोधी दलों ने भी उन्हें अस्वीकार कर दिया था। यह आधुनिक फ्रांसीसी इतिहास की सबसे छोटी अवधि वाली सरकार साबित हुई। लेकोर्नू सिर्फ 27 दिन ही पद पर रहे, जो विगत दो साल में देश के पांचवें प्रधानमंत्री थे। इस बीच मैक्रों ने सोमवार को लेकोर्नू को बातचीत का जिम्मा सौंपा जिसमें उनके लिए समाधान निकालने को लेकर बुधवार तक की समय सीमा तय की गई है। हालांकि इस बाबत लेकोर्नू की भूमिका अभी तक साफ नहीं है। यह संकट पिछले साल जून में यूरोपीय संसद के चुनावों में दक्षिणपंथी उभार के बाद मैक्रों द्वारा किए गए स्नैप चुनावों से उपजा, जिसके परिणामस्वरूप संसद में कोई स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। उधर, अब मैक्रों के विकल्प सीमित हो गए हैं। वह नया प्रधानमंत्री नामित कर सकते हैं। हालांकि समाजवादी दलों ने वाम पक्ष के नेता को नियुक्त करने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

## कैलिफोर्निया में हेलिकॉप्टर क्रैश होकर हाईवे पर गिरा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अमेरिका के कैलिफोर्निया में हेलिकॉप्टर क्रैश होने से सनसनी फैल गई। इस घटना में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह हादसा सोमवार की शाम को कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में हुआ। घटना की सूचना मिलते ही फायर विभाग के लोग मौके पर पहुंचे।

हवा में उड़ान भरने के दौरान हेलिकॉप्टर अचानक क्रैश हो गया। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। आसमान में आग का गोला बनने के बाद हेलिकॉप्टर हाईवे पर जा गिरा। कैलिफोर्निया में क्रैश हुआ हेलिकॉप्टर इमरजेंसी मेडिकल सर्विस मुहैया करवाता था।



हेलिकॉप्टर ने पास के ही एक अस्पताल से उड़ान भरी थी। वहीं, हेलिकॉप्टर कैसे क्रैश हुआ? यह अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### 3 लोग घायल

**हेलिकॉप्टर** क्रैश होने से 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सैक्रामेंटो की मेयर केविन के अनुसार, नेशनल हाईवे 50 पर हेलिकॉप्टर गिरा था। यह बेहद भयानक घटना थी। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## भौतिकी के लिए नोबेल पुरस्कार का ऐलान 3 अमेरिकी वैज्ञानिकों को दिया गया सम्मान

**एजेंसी, स्कॉटहोम**

भौतिकी में नोबेल पुरस्कार की घोषणा हो चुकी है। जॉन क्लार्क, मिशेल माइकल डेवोरेट और जॉन एम. मार्टिनिस को क्वांटम मैकेनिक्स में खोज के लिए नोबेल प्राइज से नवाजा जाएगा।

नोबेल पुरस्कार पाने वाले तीनों अमेरिकी वैज्ञानिक हैं। स्वीडन की रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने इसकी घोषणा की है। भौतिकी का नोबेल पुरस्कार 2025 कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी, बर्कले के जॉन क्लार्क, येल यूनिवर्सिटी और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा के मिशेल



एच डेवोरेट और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा के जॉन एम. मार्टिनिस को प्रदान किया जाएगा। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने इलेक्ट्रिक सर्किट में मैक्रोस्कोपिक क्वांटम मैकेनिकल टनलिंग और ऊर्जा क्वांटीकरण की खोज के लिए उनके अग्रणी कार्य को मान्यता दी, जो मानवीय पैमाने पर क्वांटम परिघटनाओं को प्रदर्शित करने की खोज में एक सफलता का प्रतीक है। मालूम हो कि विजेताओं को 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना ( भारतीय रुपयों में 10.3 करोड़), सोने का मेडल और सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इन शोधकर्ताओं को पुरस्कार के संस्थापक अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि 10 दिसंबर को एक समारोह में औपचारिक रूप से स्टॉकहोम में पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## जापान: एलडीपी अध्यक्ष ताकाइची ने पूर्व पीएम असो को पार्टी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया

**एजेंसी, टोक्यो**

लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) की अध्यक्ष साने ताकाइची ने पूर्व प्रधानमंत्री और शिनबो आबे मंत्रिमंडल में बतौर वित्त मंत्री काम कर चुके 85 साल के तारो असो को पार्टी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। जापानी न्यूज एजेंसी क्योदो ने इसकी जानकारी दी।

ताकाइची ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री और लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के सर्वोच्च सलाहकार असो को अपनी सत्तारूढ़ पार्टी का उपाध्यक्ष चुना। ताकाइची ने पूर्व वित्त मंत्री और असो के रिश्तेदार 72 वर्षीय शुनिची सुजुकी को एलडीपी का महासचिव भी चुना है। यह पद पार्टी के मामलों में काफी प्रभाव रखता है। मंगलवार को पार्टी के प्रमुख पदों की घोषणा की गई। ताकाइची शनिवार को ही पार्टी प्रमुख चुनी गई थीं। यह चुनाव उनके जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बनने की राह आसान करता है। असो के अलावा, ताकाइची ने पूर्व आर्थिक सुरक्षा मंत्री 50 वर्षीय ताकायुकी कोबायाशी को भी नया मुख्य नीति निर्माता नियुक्त किया। वो भी उन चार लोगों में शामिल थे जो हाल ही में संपन्न एलडीपी अध्यक्ष पद चुनाव लड़ चुके हैं। ताकाइची ने महिला सशक्तिकरण मामलों की पूर्व मंत्री, 55 वर्षीय हारुको अरिमुरा को निर्णय लेने वाली सामान्य परिषद का प्रमुख चुना है, जबकि जापान के राष्ट्रीय जन सुरक्षा आयोग का नेतृत्व कर चुके 72 वर्षीय केजी फुरुया को चुनाव रणनीति प्रमुख नियुक्त किया गया है। (अनंत ज्ञान)

**मांग** वर्ल्ड बैंक रिपोर्ट, भारत की अर्थव्यवस्था को घरेलू मांग से मिली मजबूती

## भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.5 फीसदी किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वर्ल्ड बैंक की ओर से मंगलवार को भारत के वृद्धि दर के अनुमान को वित्त वर्ष 26 के लिए 6.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है।

इसकी वजह मजबूत घरेलू मांग, ग्रामीण मांग में रिकवरी और कर सुधारों का सकारात्मक प्रभाव है। वर्ल्ड बैंक ने रिपोर्ट में आगे कहा कि भारत इस साल भी दुनिया की सबसे तेज बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। रिपोर्ट में वित्त वर्ष 26 में बांग्लादेश की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है, जबकि भूटान के लिए हाइड्रोपावर कंस्ट्रक्शन में देरी के कारण वित्त वर्ष 26 के लिए पूर्वानुमान को घटाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया गया है, लेकिन वित्त वर्ष 27 में निर्माण की गति बढ़ने पर इसमें बदलाव होने की उम्मीद है। वहीं, वित्त वर्ष 26 में मालदीव में विकास दर धीमी होकर 3.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि नेपाल में, हाल की अशांति और बढ़ी हुई राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता के कारण वित्त वर्ष 26 में विकास दर घटकर 2.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। (अनंत ज्ञान)

### दक्षिण एशिया में अपार आर्थिक क्षमताएं: जोहान्स

**विश्व** बैंक के दक्षिण एशिया वाइस प्रेसिडेंट जोहान्स जुट ने कहा, दक्षिण एशिया में अपार आर्थिक क्षमताएं हैं और यह अभी भी दुनिया में सबसे तेजी से विकास करने वाला क्षेत्र है, लेकिन देशों को विकास के जोखिमों से सक्रिय रूप से निपटने की जरूरत है। आरबीआई ने अक्टूबर एमपीसी में चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। साथ ही, केंद्रीय गवर्नर ने कहा कि पहली तिमाही में जीडीपी में देखी गई तेजी बनी हुई है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी की विकास दर 7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.4 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 6.2 प्रतिशत रह सकती है। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 26 (चालू वित्त वर्ष) के लिए रिटेल महंगाई दर के अनुमान को घटाकर 2.6 प्रतिशत कर दिया, जो कि अगस्त 3.1 प्रतिशत पर था।

## हरे निशान पर बंद शेयर बाजार, सेंसेक्स 136 अंक चढ़ा, निफ्टी 25100 के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में मंगलवार को लगातार चौथे दिन बढ़त दर्ज की गई।

ब्लू-चिप बैंक शेयरों में तेजी और घरेलू संस्थागत निवेशकों की लिवाली से यह बढ़त दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 136.63 अंक या 0.17 प्रतिशत उछलकर 81,926.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 519.44 अंक या 0.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,309.56 अंक पर पहुंच गया। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 30.65 अंक या 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,108.30 पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 4 पैसे गिरकर 88.78 (अनंतिम) पर आ गया। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### स्मृति मंधाना आईसीसी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार

**एजेंसी, दुबई।** मौजूदा महिला एकदिवसीय विश्व कप के दो मैच में कमजोर प्रदर्शन के बावजूद भारत की स्टार क्रिकेटर स्मृति मंधाना आईसीसी महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं, लेकिन उनकी बढ़त कम हो गई है। स्मृति के 791 रेटिंग अंक हैं और वह इंग्लैंड की नेट स्किवर ब्रंट से 60 अंक आगे हैं। विश्व कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन महिला एकदिवसीय मैच की शृंखला में लगातार दो शतक जड़ने वाली स्मृति श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ आठ, जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 23 रन ही बना सकीं। ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 713 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स (706) और ऑस्ट्रेलिया की एश्लेग गार्डनर (697) न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जड़ने के बाद आईसीसी रैंकिंग में क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। ताजमिन को दो जबकि गार्डनर को सात स्थान का फायदा हुआ है और ये दोनों अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गई हैं। (अनंत ज्ञान)

### भारत के तीन खिलाड़ियों को प्री-क्वार्टर फाइनल में करना पड़ा हार का सामना

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के वेलावन सेंथिलकुमार, वीर चोटरानी और रमित टंडन को न्यूयॉर्क में 74 हजार डॉलर इनामी पीएसए कांस्य प्रतियोगिता ओपन स्क्वाश क्लासिक के प्री-क्वार्टर फाइनल में सोमवार को अपने-अपने मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। गत राष्ट्रीय चैंपियन और दुनिया के 45वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार को मैक्सिको के चौथे वरीय लियोनेल कार्डेनास के खिलाफ 7-11, 6-11, 4-11 से शिकस्त झेलनी पड़ी, जबकि आठवें वरीय टंडन को इंग्लैंड के एड्रियन वालेर के खिलाफ 11-6, 9-11, 8-11, 11-8, 7-11 से हार मिली। चोटरानी को फ्रांस के दूसरे वरीय विक्टर क्रोइन के खिलाफ 1-11, 8-11, 5-11 से हार का सामना करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

### 3 भारतीय आईसीसी के सितंबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामांकित

**एजेंसी, दुबई।** भारत के करिश्माई खिलाड़ी अभिषेक शर्मा, कुलदीप यादव (पुरुष वर्ग में) और स्मृति मंधाना (महिला वर्ग में) को सितंबर महीने के लिए 'आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। बाएं हाथ के टी20 विशेषज्ञ बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने यूएई में खेले गए एशिया कप में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सात टी20 मैच में तीन अर्धशतक की मदद से 314 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 200 रहा और उन्हें इस टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस 25 साल के बल्लेबाज ने पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय इतिहास की सर्वाधिक रेटिंग 931 अंक (बल्लेबाजी) भी हासिल की। रिस्पर गेंदबाज कुलदीप ने भी इस टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। उन्होंने एशिया कप में 6.27 की इकोनॉमी दर से गेंदबाजी करते हुए 17 विकेट चटकाए। एशिया कप में उन्होंने अपना अभियान यूएई के खिलाफ सात रन पर चार विकेट के साथ शुरू किया जबकि फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ 30 रन पर चार विकेट लेकर भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका अदा की। जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट इस नामांकन को हासिल करने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। उन्होंने सितंबर में नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 497 रन बनाए। उनका औसत 55.22 और स्ट्राइक रेट 165.66 का रहा। (अनंत ज्ञान)

### आनंद और कास्परोव के बीच 30 साल बाद फिर होगा मुकाबला

**एजेंसी, सेंट लुई (अमेरिका)।** पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद और गैरी कास्परोव 30 साल बाद अपनी प्रतिद्वंद्विता को फिर जीवंत करेंगे, जब वे बुधवार से यहां 'क्लच शतरंज: द लीजेंड्स टूर्नामेंट' में आमने-सामने होंगे। इस 12 बाजी वाले शतरंज मुकाबले की कुल इनामी राशि 1,44,000 डॉलर होगी और इसका आयोजन नवीनीकृत सेंट लुई शतरंज क्लब में किया जाएगा। वर्ष 1995 में न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 107वीं मंजिल पर क्लासिकल विश्व चैंपियनशिप मैच खेलने के बाद खेल के ये दो दिग्गज रैपिड एवं ब्लिट्ज प्रारूप में एक बार फिर आमने-सामने होंगे जिसे हाल ही में फ्रीस्टाइल शतरंज का नाम दिया गया है। कास्परोव ने आनंद के खिलाफ उस मुकाबले में दबदबा बनाया था और 20 बाजी का मुकाबला 10.5-7.5 से जीता था। 2004 में संन्यास लेने के बाद से कास्परोव केवल प्रदर्शनी या ब्लिट्ज प्रतियोगिताओं में ही खेले हैं, जबकि आनंद अब कभी-कभार शीर्ष प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हैं। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रतिदिन चार बाजी होंगी जिसमें दो रैपिड और दो ब्लिट्ज बाजी होंगी। (अनंत ज्ञान)

### एना मारिया की दुनिया दीवानी

**क्रोएशिया।** एना मारिया मार्कोविक को दुनिया की सबसे खूबसूरत फुटबॉलर माना जाता है। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग भी 2.3 मिलियन है। हालांकि, एना खुद को दुनिया की सबसे खूबसूरत फुटबॉलर नहीं मानती हैं।



### पाक बल्लेबाज मुनिबा अली को रन आउट देने का निर्णय सही

**एजेंसी, लंदन।** मैरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने पुष्टि की कि भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए महिला विश्व कप 2025 मैच में पाकिस्तान की बल्लेबाज मुनिबा अली को रन आउट दिए जाने का अंपायर का निर्णय पूरी तरह से नियमों के अनुरूप था। यह घटना पाकिस्तान की पारी के चौथे ओवर में घटी, जब भारत की दीप्ति शर्मा ने एक असफल एलबीडब्ल्यू अपील के तुरंत बाद गेंद को स्टंप्स पर मार दिया। उस समय मुनिबा क्रीज से बाहर खड़ी थीं और उन्हें रन आउट घोषित कर दिया गया। विवाद इस बात को लेकर था कि क्या एलबीडब्ल्यू अपील के बाद गेंद 'डेड' हो चुकी थी और क्या बल्लेबाज को रन आउट किया जा सकता है, जबकि वह रन लेने का प्रयास नहीं कर रही थी। एमसीसी ने कहा कि यहां कई नियमों पर विचार करना आवश्यक है। सबसे पहले और सरल बात यह है कि सिर्फ अपील होने से गेंद डेड नहीं हो जाती। अपील 'नॉट आउट' दी गई थी, गेंद विकेटकीपर के पास स्थिर नहीं थी, और दीप्ति शर्मा की कार्रवाई से स्पष्ट था कि सभी खिलाड़ियों ने गेंद को डेड नहीं माना था, इसलिए, गेंद खेल में थी। (अनंत ज्ञान)

---

#### भारत के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियन स्क्वॉड का ऐलान

# लाबुशेन बाहर, स्टार्क की वापसी

**एजेंसी, मेलबर्न**

**ऑस्ट्रेलिया** ने भारत के खिलाफ होने वाली वनडे और टी-20 सीरीज के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। स्टार बैटर मार्नस लाबुशेन को वनडे टीम से बाहर कर दिया गया है। मैट रेनशॉ को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा, मिचेल स्टार्क की वनडे क्रिकेट में वापसी हुई है, जो पिछले साल नवंबर के बाद पहली बार इस फॉर्मेट में खेलेंगे। टीम इंडिया इस महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी, जहां उसे तीन वनडे और पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला वनडे 19 अक्तूबर को पर्थ में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने तीन वनडे और पहले दो टी-20 मुकाबलों के लिए टीम ऐलान किया है। (अनंत ज्ञान)

**पहली बार रेनशॉ को मिली जगह**




**लाबुशेन का हालिया प्रदर्शन खराब रहा**

**मार्नस** लाबुशेन को वनडे टीम से बाहर करने की सबसे बड़ी वजह उनका खराब प्रदर्शन रहा है। उन्होंने अपनी पिछली 10 पारियों में सिर्फ 138 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका बेस्ट स्कोर 47 रन रहा है।

**वनडे टीम**

**मिचेल** मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स केरी (विकेटकीपर), कूपर कॉनोली, बेन ड्वार्शुइस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), मिचेल ओवेन, मैट रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल स्टार्क, एडम जंपा।

**पहले दो टी-20 मैच की टीम**

**मिचेल** मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, टिम डेविड, बेन ड्वार्शुइस, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), मैथ्यू कुहनेमन, मिचेल ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, एडम जंपा।

**रेनशॉ को लिस्ट-ए क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन का इनाम**

रेनशॉ को लिस्ट-ए क्रिकेट में लगातार अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया-ए की ओर से श्रीलंका के खिलाफ डार्विन में शतक जड़ा था। 50 ओवर फॉर्मेट में वे आमतौर पर नंबर 3 या 4 पर बल्लेबाजी करते हैं और नवंबर 2021 से उन्होंने 48.68 की औसत से रन बनाए हैं, जिसमें 6 शतक शामिल हैं। रेनशॉ पहले भी 2022 में पाकिस्तान दौरे के लिए टीम में चुने गए थे, लेकिन तब उन्हें डेब्यू का मौका नहीं मिला था। अब उनके पास भारत के खिलाफ पहली बार वनडे में खेलने का मौका है।

**केरी पहले मैच से बाहर**

**तेज** गेंदबाज मिचेल स्टार्क की वनडे टीम में वापसी हुई है। वहीं, विकेटकीपर एलेक्स केरी पहले मैच (पर्थ) में नहीं खेलेंगे, क्योंकि वे अपने राज्य साउथ ऑस्ट्रेलिया के लिए शेफील्ड शील्ड मैच में खेलेंगे। ग्लेन मैक्सवेल टूटी हुई कलाई के कारण टी-20 सीरीज से बाहर रहेंगे। कैमरन ग्रीन वनडे टीम में शामिल हैं, लेकिन टी-20 नहीं खेलेंगे, ताकि इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए शेफील्ड शील्ड में हिस्सा ले सकें।

---

# महिला विश्व कप : आज पाक से भिड़ेगी मजबूत ऑस्ट्रेलिया टीम

**एजेंसी, कोलंबो**

**अपने** अभियान की शानदार शुरुआत करने वाली ऑस्ट्रेलिया टीम बुधवार को आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप मैच में पाकिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। पाकिस्तान को टीम टूर्नामेंट में लय हासिल करने के लिए जूझ रही है इस वैश्विक प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया का शानदार प्रदर्शन अन्य टीम के प्रदर्शन से बिल्कुल अलग रहा है। एलिसा हीली की अगुवाई वाली टीम अब तक टूर्नामेंट में 300 से अधिक का स्कोर बनाने वाली एकमात्र टीम रही है और पिछले दो मैच में बांग्लादेश और भारत के खिलाफ कमजोर दिखे पाकिस्तान के खिलाफ एक और बड़ा स्कोर खड़ा कर सकती है।

ऑस्ट्रेलिया ने 300 से अधिक का स्कोर खड़ा करने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन की आसान जीत दर्ज की थी। टीम की नजरें रिकॉर्ड में सुधार करने वाले आठवें विश्व कप खिताब पर टिकी हैं। हालांकि सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली, बेथ मूनी और एनाबेल सदरलैंड जैसी बल्लेबाज लड़खड़ा रही हैं, लेकिन एश्ले गार्डनर ने इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में शानदार शतक जड़कर अंत में मुकाबला एकतरफा बना दिया। एनाबेल सदरलैंड की तेज गेंदबाजी और सोफी मोलिन्यू की स्पिन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गेंदबाजी विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और इंग्लैंड, भारत तथा दक्षिण अफ्रीका जैसी कड़ी टीमों से मुकाबला करने से पहले टीम पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अपनी रणनीति को और मजबूत करने की कोशिश करेगी। बांग्लादेश और भारत के खिलाफ हार के बाद पाकिस्तान आठ टीम के टूर्नामेंट में अभी अंतिम स्थान पर है। (अनंत ज्ञान)

**लय हासिल करने के लिए जूझ रही पाक टीम**

**संभावित टीमें**

**ऑस्ट्रेलिया:** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, एश्ले गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, एलेना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैक्ग्रा, सोफी मोलिन्यू, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगान शुट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल और जॉर्जिया वेयरहैम।

**पाकिस्तान:** फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, एयमान फातिमा, मुनीबा अली, नशरा संधू, नतालिया परवेज, ओमैमा सोहेल, रमीन शमीम, सदफ शम्स, सादिया इकबाल, शवाल जुल्फिकार, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज और सैयदा अरूब शाह।

---

### किलियन एमबापे के टखने की चोट की होगी जांच: डिडिएर

**एजेंसी, पेरिस।** फ्रांस फुटबाल टीम के कोच डिडिएर डेशॉम्प्स ने बताया कि कप्तान किलियन एमबापे अपने दाएं टखने की जांच कराएंगे, जब वे आगामी 2026 फीफा विश्व कप क्वालिफायर के लिए टीम कैंप में शामिल होंगे। एमबापे को यह चोट शनिवार को रियल मैड्रिड की विल्लारियल के खिलाफ 3-1 की जीत के दौरान लगी थी। इस वजह से उनके फ्रांस टीम के लिए आगामी क्वालिफायर मैचों अजरबैजान और आइसलैंड में खेलने पर संदेह जताया जा रहा है। डेशॉम्प्स ने कहा कि मैंने किलियन से बात की है। उसे थोड़ी सी परेशानी है, लेकिन यह गंभीर नहीं है, वरना वह यहां नहीं होता। हम मेडिकल स्टाफ के साथ मिलकर स्थिति का मूल्यांकन करेंगे और देखेंगे कि यह कैसी रहती है। फिलहाल मेरे पास इससे अधिक जानकारी नहीं है क्योंकि खिलाड़ी शाम करीब 4 बजे पहुंचेंगे, जिसके बाद हम सामान्य प्रक्रिया के तहत स्थिति का आकलन करेंगे। (अनंत ज्ञान)



---

#### महिला वर्ल्ड कप: इंग्लैंड की गेंदबाज सोफी ने झटके 3 विकेट, सोभना ने बनाए सबसे अधिक 60 रन

# बांग्लादेश के 7 बल्लेबाज नहीं छू पाए दहाई का आंकड़ा

**एजेंसी, गुवाहाटी**

महिला वर्ल्ड कप के 8वें मैच में इंग्लैंड ने बांग्लादेश को 178 रन पर ऑलआउट कर दिया है। गुवाहाटी में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। टीम से सोफी एक्लेस्टन ने सबसे ज्यादा 3 विकेट चटकाए।

मंगलवार को बांग्लादेश के 7 बैटर्स दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। टीम से सोभना मोस्तरी ने सबसे ज्यादा 60 रन बनाए।

**अंतिम ओवरों में राबेया खान ने खेली 43 रन की तेज पारी**

अंतिम ओवरों में राबेया खान ने 43 रन की तेज पारी खेली। बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही बांग्लादेश की शुरुआत सही नहीं रही। ओपनर रुबिया हैदर 4 रन बनाकर आउट हो गई। उन्हें लॉरेन बेल ने पवेलियन भेजा। कप्तान निगार सुल्ताना को शून्य के स्कोर पर लिंसी स्मिथ ने आउट कर दिया। इसके बाद शरमीन अख्तर और सोभना मोस्तरी ने पारी को संभाला। दोनों ने मिलकर 60 बॉल पर 34 रन जोड़े। शरमीन 52 बॉल पर 30 रन बनाकर आउट हुई। सोभना की फिफ्टी बांग्लादेश से सबसे ज्यादा 60 रन सोभना मोस्तरी ने बनाए। उन्होंने 108 बॉल का सामना किया। पारी में 8 चौके भी लगाए। उनके अलावा राबेया खान ने मात्र 27 बॉल पर 43 रन बनाए। उन्होंने 6 चौके और एक सिक्स भी लगाया। इंग्लैंड से सोफी एक्लेस्टन ने 3 विकेट लिए। चार्ली डीन, एलिस कैप्सी और लिंसी स्मिथ को 2-2 विकेट मिले। लॉरेन बेल ने एक विकेट निकाला। समाचार लिखे जाने तक इंग्लैंड की टीम ने 20.4 ओवर में चार विकेट खोकर 72 रन बना लिए थे।




---

### ओसाका ने वुहान ओपन में लेला फर्नांडिज को हराया



**एजेंसी, वुहान (चीन)**

**नाओमी** ओसाका ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मंगलवार को यहां लेला फर्नांडिज को हराकर डब्ल्यूटीए 1000 लेवल वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। वर्ष 2017 के बाद यहां पहली बार खेल रही ओसाका ने सेंटर कोर्ट पर दिन के पहले मैच में फर्नांडिज के खिलाफ 4-6, 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। ऐमा राडूकानु जब आन ली के खिलाफ 1-6, 1-4 से पिछड़ रहीं थीं तो उन्हें चक्कर आने के कारण मुकाबले के बीच से हटना पड़ा। सोफिया केनिन ने अनास्तासिया जखारोवा को 3-6, 7-6, 6-3 से हराया। वह दूसरे दौर में 16वें नंबर की खिलाड़ी लुडमिला सैमसोनोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने एमिलियाना एरेंगो को 6-1, 7-5 से शिकस्त दी। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक मेरी बुजकोवा के खिलाफ दूसरे दौर के मुकाबले के साथ वुहान टूर्नामेंट में पदार्पण करेंगी। (अनंत ज्ञान)

### रणजी ट्रॉफी से वापसी कर सकते हैं ऋषभ पंत!

**एजेंसी, बेंगलुरु।** चोट के कारण टीम इंडिया से बाहर चल रहे विकेटकीपर ऋषभ पंत रणजी ट्रॉफी से कॉम्पिटिटिव क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं। हालांकि, यह उनकी फिटनेस पर निर्भर करता है। एक रिपोर्ट में दावा किया है कि पंत ने डीडीसीए के प्रेसिडेंट रोहन जेटली से रणजी ट्रॉफी खेलने की इच्छा जताई है। उन्होंने जेटली से कहा कि उन्हें 25 अक्तूबर से दिल्ली में होने वाले मैच तक फिट हो जाना चाहिए। हालांकि, पंत को बीसीसीआई की मेडिकल टीम से क्लीयरेंस लेना होगा। 28 साल के ऋषभ वर्तमान में बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे हैं। उनकी फिटनेस पर सेंटर के सूत्र ने कहा कि अभी यह तय संभावना यही है कि 10 अक्तूबर तक उन्हें क्लीन चिट मिल जाएगी। इसी हफ्ते उनका निरीक्षण होगा। ऋषभ पंत अपनी इंजरी के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ जारी 2 मैचों की टेस्ट टीम से बाहर हैं। उनकी जगह ध्रुव जुरेल और नारायण जगदीशन को टीम में शामिल किया गया है। इस सीरीज का पहला मुकाबला भारतीय टीम ने पारी और 140 रनों के अंतर से जीता था। टीम 1-0 से आगे है। ऋषभ पंत इंग्लैंड दौरे में चोटिल हुए थे। मैनचेस्टर टेस्ट के पहले दिन क्रिस वोक्स ने यॉर्कर पंत के पंजे पर लगी। (अनंत ज्ञान)



### पीकेएल-12: दबंग दिल्ली ने जयपुर पिंक पैंथर्स को 29-26 से हराया

**एजेंसी, चेन्नई**

**प्रो** कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के 67वें मुकाबले में दबंग दिल्ली केसी ने जयपुर पिंक पैंथर्स को रोमांचक मैच में 29-26 से हराकर अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की। यह इस सीजन में दिल्ली की 10वीं जीत रही, जिससे उसने अंक तालिका में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। जयपुर के लिए यह 12 मैचों में छठी हार रही। दिल्ली की जीत में डिफेंस का अहम योगदान रहा।

संदीप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 अंक लिए, जबकि आशू ने 8 अंक और नीरज ने 4 अंक जुटाए। कप्तान फजल अत्राचली ने भी डिफेंस में तीन महत्वपूर्ण शिकार किए। जयपुर की ओर से रेजामीर बघेरी और दीपांशु ने हाई-5 हासिल किए, लेकिन टीम के रेडर्स उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए, जो हार का मुख्य कारण रहा। मैच की शुरुआत में दिल्ली के आशू ने एक सुपर रेड से टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन जल्द ही जयपुर के दीपांशु ने उन्हें लपक लिया। पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और हाफटाइम तक जयपुर 13-12 से आगे रही।

दूसरे हाफ में दिल्ली ने जबरदस्त वापसी की। नीरज और आशू की जोड़ी ने लगातार अंक जुटाए और जयपुर को ऑल आउट कर दिल्ली को 18-16 की बढ़त दिलाई। दिल्ली की डिफेंस लाइन ने अंत के मिनटों में दबाव बनाए रखा और जयपुर की कोशिशों को नाकाम कर दिया। अंतिम मिनटों में मैच बेहद रोमांचक हो गया। जयपुर ने अंतर घटाकर 26-27 तक लाया, लेकिन अंतिम रेड में नीरज ने समाधी को लपककर दिल्ली को जीत दिला दी। इस जीत के साथ दिल्ली की टीम का आत्मविश्वास चरम पर है और वह अब लीग के प्लेऑफ की दौड़ में मजबूत दावेदार बन गई है। (अनंत ज्ञान)

**दिल्ली की लगातार चौथी जीत**



---

**राष्ट्रमंडल चैंपियन भारोत्तोलक** इंडोनेशिया के रिज्की ने रिकॉर्ड 204 किग्रा वजन उठाकर जीता स्वर्ण

# विश्व चैंपियनशिप में अजय बाबू 16वें स्थान पर

**एजेंसी, फोर्डे (नॉर्वे)**

**राष्ट्रमंडल** चैंपियन भारोत्तोलक अजय बाबू वल्लूरी यहां विश्व चैंपियनशिप में पुरुष 79 किग्रा वर्ग में 16वें स्थान पर रहे, जिससे मीराबाई चानू के 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक के बाद भारतीय खिलाड़ी प्रभावित करने में नाकाम रहे।

बीस साल के अजय ने कुल 323 किग्रा (146 किग्रा स्नैच और 177 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाया और सोमवार को 39 प्रतिभागियों के बीच 16वां स्थान हासिल किया। उन्होंने अगस्त में अहमदाबाद में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में उठाए कुल 335 किग्रा (152 किग्रा और 183 किग्रा) वजन से 12 किग्रा वजन कम उठाया। उन्होंने अहमदाबाद में जीत की बदौलत अगले साल होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई किया था। इंडोनेशिया के रिज्की जुनैनसियाह ने क्लीन एवं जर्क में रिकॉर्ड 204 किग्रा और स्नैच में 162 किग्रा के साथ कुल 361 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पेरिस ओलंपिक 2024 में 73 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।

उत्तर कोरिया के री चोंग सोंग ने कुल 360 किग्रा (163 किग्रा और 197 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक जीता, जबकि मिस्र के मोहम्मद यूनिस (162 किग्रा और 198 किग्रा) ने भी इतना ही वजन उठाकर कांटबैक में कांस्य पदक हासिल किया। रविवार को भारत के अजीत नारायण और सेरम निरुपमा देवी क्रमशः पुरुष 71 किग्रा और महिला 63 किग्रा वर्ग में समान नौवें स्थान पर रहे थे। अजीत ने कुल 320 किग्रा (145 किग्रा और 175 किग्रा), जबकि निरुपमा देवी ने कुल 216 किग्रा (93 किग्रा और 123 किग्रा) वजन उठाया। पूर्व चैंपियन मीराबाई ने प्रतियोगिता के पहले दिन महिला 48 किग्रा वर्ग में कुल 199 किग्रा (84 किग्रा स्नैच और 115 किग्रा क्लीव एवं जर्क) वजन उठाकर रजत पदक जीता था। (अनंत ज्ञान)

**भारतीय खिलाड़ी प्रभावित करने में रहा नाकाम**



### विशाखापट्टनम की संतुलित पिच से भारतीय खिलाड़ियों को मिलेगी राहत

**एजेंसी, विशाखापट्टनम**

**ऑस्ट्रेलिया** और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां दो महत्वपूर्ण मैच खेलने वाली भारतीय टीम के बल्लेबाजों को संतुलित पिच से मिलने वाली मदद से राहत मिलेगी, क्योंकि मेजबान टीम की बल्लेबाजी मौजूदा महिला क्रिकेट विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए संघर्ष कर रही है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम वीरवार को दक्षिण अफ्रीका और 12 अक्तूबर को गत विजेता ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में भिड़ेगी। यह मैदान 23 जनवरी 2014 को श्रीलंका के खिलाफ भारत के मैच के बाद 11 साल के अंतराल पर किसी महिला एकदिवसीय मैच की मेजबानी कर रहा है। आंध्र क्रिकेट संघ (एसीए) के एक अधिकारी ने बताया कि अगर आप आईपीएल सहित पिछले कुछ मैचों पर नजर डालें तो पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार होगी। अगर ओस नहीं होगी तो गेंदबाजों, विशेषकर स्पिनरों को मैच आगे बढ़ने पर कुछ मदद मिलेगी। भारतीय महिला टीम ने गुवाहाटी और कोलंबो में क्रमशः आठ विकेट पर 269 रन (श्रीलंका के खिलाफ) और 247 रन (पाकिस्तान के खिलाफ) बनाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 12 अक्तूबर को होने वाले मैच से पहले एसीए-वीडीसीए स्टेडियम के स्टैंड को पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज और विकेटकीपर रवि कल्पना का नाम दिया जाएगा। यह फैसला भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना द्वारा अगस्त में 'ब्रेकिंग द बाउंड्रीज' कार्यक्रम के दौरान आंध्र प्रदेश के आईटी मंत्री नारा लोकेश को दिए गए सुझाव के बाद लिया गया। (अनंत ज्ञान)

**कल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरेगी भारतीय टीम**